हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • सोमवार • 18.05.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 290 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 4 रुपये
RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### बागेश्वर धाम से लौट रहे 4 की मौत

**हमीरपुर** : उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर छिरका गांव के पास ओवरटेक करने के प्रयास में एक तेज रफ्तार कार और डंपर के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।

### राजधानी एक्सप्रेस में लगी आग, यात्री सुरक्षित

**रतलाम** : केरल के तिरुवनंतपुरम से हजरत निजामुद्दीन (दिल्ली) जा रही राजधानी एक्सप्रेस में रविवार तड़के अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के आलोट क्षेत्र में लूणी रीछा और विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन के बीच हुई। आग ट्रेन के एसी कोच बी-1 में लगी, जिसमें उस समय 68 यात्री सवार थे। घटना सुबह करीब 5:15 से 5:30 बजे के बीच की बताई जा रही है। ट्रेन संख्या 12431 त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस रतलाम जंक्शन से रात लगभग 3:45 बजे रवाना हुई और उसका अगला ठहराव कोटा जंक्शन था, लेकिन राजस्थान में प्रवेश करने से पहले ही ट्रेन हादसे का शिकार हो गई।

# प्रधानमंत्री पहुंचे स्वीडन : व्यापार, एआई व रक्षा सहयोग पर हो सकता है समझौता

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पाँच देशों की यात्रा के तीसरे चरण में रविवार शाम स्वीडन के गोथेनबर्ग पहुँचे। जब प्रधानमंत्री का विमान स्वीडन की सीमा में दाखिल हुआ, तब वहां के ग्रिपेन लड़ाकू विमानों ने उनके विमान को सुरक्षा घेरा (एस्कॉर्ट) प्रदान किया। हवाई अड्डे पर स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने स्वयं उपस्थित रहकर उनका भावभीना स्वागत किया।

### यूरोपीय उद्योग मंच को करेंगे संबोधित

दोनों नेता संयुक्त रूप से यूरोपीय उद्योग गोलमेज सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। इस विशेष कार्यक्रम में यूरोपीय आयोग की अध्यक्षा उसुर्ला वॉन डेर लेयेन भी उपस्थित रहेंगी। यह मंच यूरोप के बड़े औद्योगिक घरानों और व्यापारिक समूहों का एक प्रमुख केंद्र माना जाता है।

### नीदरलैंड की यात्रा रही बेहद सफल

स्वीडन रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी नीदरलैंड की दो दिवसीय यात्रा पर थे, जहाँ उन्हें विदा करने के लिए वहां के प्रधानमंत्री रॉब जेटन स्वयं हवाई अड्डे पर आए।

**17 समझौतों पर हस्ताक्षर:** दोनों देशों के बीच रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और जल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए सत्रह समझौतों पर मुहर लगी।

**ऐतिहासिक बांध का दौरा:** दोनों मुख्यमंत्रियों ने प्रसिद्ध अफ्सलाउटडाइक बांध का दौरा किया। यह अनुभव भारत के गुजरात में चल रही महत्वाकांक्षी कल्पसर परियोजना (खंभात की खाड़ी में मीठे पानी का जलाशय बनाने की योजना) के लिए बेहद मददगार साबित हो सकता है।

**निवेश का निमंत्रण:** प्रधानमंत्री मोदी ने नीदरलैंड की बड़ी कंपनियों के प्रमुखों से मुलाकात की और उन्हें भारत के बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया।

### प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने हवाई अड्डे पर मोदी का किया गर्मजोशी से स्वागत



### इन मुख्य विषयों पर होगी द्विपक्षीय वार्ता

स्वीडन की इस दो दिवसीय यात्रा के दौरान दोनों देशों के राष्ट्रध्यक्षों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी:

**व्यापार और निवेश:** आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना।

**कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक तकनीक:** तकनीकी क्षेत्र में मिलकर काम करना।

**रक्षा और अंतरिक्ष सहयोग:** सुरक्षा और ब्रह्मांडीय अनुसंधान में भागीदारी बढ़ाना।

पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन: हरित ऊर्जा और पर्यावरण सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना।

**मजबूत आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन):** व्यापारिक सामानों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना।

# शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई जेपीएससी बैकलॉग पीटी परीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित बैकलॉग भर्ती परीक्षा 2025 की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को रांची के 64 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। कुल 45 पदों के लिए आयोजित इस परीक्षा में लगभग 30 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई थी।

परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की भीड़ देखने को मिली। कई परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के स्तर और संभावित कटऑफ को लेकर चर्चा करते नजर आए। प्रशासन और आयोग की ओर से परीक्षा को कदाचारमुक्त और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

# जेल से छूटते ही आलमगीर का बड़ा एलान, 2029 का चुनाव नहीं लड़ेंगे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : मनी लॉन्ड्रिंग मामले में करीब दो साल बाद अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आए झारखंड के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम ने बड़ा राजनीतिक ऐलान किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे आगामी 2029 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पिछली बार मंत्री बनते ही उन्होंने तय कर लिया था कि यह उनका अंतिम चुनाव होगा और इसके बाद वे सिर्फ समाज सेवा करेंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि समय और परिस्थिति सबसे बलवान होती है।

जेल के अनुभवों पर भावुक होते हुए पूर्व मंत्री ने कहा, बुरा वक्त ही इंसान को असली और नकली रिश्तों की पहचान कराता है। उन्होंने साफ किया कि राजनीतिक जीवन में उन्होंने कभी किसी की दरबारी नहीं की।

भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी के बयान पर पलटवार करते हुए आलमगीर ने कहा कि वे पूरी तरह दोषमुक्त होने पर ही विरोधियों को जवाब देंगे। उन्हें देश की न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। उन्होंने अपनी अनुपस्थिति में पत्नी को रिकॉर्ड मतों से जिताने के लिए क्षेत्र की जनता का आभार जताया।



## एक नजर

### तलासवर पंचायत में शुक्ल तुरी और ग्रामीणों के सहयोग से बनी नई सड़क



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तलासवर पंचायत के कोयलंग निमियाटोला के पुराने सरकारी विद्यालय के पास मुख्य सड़क से लेकर धोबी टांड होते हुए धोबी टोला को जोड़ा जाएगा इस सड़क को बनाने से ग्रामीणों में खुशी का लहर देखा गया पुर्व मुखिया शुक्ल तुरी ने कहा कि इस सडक को बनाने से हजारो लोगो को फयदा मिलेगा और लोग असनी से धोबी टोला होते हुवे उरीमारी मुख्य सड़क से जुड सकते हैं। इस सड़क को बनाने से दर्जनों गाँव को लाभ मिला सकता है मौके पर उपस्थिति जागेश्वर तुरी, एतवा तुरी, प्रमोद मिर्धा, गणेश कुमार दास, गिरधारी महतो, प्रदीप महतो, राहुल मिर्धा, सोमर महतो, बालेश्वर महतो, एंव ग्रमीण उपस्थित थे।

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**गढ़वा :** भवनाथपुर थाने की पुलिस ने चेरवाडीह गांव से अवैध देशी कट्टा के साथ अशोक कुमार नामक एक युवक को गिरफ्तार किया है। वह मेराल थाना क्षेत्र के भिमखांड़ गांव का रहने वाला है। यह जानकारी एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह ने दी। वे रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ चेरवाडीह गांव में गांव के ही गुना कुमार के साथ मारपीट कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर आरोपित युवक को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने युवक के पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद किया है। जांच में पता चला कि अशोक अपने ससुराल में आया था। अशोक के द्वारा गांव के ही गुना कुमार के साथ ठेकेदारी विवाद में 8 हजार रुपये के बकाया को लेकर मारपीट की जा रही थी। पुलिस ने अशोक कुमार के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### प्रधान जिला जज ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण

**खूंटी :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) रांची के निर्देश पर रविवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी रसिकेश कुमार ने बाल देखरेख संस्थान (सीसीआई) सहयोग विलेज हुटार, आशा किरण फुदी तथा वृद्धाश्रम पिपराटोली का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सीअल्ताफ खान तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कमलेश बेहरा भी उपस्थित रहे।
निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों की देखरेख, संरक्षण और पुनर्वास के लिए संचालित संस्थान किशोर न्याय अधिनियम 2015, मिशन वात्सल्य योजना तथा न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप संचालित हो रहे हैं या नहीं। निरीक्षण दल ने संस्थानों की आवासीय व्यवस्था, साफ–सफाई, रसोई एवं भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सीय और परामर्श सुविधाओं, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था, प्रशिक्षित कर्मियों की उपलब्धता, अभिलेख संधारण तथा शिकायत निवारण प्रणाली का विस्तृत निरीक्षण किया।
दल ने संस्थानों में रह रहे बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनकी समस्याओं, सुविधाओं और देखरेख की स्थिति की जानकारी ली।

# रोमांचक मुकाबलों के साथ संपन्न हुआ एसपीएल सीजन-3, श्रीदस थंडर और रानी लक्ष्मीबाई टीम बनी चैंपियन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित श्रीदस प्रीमियर लीग सीजन-3 का समापन शनिवार देर रात रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। एक दिवसीय डे-नाइट नॉकआउट क्रिकेट टूनार्मेंट में छात्र-छात्राओं ने शानदार खेल प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। टूनार्मेंट की शुरूआत शनिवार दोपहर 3 बजे मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित एवं विद्यालय के मोटिवेटर स्वर्गीय दशरथ सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर स्थानीय चिकित्सक डॉ. ज्ञानी प्रकाश, भाजपा कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, गुरुदेव, रणजीत चंद्रवंशी एवं स्थानीय मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।




फ्लड लाइट की रोशनी में रातभर चले इस रोमांचक टूनार्मेंट में विद्यालय की विभिन्न टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। बॉयज वर्ग का फाइनल मुकाबला श्रीदस थंडर और सुपर स्ट्राइकर टीम के बीच खेला गया। 8 ओवर के इस फाइनल मुकाबले में श्रीदस थंडर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया, जो टीम के लिए सही साबित हुआ। शानदार गेंदबाजी के दम पर सुपर स्ट्राइकर टीम को 5 विकेट पर मात्र 61 रन पर रोक दिया गया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीदस थंडर टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 1 विकेट खोकर आसानी से मुकाबला जीत लिया और एसपीएल सीजन-3 की चैंपियन बन गई।

इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए रणजन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि पूरे टूनार्मेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सौरभ को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। गर्ल्स वर्ग के फाइनल में रानी लक्ष्मीबाई और बाउंड्री ब्रेकर टीम आमने-सामने हुईं। रानी लक्ष्मीबाई टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी और शानदार प्रदर्शन करते हुए बाउंड्री ब्रेकर टीम को मात्र 27 रन पर ऑल आउट कर दिया। इसके बाद रानी लक्ष्मीबाई टीम ने छोटे लक्ष्य को आसानी से हासिल कर इस सीजन की चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। पूरे टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली प्रिया को वुमन ऑफ द सीरीज चुना गया। टूनार्मेंट के दौरान श्रीदस टीचर्स 11 और मीडिया 11 के बीच एक मैत्री मैच भी खेला गया, जिसे लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखा गया। इस मुकाबले में श्रीदस टीचर्स 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आसानी से जीत हासिल की।

इस दौरान स्कूल प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करता है। एसपीएल जैसे आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं। वहीं विद्यालय प्रबंधक विकास सिंह ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी समान महत्व दिया जाता है।

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के प्रो. सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा बने

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा को विश्वविद्यालय का कुलसचिव नियुक्त किया गया है। इस संबंध में शनिवार देर शाम को विश्वविद्यालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा वर्तमान में विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी के दायित्व में भी है।

इसी के साथ लगभग एक वर्ष से चली आ रही कुलसचिव पद को लेकर अनिश्चितता का दौड़ को समाप्त माना जा सकता है। सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा मूल रूप से हजारीबाग के बड़कागांव के निवासी है। उनके पिता गुरुदयाल महतो की ख्याति समाजसेवी के रूप में दूर-दूर तक फैली हुई है।

सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा की प्रारंभिक शिक्षा आदर्श मध्य विद्यालय



बड़कागांव में हुई। उसके बाद उन्होंने हजारीबाग के ऐतिहासिक जिला स्कूल में दाखिला लिया जहां से उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा दी। ज्ञात हो की 1965 में स्थापित जिला स्कूल हजारीबाग का सबसे पुराना शैक्षणिक संस्थान है। सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने उसके बाद साइंस लेकर इंटर की पढ़ाई संत कोलंबा महाविद्यालय में किया। संत कोलंबा महाविद्यालय से ही उन्होंने अर्थशास्त्र में स्नातक की पढ़ाई की। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग से उन्होंने स्नातकोत्तर की पढ़ाई को पूर्ण किया।

## मंईयां सम्मान योजना, बादम पंचायत भवन में लाभार्थियों का हुआ भौतिक सत्यापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के पारदर्शी क्रियान्वयन को लेकर प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि लगातार सक्रिय हैं। इसी कड़ी में बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत बादम पंचायत के पंचायत भवन में योजना के लाभार्थियों के भौतिक सत्यापन के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस सत्यापन प्रक्रिया के दौरान बादम पंचायत की मुखिया सुनीता देवी, पंचायत सचिव अरविंद दांगी और पंचायत सहायक नितेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की देखरेख में योग्य लाभुकों के दस्तावेजों की जांच की गई और उनका सत्यापन कार्य तेजी से पूरा



किया गया, ताकि कोई भी पात्र महिला इस कल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर पंचायत सहायक शकुंतला कुमारी, पंचायत समिति सदस्य राजा खान, रमणीका कुमारी सहित पंचायत के विभिन्न वार्डों के वार्ड सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे। सत्यापन प्रक्रिया के दौरान मुखिया सुनीता देवी ने कहा कि झारखंड सरकार की यह योजना महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। पंचायत स्तर पर हर पात्र लाभुक तक इसका लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। वहीं ग्रामीणों ने भी इस पारदर्शी सत्यापन प्रक्रिया की सराहना की और पंचायत प्रशासन का आभार जताया।

## वट सावित्री पूजा के दौरान चेन छिनतई पुलिस ने 24 घंटे में दो अपराधियों को दबोचा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** वट सावित्री पूजा के अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हजारीबाग पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोर्रा थाना पुलिस ने चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ अमित आनंद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटनाक्रम की जानकारी दी।

**क्या है मामला**

16 मई को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पास स्कूटी सवार पति-पत्नी से बाइक पर आए दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर महिला के गले से मंगलसूत्र छीन लिया था। स्कूटी का नंबर JH-02BT-4669 था। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पूरे जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।



**कैसे पकड़े गए आरोपी**

होली क्रॉस स्कूल के पास चल रही चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से एक आरोपी को भागते हुए पकड़ लिया गया। पकड़े गए युवक की पहचान अरबाज खान, पिता सहजाद खान, ग्राम पगमिल, थाना लोहसिंगना के रूप में हुई। तलाशी में उसके पास से छीना गया मंगलसूत्र बरामद हुआ। पूछताछ में अरबाज ने बताया कि वारदात में इस्तेमाल स्कूटी उसके दोस्त अब्दुल रहमान उर्फ आर्यन, निवासी पेलावल की है। अहमद रजा उर्फ आर्यन के 2-3 दोस्त मिलकर गैंग बनाकर चेन छिनतई करते हैं। अरबाज की निशानदेही पर पुलिस ने दूसरे आरोपी अब्दुल रहमान, उम्र 23 वर्ष, फ्रेंड्स कॉलोनी, पगमिल को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

**पुलिस की बरामदगी**

टूटा हुआ सोने जैसा मंगलसूत्र, घटना में प्रयुक्त स्कूटी पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वट सावित्री पूजा को लेकर जिले में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। भीड़भाड़ वाले पूजा स्थलों, घाटों और बाजारों में सादे लिबास में महिला और पुरुष पुलिस बल तैनात किए गए हैं।

## बालू तस्करी रोकने को चौपारण पुलिस सक्रिय, कई घाटों पर प्रशासन की नजर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** थाना प्रभारी पंकज कुमार के पदभार ग्रहण करते ही चौपारण क्षेत्र में अवैध बालू कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। लगातार छापेमारी और सख्त कदमों से बालू तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। इसी कड़ी में चौपारण पुलिस ने जीटी रोड स्थित ग्राम केवला के समीप छापेमारी अभियान चलाकर अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में चोरी-छिपे अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर उसका परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी पंकज कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को पकड़ लिया। मामले को लेकर चौपारण थाना में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के आरोप में कांड संख्या 132/26 दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है। बताया जाता है कि वर्तमान में



चौपारण प्रखंड में बालू उठाव एवं आपूर्ति के लिए कोई भी वैध बालू घाट संचालित नहीं है। इसके बावजूद भगहर एवं परसातरी स्थित ढाढर नदी, हजारीधमना की बराकर नदी, बिहार के भलुवा नदी घाट समेत कई इलाकों से अवैध रूप से बालू की ढुलाई जारी है। वहीं मयूरहंड प्रखंड के बराकर एवं लेढिया नदी घाट तथा इटखोरी प्रखंड के महाने नदी क्षेत्र से भी ट्रैक्टरों के माध्यम से बालू लाकर चौपारण क्षेत्र में खपाया जा रहा है। पुलिस की लगातार कार्रवाई से अवैध बालू कारोबार से जुड़े लोगों में बेचैनी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की सख्ती से अवैध कारोबार पर लगाम लगने की उम्मीद जगी है।

### स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन ने पंचायत के मेधावी विद्यार्थी को किया सम्मानित

# विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य : बिपिन कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को नयाटांड़ पंचायत भवन में पंचायत स्तरीय स्ट्रेमैक्स प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया लीलावती देवी एवं संचालन विजन कोचिंग सेंटर के निदेशक राहुल कुमार ने किया।समारोह में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फाउंडेशन के संस्थापक एवं




निदेशक बिपिन कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और उपलब्धियों का सम्मान समाज को सकारात्मक दिशा देता है। ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें आगे बेहतर करने की प्रेरणा भी देते हैं। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय बेलतू के प्रभारी प्राचार्य नंदू रविदास ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। मेहनत और धैर्य ही विद्यार्थियों को ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। कार्यक्रम को मुखिया लीलावती देवी,शिक्षक सरोज कुमार,धर्मेंद्र कुमार, नारायण महतो एवं खुशबू कुमारी ने भी संबोधित किया। मौके पर सैकड़ों छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अभिभावक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहें। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक धर्मेंद्र कुमार ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### यूथ विंग ने शुरू किया 'नारी सेवा अभियान' गौशाला की महिला कर्मियों को बांटे सेनेटरी पैड



**हजारीबाग :** महिलाओं के स्वास्थ्य और मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर हजारीबाग यूथ विंग ने रविवार को 'नारी सेवा अभियान' की शुरूआत की। अभियान के पहले दिन गौशाला परिसर में कार्यरत महिला कर्मचारियों के बीच सेनेटरी पैड वितरित किए गए और उन्हें स्वच्छता संबंधी जरूरी जानकारियां दी गईं। शहर से गांव तक पहुंचेगी मुहिम संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा, "महिलाओं का स्वास्थ्य और जागरूकता समाज की सबसे बड़ी जरूरत है। यह अभियान केवल शहर तक सीमित नहीं रहेगा। आने वाले दिनों में स्कूल, कॉलेज और ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर किशोरियों और महिलाओं को जागरूक किया जाएगा। अध्यक्ष करण जायसवाल ने बताया कि पहले चरण में 1500 सेनेटरी पैड मंगाए गए हैं। "आज भी कई महिलाएं स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी जरूरी जानकारियों से वंचित हैं। हमारा उद्देश्य उन्हें जागरूक करने के साथ आत्मविश्वासी बनाना भी है," उन्होंने कहा। महिला सदस्यों ने संभाली कमान अभियान के संचालन के लिए सेजल सिंह, खुशी कुमारी और प्रज्ञा कुमारी को संयोजिका बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान संस्था की महिला सदस्यों ने कर्मचारियों से सीधा संवाद किया और मासिक धर्म स्वच्छता, खान–पान व स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों पर चर्चा की। संयोजिका सेजल सिंह ने कहा, "हमारा मकसद सिर्फ पैड बांटना नहीं है। हम चाहते हैं कि हर महिला–हर किशोरी खुलकर स्वास्थ्य पर बात करे और झिझक छोड़े। आने वाले दिनों में यह अभियान और व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा।

### ब्राउन शुगर के साथ 3 गिरफ्तार, 20.5 ग्राम मादक पदार्थ बरामद



**हजारीबाग :** जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत ज्वेलस्टर हाउस दीपुगढ़ा के पास पुलिस ने अवैध ब्राउन शुगर कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से कुल 20 .5 ग्राम ब्राउन शुगर, 3 मोबाइल फोन, एक अपाची मोटरसाइकिल एवं एक क्रेटा कार बरामद की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि कोर्रा थाना क्षेत्र में अवैध ब्राउन शुगर की खरीद–बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर श्री अमित आनंद के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी के दौरान पुलिस ने दीपुगढ़ा स्थित ज्वेलस्टर हाउस के पास से तीन युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में रोशन कुमार दांगी (21 वर्ष), संदीप कुमार दांगी (27 वर्ष) दोनों निवासी लोवागड़ा, थाना–चतरा तथा सौरभ कुमार दांगी (22 वर्ष), मूल निवासी गया, बिहार एवं वर्तमान में लोवागड़ा, चतरा निवासी शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के पास से कुल 20 .5 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद किया। इस संबंध में कोर्रा थाना कांड संख्या 81/2026 दर्ज करते हुए एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सौरभ कुमार दांगी का पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के मामलों में आपराधिक इतिहास रहा है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर श्री अमित आनंद, पेलावल ओपी प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय, कोर्रा थाना प्रभारी सहित तकनीकी शाखा एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।


### गिट्टी लदा ट्रैक्टर के चपेट में आने से बाइक सवार बेटे की मौत, मां घायल

**बरही :** थाना क्षेत्र अंतर्गत मलकोको पंचायत के पड़रिया में गिट्टी लदा ट्रैक्टर (जेएच12जे4585) के चपेट में आने से बाइक सवार मां और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों के मदद से घायल मां और बेटा दोनों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया



गया, जहां युवक ने दम तोड़ दिया, जबकि प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला को गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान कपिलदेव कुमार उम्र करीब 22 वर्ष पिता सुखदेव पासवान जबकि घायल महिला की पहचान इंदिरा देवी पति सुखदेव पासवान बरकट्ठा थाना क्षेत्र के लगनवा निवासी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक कपिलदेव कुमार अपनी मां और बड़े भाई विकास पासवान के साथ चंद्रपुर अपने नाना – नानी के घर जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही बरही पुलिस बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, इधर घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों का रो – रो कर बुरा हाल है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

### विश्व हिंदू परिषद की बैठक का आयोजन



**चलकुशा :** प्रखंड के ग्राम चलकुशा के काली मंदिर के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला गौ रक्षा सह चलकुशा पालक इंद्रदेव गुप्ता, जिला विहिप मंत्री ओम प्रकाश कुमार उपस्थित हुए। बैठक में सर्वप्रथम देशहित, समाज हित,धर्म की रक्षा,संगठन विस्तार, हिंदू समाज की एकजुटता, नशा मुक्त समाज बनाना तथा युवाओं की सहभागिता को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए। इंद्रदेव गुप्ता और ओम प्रकाश कुमार ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद समाज में सेवा, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना के संरक्षण के के लिए लगातार कार्य कर रही है। संगठन का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को जोड़कर राष्ट्र एवं धर्म हित में कार्य करना है। इस बैठक में चलकुशा विहिप प्रखंड अध्यक्ष गोविंद पाण्डेय, सह संयोजक प्रशांत कुमार सिंह, प्रखंड मंत्री पिंकू सिंह सूर्यदेव सिंह अम्बिका पाण्डेय पिंटू मोदी अनिल कुमार राणा शिवशंकर बर्नवाल संजय पंडित रवि रवानी और अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रदेश प्रभारी के मान-मनौव्वल के बाद माने कांग्रेस के बागी नेता, स्थगित किया हल्ला बोल!

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नई 314 सदस्यीय कार्यसमिति गठित होने के बाद से कांग्रेस के अंदर घमासान मचा है। झारखंड कांग्रेस के कई नेताओं ने नई कार्यसमिति में मिले पद से इस्तीफा दे दिया तो कई ने प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश प्रवक्ता और पार्टी के बुजुर्ग नेता जगदीश साहू के नेतृत्व में नाराज कांग्रेसियों ने प्रेस क्लब के सभागार में वर्तमान नेतृत्व के खिलाफ हल्ला बोलने के लिए संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया था, जिसे अंतिम समय में स्थगित कर दिया गया।

उन्होंने साफ किया कि अगर पार्टी के प्रति समर्पित, वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सम्मान नहीं मिला तो फिर आगे की रणनीति तय की जाएगी। वहीं दूसरे बागी नेता पूर्व प्रदेश महासचिव सुरेंद्र सिंह ने कहा कि हम सब कांग्रेसी थे, कांग्रेसी हैं और आजीवन कांग्रेसी ही रहेंगे, लेकिन प्रदेश नेतृत्व को भी हमारे मान-सम्मान का ख्याल रखना ही होगा।



### प्रदेश प्रभारी की पहल पर संवाददाता सम्मेलन स्थगित

कांग्रेस के प्रवक्ता और बागी नेता जगदीश साहू ने संवाददाता सम्मेलन स्थगित करने के पीछे की वजह बताते हुए कहा कि जैसे ही कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी और एआइआइसीसी के विशेष आमंत्रित सदस्य के। राजू को आज होनेवाली संवाददाता सम्मेलन की जानकारी मिली उसके बाद उन्होंने फोन कर के संवाददाता सम्मेलन को स्थगित करने का आग्रह किया।

### नाराज नेताओं से बात करेंगे के. राजू

जगदीश साहू के अनुसार प्रदेश प्रभारी के। राजू ने भरोसा दिलाया है कि वह जल्द से जल्द रांची आएंगे और वन टू वन नाराज नेताओं से बात कर उनकी नाराजगी दूर करेंगे। जगदीश साहू ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के आग्रह पर पार्टी नेतृत्व से नाराज नेताओं ने संवाददाता सम्मेलन को स्थगित कर दिया है।

### कांग्रेस की नव गठित कमेटी से नाराजगी

विदित हो कि कांग्रेस की वर्तमान नव गठित कमेटी से नाराज वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के पुत्र प्रशांत किशोर, पूर्व प्रदेश महासचिव सुरेंद्र सिंह और जगदीश साहू ने अपने-अपने पद से इस्तीफा देकर प्रदेश अध्यक्ष पर कई आरोप लगाए थे। संवाददाता सम्मेलन में कांके विधायक सुरेश बैठा के विधायक प्रतिनिधि राजन सिंह राजा सहित अन्य कई नेता भी शामिल होने वाले थे।

## ऑपरेशन प्रहार : रांची पुलिस की बड़ी कार्रवाई में सौ से ज्यादा अपराधी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में अपराध पर लगाम अंकुश लगाने के लिए रांची पुलिस ने शनिवार रात बड़ा अभियान चलाया। एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर जिलेभर में ऑपरेशन प्रहार के तहत एक साथ छापेमारी की गयी। इस कार्रवाई में सौ से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 220 से ज्यादा लंबित वारंटों का निष्पादन भी किया गया। एसएसपी ने रविवार को बताया कि ऑपरेशन प्रहार के तहत अपराध नियंत्रण, वारंट निष्पादन और संगठित अपराध पर शिकंजा कसने की विशेष रणनीति बनाई गई थी। बीते देर रात तक चली इस बड़ी कार्रवाई में पुलिस टीमों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर फरार अपराधियों, वारंटियों और संदिग्धों को धर दबोचा। कई आरोपित ऐसे भी पकड़े गए, जो लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे। अभियान में जिले के सभी पुलिस अधीक्षक, उपाधीक्षक, थाना प्रभारी और अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी शामिल थे। रांची पुलिस की ओर से भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य लंबे समय से फरार अपराधियों पर शिकंजा कसना और जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना था।

## डॉ. शेरान अली और नन्हू की जोड़ी ने जीता राहत इंदौरी बैडमिंटन टूर्नामेंट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मॉर्निंग ग्रुप के तत्वावधान में रविवार को जीईएल चर्च कॉम्प्लेक्स में आयोजित पांचवें राहत इंदौरी बैडमिंटन टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रोमांच और उत्साह से भरपूर रहा।

फाइनल में टूनार्मेंट के प्रबल दावेदार डॉ. शेरान अली और उनके जोड़ीदार अब्दुल खालिक नन्हू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में उनका सामना अनुभवी खिलाड़ी मकबूल अंसारी और युवा खिलाड़ी नसीम अख्तर की जोड़ी से हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जय प्रकाश गुप्ता ने कहा कि खेल में हार जीत होती रहती है। इसे खेल भावना के हिसाब से देखना चाहिए। जो खेल के मैदान तक सीमित रहना चाहिए। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

मंच संचालन करते हुए अध्यक्ष अकील उर रहमान ने बताया कि मैच के पहले सेट में डॉ. शेरान और नन्हू की जोड़ी पिछड़ गई थी, लेकिन दूसरे और तीसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन तकनीक, तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए शानदार वापसी की और लगातार दो सेट जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

## झारखंड में सबसे ठंडा जिला लातेहार और सबसे गर्म पलामू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में मौसम लगातार करवट बदल रहा है। पिछले 15 दिनों से राज्य के विभिन्न जिलों में हो रही बारिश के कारण लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली है। रविवार को राज्य का सबसे ठंडा जिला लातेहार रहा, जहां अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पलामू राज्य का सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण राज्य भर में लोगों को कभी गर्मी तो कभी ठंड का एहसास हो रहा है। राजधानी रांची समेत कई जिलों में बीते दिनों हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे मौसम अपेक्षाकृत सुहावना बना हुआ है।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक वर्षा मंझारी में दर्ज की गई, जहां 18 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। इसके अलावा गुमला, बानो और बिशुनपुर समेत राज्य के अन्य हिस्सों में भी हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम तापमान रांची के कांके क्षेत्र में 17.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

रविवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से मौसम साफ रहा और तेज धूप निकली। दोपहर बाद लोगों को प्रचंड गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा। रांची में अधिकतम तापमान 35.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## बढ़ती महंगाई और परीक्षा पत्र लीक मामले को लेकर राजनीतिक दलों का फूटा गुस्सा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** ईंधन की आसमान छूती कीमतों, रसोई गैस के बढ़ते दामों और देश की प्रतिष्ठित चिकित्सा प्रवेश परीक्षा के पत्र (पेपर) लीक होने के मामले को लेकर झारखंड की राजधानी में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। देश में बढ़ती आर्थिक मंदी और महंगाई के विरोध में राष्ट्रीय कांग्रेस, वामपंथी दल (माले) और आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने राजधानी के मुख्य चौक पर एकत्रित होकर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और अपना आक्रोश व्यक्त किया।



इस विरोध प्रदर्शन के दौरान विभिन्न दलों के नेताओं और सैकड़ों कार्यकताओं ने वर्तमान व्यवस्था पर जनता की जेब लूटने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने शासन के विरोध में देश के प्रधान सेवक का पुतला भी दहन किया। वामपंथी दल के प्रांतीय सचिव ने प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव संपन्न होते ही ईंधन (पेट्रोल और डीजल) की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि कर दी गई है, जो सीधे तौर पर देश की जनता के साथ विश्वासघात है। उन्होंने आरोप लगाया कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें घटने के बावजूद देश के नागरिकों को इसका कोई लाभ नहीं दिया गया। तेल कंपनियों को अनुचित लाभ पहुँचाने के लिए आम जनता पर महंगाई का बोझ डाला जा रहा है। विरोध मार्च का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि आज जब देश के नागरिकों को आर्थिक राहत की अत्यंत आवश्यकता है, तब सरकार द्वारा देशवासियों को सोने की खरीदारी कम करने, विदेश यात्रा न करने और कृषकों को यूरिया का उपयोग घटाने जैसे अव्यावहारिक उपदेश दिए जा रहे हैं।

## ऊर्जा और ईंधन बचत के लिए रांची विश्वविद्यालय ने जारी की नई नियमावली, साइकिल और पैदल चलने पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** देश में ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रांची विश्वविद्यालय ने एक बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र के नाम की गई विशेष अपील से प्रेरणा लेते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया (नियमावली) जारी की है। इसका मुख्य उद्देश्य ईंधन की खपत को कम करना और बिजली की बचत करना है।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सरोज शर्मा ने सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों, अधिकारियों और विद्यार्थियों से इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित में ऊर्जा की बचत को हमें अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

यह नई नियमावली विश्वविद्यालय के सभी विभागों पर समान रूप से लागू होगी और इसे पूरी तरह सफल बनाने की जिम्मेदारी सभी विभागाध्यक्षों को सौंपी गई है।

### परिसर में वाहनों के उपयोग पर लगेगी लगाम

विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए नए दिशा-निदेर्शों में परिसर के भीतर गाड़ियों के उपयोग को कम करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

**पैदल और साइकिल को बढ़ावा :** परिसर के भीतर कम दूरी तय करने के लिए वाहनों के स्थान पर पैदल चलने या साइकिल का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

**साझा वाहन प्रणाली :** चार पहिया वाहनों से आने वाले लोगों को आपस में गाड़ी साझा करने (कार पूलिंग) और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

**इंजन बंद रखने के नियम :** किसी भी प्रतीक्षा के दौरान वाहनों का इंजन तुरंत बंद करने को कहा गया है, ताकि व्यर्थ में ईंधन न जले। इसके साथ ही भविष्य में बिजली से चलने वाले वाहनों (इलेक्ट्रिक वाहनों) को प्राथमिकता देने की बात कही गई है।

### बैठकों के लिए इंटरनेट का होगा उपयोग

ईंधन और समय दोनों की बचत के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने निर्णय लिया है कि विभागों की आंतरिक और समन्वय बैठकें अब यथासंभव इंटरनेट के माध्यम से (ऑनलाइन) आयोजित की जाएंगी। इससे अधिकारियों और कर्मचारियों को बार-बार यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।

### कुलपति का संदेश:

रांची विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम भी है। यदि हम सब मिलकर साइकिल चलाने, वाहन साझा करने और बिजली बचाने जैसे छोटे-छोटे प्रयास करेंगे, तो यह आत्मनिर्भर भारत और हरित भविष्य की दिशा में एक बड़ा योगदान होगा। हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है।

### बिजली और जल संरक्षण के कड़े निर्देश

कक्षाओं और कार्यालयों में बिजली के दुरुपयोग को रोकने के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। कमरे से बाहर निकलते समय पंखे, बत्तियां (लाइट) और वातानुकूलक (एसी) बंद करना अनिवार्य होगा। साथ ही, कृत्रिम रोशनी के बजाय प्राकृतिक प्रकाश (धूप) का अधिक उपयोग करने और काम खत्म होते ही संगणक (कंप्यूटर) बंद करने को कहा गया है। इसके अलावा, परिसर में पानी की बबार्दी रोकने और नलों को खुला न छोड़ने की भी सख्त हिदायत दी गई है।

## एक नजर

### गोंदली पोखर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न



**अनगडा :** गोंदली पोखर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक बैठक सुनील महतो और सोहराई बेदिया की अध्यक्षता में बैठक हुई मुख्य अतिथि के रूप में रणधीर चौधरी शामिल हुए बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में स्थानीय ग्रामीणों एवं पार्टी कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक के दौरान सड़क, बिजली, पानी, राशन, आवास एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। ग्रामीणों ने कहा कि कई समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा नेताओं ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों तक पहुंचाने एवं समाधान को लेकर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया बैठक में उपस्थित कार्यकताओं ने जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार आवाज उठाने की बात कही। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पहान रणधीर चौधरी नरेश साहू हिमालय चौधरी राजेन्द्र महतो आदि शामिल थे

### दो वारंटियो को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**मुरी :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देशानुसार अपराध पर नकेल कसने हेतु ऑपरेशन प्रहार के तहत फरार वारंटियों के खिलाफ मुरी ओपी प्रभारी ने देर रात व्यापक छापामारी कर दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया,जिसमें बांसारूली जामटोला निवासी शिबू मांझी, पिता गोवर्धन मांझी एवं ब्राह्मणडीह निवासी आरती देवी पति दीनबंधु कोईरी शामिल हैं। मुरी ओपी प्रभारी राहुल कुमार मेहता ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र को अपराध मुक्त एवं भयमुक्त बनाना है।

### चोरी का मामला सुलझा, दो गिरफ्तार

**रांची :** रांची की लोअर बाजार थाना पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में मो. अदनान अंसारी और मो. अफसर शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। लोअर बाजार थाना प्रभारी लव कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि 13 मई को पीड़ित अमन के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ घर से मोबाइल फोन और नकदी चोरी करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। तकनीकी साक्ष्यों और जांच के आधार पर दोनों आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

### जरूरतमंदों के बीच बांटा गया भोजन

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की ओर से रविवार को श्प्यार बांटते चलो' अभियान के तहत अन्नपूर्णा सेवा कार्यक्रम का आयोजन हरमू रोड स्थित गौशाला परिसर में किया गया। शाखा अध्यक्षा शुभा अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्य में जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्षा शुभा अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक भोजन पहुंचाकर समाजसेवा और मानवता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है तथा मंच आगे भी इसी तरह के सेवा कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान शाखा की सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और पूरे उत्साह के साथ भोजन वितरण कार्यक्रम को सफल बनाया। मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने बताया कि अन्नपूर्णा सेवा के दूसरे माह के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन साखी सोनम अग्रवाल के सौजन्य से किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पुंदाग स्थित श्रीराधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद वितरण



**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की ओर से संचालित श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में रविवार को 266वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्री राधा-कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। पूरे परिसर को रंग-बिरंगे फूलों, आकर्षक विद्युत सज्जा और पारंपरिक अलंकरण से भव्य रूप से सजाया गया था। मंदिर में विराजमान श्री राधा रानी और भगवान श्रीकृष्ण का दिव्य श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए कतारबद्ध नजर आए तथा पूरे वातावरण में भक्ति और आस्था की अद्भुत छटा दिखाई दी। कार्यक्रम के तहत दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कर महाप्रसाद का भोग लगाया। इसके बाद भक्तों के बीच अन्नपूर्णा सेवा के अंतर्गत महाप्रसाद वितरण किया गया। महाप्रसाद कार्यक्रम में प्रकाश अग्रवाल, प्रेमलता अग्रवाल एवं अजय अग्रवाल के सौजन्य से श्रद्धालुओं के बीच मसालेदार वेजिटेबल खिचड़ी, जलजीरा शर्बत और सत्तू पानी का वितरण किया गया। भीषण गर्मी के बीच शीतल पेय और प्रसाद की व्यवस्था से श्रद्धालुओं ने विशेष संतोष व्यक्त किया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण कर स्वयं को धन्य महसूस किया। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि अन्नपूर्णा सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और आध्यात्मिक एकता की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की ओर से नियमित रूप से इस प्रकार के धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। भजन संध्या कार्यक्रम ने आयोजन को और अधिक भक्तिमय बना दिया। ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने श्री राधा-कृष्ण के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंदिर परिसर राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर भजनों पर झूमते नजर आए। इसके बाद सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डूंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, निर्मल छावनिका समेत कई गणमान्य श्रद्धालु और ट्रस्ट सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन के सफल संचालन में ट्रस्ट के सदस्यों और स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही।

### किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी : कृषि मंत्री



**रांची :** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और कृषि क्षेत्र को आधुनिक एवं वैज्ञानिक दिशा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मंत्री रविवार को बेड़ो प्रखंड के पुरनापानी बाजारटांड़ मैदान में आयोजित किसान सम्मान समारोह में बोल रही थीं। पायोनियर कंपनी की ओर से आयोजित इस किसान सम्मान समारोह में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में किसानों को उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती की नई तकनीकों की जानकारी दी गई तथा प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया गया। मंत्री ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति यह दशार्ती है कि झारखंड के किसान अब जागरूक होकर आधुनिक खेती की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर नई योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू कर रही है। सरकार का प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को समय पर खाद, बीज एवं कृषि संसाधन उपलब्ध हों तथा उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने कहा कि आज भी राज्य के अधिकांश किसान पारंपरिक पद्धति से खेती कर रहे हैं, लेकिन अब कृषि विभाग की ओर से किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। किसानों को ट्रैक्टर, कृषि यंत्र, स्प्रेयर सहित अन्य उपकरण अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सके।

### परस्पर सामंजस्य और जमीनी वास्तविकताओं के आधार पर भाषा समस्या का समाधान संभव : बंधु तिर्की



**रांची :** पूर्व मंत्री एवं झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने कहा है कि परस्पर सामंजस्य और जमीनी वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए ही राज्य में जारी भाषा विवाद का समाधान किया जा सकता है। तिर्की ने कहा कि आपसी मतभिन्नता अपनी जगह पर पूरी तरीके से सही है लेकिन कटुता के आधार पर भाषा संबंधित मामले का समाधान नहीं हो सकता। रविवार को राजधानी रांची में अपने आवास पर प्रेस वार्ता में तिर्की ने कहा कि उनके मंत्रित्व काल में 1 अप्रैल 2011 को जारी अंधिसूचना संख्या 1632 में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संबंधी मामले का जिस प्रकार से समाधान सुझाया गया था उससे बेहतर समाधान नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि उस अधिसूचना को तैयार करने से पूर्व विशेषज्ञ समिति में राज्य के विख्यात जनजातीय भाषाविद एवं झारखण्ड के समाज को समझने वाले अनेक लोग थे। तिर्की ने कहा कि राज्य में अनेक सीमावर्ती जिले वैसे हैं जहाँ भोजपुरी, अंगिका जैसी भाषायें बोली जाती है और सरकार द्वारा 2011 में जारी उस वर्णित अधिसूचना में उन सभी बातों का पूरा ध्यान रखा गया था। लेकिन कुछ लोगों ने जैसे सरकार के ऊपर दोषारोपण करने को ही अपनी जिम्मेदारी समझ लिया है। तिर्की ने कहा कि जिस भोजपुरी एवं अंगिका को बिहार में भी आधिकारिक रूप से वैसी मान्यता नहीं दी गयी है उसे झारखण्ड में मान्यता दिलाने के नाम पर कुछ लोग अनावश्यक विवाद पैदा कर रहे हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

एक नजर

## बिजली और पानी के मुदे पर सीसीएल अरगडा प्रबंधन के घेराव की तैयारी

**रामगढ़** : रामगढ़ जिले के सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) अरगड़ा क्षेत्र में बिजली, पानी सहित अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर स्थानीय लोगों ने जनआंदोलन तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में सीसीएल अरगड़ा महाप्रबंधक कार्यालय के घेराव का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय स्थानीय लोगों द्वारा आयोजित एक बैठक में लिया गया, जिसमें क्षेत्र की जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अरगड़ा क्षेत्र में सीसीएल प्रबंधन की लापरवाही के कारण लोग लंबे समय से परेशान हैं। लगातार बाधित बिजली आपूर्ति और पेयजल संकट जैसी समस्याओं से आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ घेराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, ताकि जनता की आवाज को मजबूती से उठाया जा सके और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा किए और आंदोलन को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की। साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित थे। सभी ने एकजुट होकर जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। अंत में आयोजकों ने क्षेत्र की जनता से अपील की कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर 19 मई को आयोजित होने वाले घेराव कार्यक्रम को सफल बनाएं, ताकि सीसीएल प्रबंधन को जनसमस्याओं के समाधान के लिए मजबूर किया जा सके।

## चोरी के दो ट्रैक्टर के साथ तीन चोर गिरफ्तार

**दुमका** : जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी हुई दो ट्रैक्टर बरामद करते हुए दुमका पुलिस ने अंतरराज्जीय गिरोह के दो सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिला के शांतिनिकेतन थाना क्षेत्र के दरपाशीला गांव निवासी बंशी दास और मोहम्मद बाजार थाना क्षेत्र के सावराकुड़ी गांव निवासी शेख अजीजुल एवं शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के कुलकुलीडंगाल गांव निवासी संजीव मड़ैया शामिल है। जानकारी के अनुसार गत 8 अप्रैल की रात्रि मुफ्फसिल थाना के केशियाबहाल गांव निवासी तापस मांझी के घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया था। मामले में (कांड संख्या 63/26) दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई थी। कुछ दिनों बाद 13 मई की रात को शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के कोलपाड़ा बांकीजोर गांव निवासी मनोज कुमार मंडल के घर के बाहर से भी उसी तरह उनकी रखी ट्रैक्टर को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। इन चोरी की घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निदेर्शानुसार एसडीपीओ, सदर के नेतृत्व में एक टीम गठित चोरी की घटनाओं के उदभेदन एवं बरामदगी को लेकर छानबीन शुरू हुई। गठित टीम ने पहले शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के कुलकुलीडंगाल से संदेह के आधार पर संजीव मड़ैया को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए दो सहयोगी पश्चिम बंगाल निवासी शेख अजीजुल एवं बंशी दास नाम बताया। इसके बाद उनके दोनों सहयोगियों को भी पुलिस गिरफ्तार करने में सफल हुई।

# मंडल कारा कोडरमा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामाकांत मिश्रा के मार्गदर्शन में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में मंडल कारा कोडरमा में लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिवीर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार उपस्थित थे। डालसा सचिव गौतम कुमार ने कहा कि गरीबों- असहायों की मदद के लिए डालसा हमेंशा ततपर है। आप सभी अपने आचरण और व्यवहार में सुधार करें । आप यहां से निकलने के उपरांत अपनी गलतियों से सबक लेकर आगे गलती न करने का प्रण ले। साथ ही उन्होंने ने कहा कि निर्धन एवं असहाय बंदियों की मदद के लिए डीएलएसए के अधिवक्ता पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर रहे है । वही शिविर में उपस्थित बंदियों को उनके केस से संबंधित जानकारी डीएलएसए के अधिवक्ता द्वारा दी गई । जिस बंदी का केस पैरवी हेतु कोई भी अधिवक्ता नहीं थे , वैसे बंदियों को बंदी आवेदन भेजने को कहा गया। वैसे बंदी जिन्हें न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है और वह अपना अपील उच्च न्यायलय में दाखिल करने में असमर्थ है, या नहीं कर सके है , वैसे बंदियों से संबंधित भी जानकारी ली गई। मौके पर डालसा के अधिवक्ता, राजेंद्र मंडल, अरुण कुमार ओझा, अश्विनी शरण ललन चौधरी आदि उपस्थित थे। कोडरमा - जेल अदालत के अलावा मौके पर बंदीयो का स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर अभिषेक कुमार के नेतृत्व में सभी बंदियों का स्वास्थ्य जांच किया गया। मौके पर प्रेम कुमार, पंकज कुमार के अलावे अन्य कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## नीट पेपर लीक के विरोध में आम आदमी पार्टी ने झंडा चौक पर किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया** : आम आदमी पार्टी कोडरमा जिला इकाई के द्वारा जिला अध्यक्ष महेश कुमार यादव के नेतृत्व में झुमरी तिलैया के ऐतिहासिक झंडा चौक पर नीट पेपर लीक मामले को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। नीट पेपर लीक कांड से पूरे देश के छात्र-छात्राओं में भारी आक्रोश है। लगातार हो रहे परीक्षा घोटालों और मानसिक तनाव के कारण चार छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। आम आदमी पार्टी ने इसे देश की शिक्षा व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला बताया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष महेश कुमार यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह दलालों और माफियाओं के कब्जे में चली गई है। लाखों छात्र दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन सत्ता से जुड़े लोग पैसों के दम पर परीक्षाओं को बेचने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ पेपर लीक नहीं, बल्कि देश के युवाओं के सपनों और भविष्य की हत्या है। जोनल कोऑर्डिनेटर दिनेश यादव ने कहा कि आज देश का युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। मेहनत करने वाले छात्रों का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है और केंद्र सरकार पूरी तरह मौन बनी हुई है। युवाओं का धैर्य अब जवाब देने लगा है। जिला संरक्षक दामोदर यादव ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही, अब उनकी शिक्षा भी सुरक्षित नहीं बची। पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ कठोर कानून और निष्पक्ष जांच की जरूरत है। जिला कोषाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी ने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग के छात्र वर्षों तक कठिन परिश्रम कर परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन भ्रष्ट व्यवस्था उनकी मेहनत पर पानी फेर देती है। यह छात्रों और उनके परिवारों के साथ सीधा अन्याय है।

## सड़क दुर्घटना में ट्रक ड्राइवर मो. मनुवर की मौत, गांव में पसरा मातम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो** : नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरनानगर निवासी ट्रक ड्राइवर मो मनुवर उम्र 32 वर्ष पिता स्व मंजलुम की मौत छत्तीसगढ़ के बसना में सड़क दुर्घटना में हो गई। वही सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने के बाद उसका शव शनिवार के देर रात पैतृक गांव पूरनानगर आया। शव को देख परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। मिली जानकारी अनुसार मृतक ओडिसा के संबलपुर में स्टार रोडवेज में ट्रक ड्राइवर का काम करता था। मो मनुवर शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के रायपुर से टेलर में माल लोड कर निकला था। इसी दौरान बसना पहुंचते ही सड़क किनारे खड़े हाइवा से टक्कर हो गई जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई।वही रविवार को ऑल झारखंड ड्राइवर ट्रेड यूनियन संघ के लोग मृतक के घर पहुंचे और परिजनों को ढाढस बंधाया तथा शोक संवेदना देते हुए एक मिनट का मौन रख कर मृतक के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं मृतक के परिजन को 21000 नगद आर्थिक सहायता दिया। इस दौरान ऑल झारखंड ड्राइवर ट्रेड यूनियन संघ के गिरिडीह जिला अध्यक्ष भुनेश्वर पासवान तथा कोडरमा जिला अध्यक्ष संजय कुमार भुइया ने संयुक्त रूप से कहा कि मृतक मो मनुवर के परिवार को एक सप्ताह के बाद और भी आर्थिक सहयोग राशि दिया जाएगा। जानकारी हो कि मृतक अपने पीछे दो छोटे छोटे बच्चे समेत अपनी पत्नी को छोड़ गया है। वही इस दुःखद घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। ऑल झारखंड ड्राइवर ट्रेड यूनियन संघ के संगठन मंत्री मो इसराइल, अनवर अंसारी समेत तबरेज आलम, प्रमोद सिंह, नौशाद आलम, इम्तियाज, शमसुद्दीन मियां, मो मुस्तफा, मो इकबाल अली, अब्बास अंसारी, रवि कुमार दास सदस्य पहुंचे और मृतक के परिजन से मिले।

## जनता के स्वास्थ्य और अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : प्रकाश रजक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : कोडरमा में जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर उनका स्वागत किया गया तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक जी ने कहा कि बांझेडीह पावर प्लांट से फ्लाई ऐश की खुलेआम ढुलाई के कारण झुमरी तिलैया एवं कोडरमा के लोगों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हाईवे और बाजार क्षेत्रों में उड़ती फ्लाई ऐश आम जनता के लिए खतरा बन चुकी है, लेकिन लगातार शिकायतों के बावजूद जिला प्रशासन की निष्क्रियता बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस पार्टी ने निर्णय लिया है कि जल्द ही कोडरमा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर अविलंब कार्रवाई की मांग की जाएगी। यदि प्रशासन द्वारा उचित कदम नहीं उठाया गया तो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जनता के हित में व्यापक जन आंदोलन करने को बाध्य होगी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष आनंद कुमार मेहता जी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कोडरमा जिले में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करेगी तथा युवाओं को पार्टी में प्राथमिकता देकर नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगी। बैठक में जिला महासचिव संतोष कुशवाहा जी, जिला सचिव वसी अहमद जी, सरस कुमार बबलू जी, नगर अध्यक्ष राजीव सिंह जी, बबलू तिवारी जी, राजनीतिक पासवान जी, असगर अली जी, जुबेर खान जी, राजेंद्र कुमार जी सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे। जनहित की लड़ाई कांग्रेस पार्टी लगातार लड़ती रहेगी।


## सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल और जूस का वितरण

**खूंटी** : झारखंड वॉलीबॉल एसोसिएशन के निर्देश पर रविवार को झारखंड के सभी जिलों में सेवा कार्य आयोजित किए गए। इसी क्रम में आर्ट ऑफ लिविंग, खूंटी यूनिट और खूंटी जिला वॉलीबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में सदर अस्पताल में मरीजों और उनके अभिभावकों के बीच फल, जूस एवं केला का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मानवता और मानव धर्म के प्रति लोगों को प्रेरित करते हुए गरीबों, मरीजों और छात्र-छात्राओं की सेवा करना था। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने कहा कि समाज सेवा ही संस्था का मुख्य लक्ष्य है और भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे। इस अवसर पर खूंटी जिला वॉलीबॉल संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा, उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, ओम एवं अमित सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहयोग किया।

### जेजेए के प्रदेश अध्यक्ष बने अभय लाभ, महासचिव संजीव समीर

# पत्रकारों के कल्याणार्थ योजनाओं की शीघ्र होगी शुरूआत : संजीव समीर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़** : रविवार को जिला के कुजू स्थित अक्षत बैंक्वेट हॉल में गहमागहमी के साथ जेजेए के प्रदेश अध्यक्ष और महासचिव की घोषणा हुई। प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार लाभ और प्रदेश महासचिव संजीव समीर बनाए गए। वहीं कोषाध्यक्ष के रूप में सुभाशीष झा की घोषणा की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक शाहनवाज हसन, पूर्व अध्यक्ष विष्णु शंकर उपाध्याय, प्रदेश कमेटी के वरीय पदाधिकारी, विभिन्न जिला के अध्यक्ष एवं महासचिव ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। रामगढ़ जिला इकाई कमेटी के द्वारा अतिथियों को बुके एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। उद्घाटन के पश्चात संगठन के मजबूती पर वक्ताओं ने अपने अनुभव एवं विचार रखे। बीएसपीएस और जेजेए के संस्थापक शाहनवाज हसन ने कहा कि संगठन में ताकत है और हम संगठित रहेंगे तो ही सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने संगठन की स्थापना से लेकर अबतक की गतिविधियों और आगे की कार्य योजना पर प्रकाश डाला। वहीं पूर्व अध्यक्ष विष्णुशंकर उपाध्याय ने कहा कि यूनियन पत्रकार हित में सदैव आगे है और संगठन का उद्देश्य पत्रकारों को संरक्षण और सुरक्षा देना है। इस दौरान प्रदेश कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभय कुमार लाभ ने कहा कि जेजेए अपने स्थापनाकाल से लगातार पत्रकार हितों की रक्षा के लिए कार्य कर रहा है। लाभ ने कहा कि पत्रकारों को आपसी द्वेष एवं मतभेद दूर कर एक मंच पर आना होगा। वहीं प्रदेश महासचिव संजीव समीर ने कहा कि पत्रकारों के कल्याणार्थ कई योजनाओं की शुरूआत जेजेए द्वारा की गई है। समीर ने जानकारी देते हुए बताया कि पत्रकारों के स्वास्थ बीमा को लेकर कोडरमा जिला से पहल की गई है जिसे समस्त झारखण्ड में लागू की जाएगी। नवमनीनित अध्यक्ष एवं महासचिव को बुके देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। दोनों ने यूनियन का सभी जिले में विस्तार करने और पूरी कार्यकारिणी की जल्द घोषणा करने की बात कही। कार्यक्रम को प्रदेश सचिव जावेद इस्लाम, हजारीबाग अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, कोडरमा अध्यक्ष कुमार रमेशम, महासचिव अनिल सिंह, शौकत खान ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामगढ़ जिला इकाई कमेटी के सभी सदस्यों की भूमिका रही। इस दौरान राजीव गुप्ता, अजय कुमार, अर्जुन सोनी, भावेश मिश्रा, अभय सिंह, अजय मिश्रा, संजय कुमार यादव, सोनी कुमारी, मासूम अंसारी, राकेश सिंह, रामकृष्ण मेहता, संजय कुमार, अर्जुन साव, सुभाशीस झा, जयदीप सिंह, राधे बेदिया समेत अन्य पत्रकार मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

## कनवर्सा इंग्लिश एंड गिटार अकैडमी में वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**झुमरी तिलैया** : अड्डी बंगला स्थित कनवर्सा इंग्लिश एंड गिटार अकैडमी में वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मातृत्व के प्रति सम्मान, भावनात्मक जुड़ाव, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता का विकास करना था। आयोजन में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से भावनात्मक संदेश, अभिनय कौशल एवं सृजनात्मक सोच का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुति से कार्यक्रम का वातावरण भावुक, प्रेरणादायक एवं उत्साहपूर्ण बना रहा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। मिंटू खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आदया पिलानिया द्वितीय एवं आरव कुमार तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संस्था की निदेशक दीपिका शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच मिलता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए आगे भी इसी तरह सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कुछ विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई भी दी गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिमरन, प्रशांत राज, अमजद, लक्ष्य एवं अर्पणा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं उपस्थित लोगों में काफी उत्साह देखा गया। आयोजन की सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## डेंगू दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम व क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन




**मरकच्चो** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो के तत्वाधान में चिल्ड्रन प्रोग्रेसिव विद्यालय गैरागी में शनिवार को डेंगू दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं अभिभावकों को डेंगू बीमारी से बचाव एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने छात्र छात्राओं को डेंगू के लक्षण बचाव एवं साफ सफाई के महत्व की जानकारी दी साथ ही उपस्थित छात्रों के बीच डेंगू विषय पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार दीपिका कुमारी द्वितीय पुरस्कार खुशबू कुमारी व तृतीय पुरस्कार मौसम कुमारी को दिया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि डेंगू जैसे बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखना है। जाल का जमाव घर के आसपास नहीं होने देना है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक स्वास्थ्य कर्मी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मानगो पेयजल परियोजना की स्थिति सार्वजनिक करे निगम : सरयू राय

**पूर्वी सिंहभूम** : जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने रविवार को मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त को पत्र लिखकर मानगो पेयजल परियोजना की अद्यतन स्थिति सार्वजनिक करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में जलापूर्ति की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और लोगों को नियमित रूप से पानी नहीं मिल पा रहा है। सरयू राय ने पत्र में कहा है कि नवंबर 2024 में पुनः विधायक निर्वाचित होने के बाद उन्होंने मानगो नगर निगम, जिला प्रशासन और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों के साथ कई बैठकें की थीं और परियोजना क्षेत्र का निरीक्षण भी किया था। निरीक्षण में पाया गया कि इंटेकवेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और पानी टंकियों की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। परियोजना के संचालन में भी कई खामियां हैं, जिससे लोगों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने बताया कि इंटेकवेल में छह से आठ फीट तक बालू जमा हो गया है, जिससे मशीनों के संचालन पर असर पड़ रहा है। बालू निकालने और नदी के जल को गंदगी से बचाने के लिए उन्होंने विधायक निधि से राशि उपलब्ध कराई। इसके अलावा विभिन्न क्षमता के मोटर पंप भी खरीदे गए, ताकि जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार हो सके। सरयू राय ने आरोप लगाया कि सभी क्षेत्रों में समानुपातिक जलापूर्ति सुनिश्चित करने पर सहमति बनने के बावजूद इसका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हुआ। कई इलाकों में केवल पांच से दस मिनट तक पानी आता है, जबकि अधिकांश क्षेत्रों में देर रात जलापूर्ति की जा रही है। उन्होंने उप नगर आयुक्त से पेयजल परियोजना और जलापूर्ति की वास्तविक स्थिति सार्वजनिक कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है।

## रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी मामले में दो अपराधी गिरफ्तार

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सीकरी ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकरी पंचायत निवासी सत्येंद्र पासवान से रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सत्येंद्र पासवान चतरा जिले में शिक्षक पद पर कार्यरत हैं। 15 मई 2026, शुक्रवार को उनके मोबाइल फोन पर अपराधियों ने कॉल कर डेढ़ लाख रुपये रंगदारी की मांग की। अपराधियों ने धमकी देते हुए कहा कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो उन्हें गोली मार दी जाएगी। साथ ही पत्नी, बेटे और पूरे परिवार को घर में घुसकर जान से मारने की भी धमकी दी गई। लगातार मिल रही धमकियों से पीड़ित परिवार भय के माहौल में था। घटना के बाद सत्येंद्र पासवान ने सिकरी ओपी थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर एक विशेष एसआईटी टीम का गठन किया गया। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बड़कागांव पवन कुमार के नेतृत्व में इंस्पेक्टर साजिद राजा, थाना प्रभारी रामकुमार राम तथा अजय भगत की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान हजारीबाग जिले के ओरिया गांव से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उज्जवल कुमार (25 वर्ष), पिता गंधौरी पासवान तथा राहुल रंजन (26 वर्ष), पिता बलदेव राम, दोनों निवासी ग्राम ओरिया, थाना मुफस्सिल, जिला हजारीबाग के रूप में हुई है।

## एक नजर

### मौसेरी बहन से प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या, मौसा गिरफ्तार



**पलामू :** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के दुलसुलमा गांव में मौसेरी बहन से प्रेम प्रसंग के कारण पवन सिंह नामक युवक की हत्या की गई थी। 24 घंटे के भीतर पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपित दुलसुलमा निवासी मौसा 50 वर्षीय रवि सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी राजेश यादव ने रविवार दोपहर 12:30 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में पत्रकारों के समक्ष मामले का खुलासा किया।
उन्होंने बताया कि पवन सिंह का उसकी मौसेरी बहन सोनी देवी नामक महिला से प्रेम प्रसंग था। पवन उससे शादी करना चाहता था। सोनी देवी शादीशुदा थी। वह इनकार कर रही थी। 15 मई की रात पवन सिंह सोनी देवी से मिलने और शादी के लिए मनाने के लिए उसके मायके गया था। बेटी को प्रेमी से मिलते देखकर पिता रवि सिंह ने आपा खो दिया और गुस्से में आकर पवन सिंह के सिर पर पीछे से डंडे से वार किया। मौत होने पर उसकी डेड बॉडी को कंधे पर टांग कर पास के हड़ही पहाड़ पर ले जाकर मृतक के ही गमछा से एक पेड़ पर फंदे पर लटका दिया था, ताकि हत्या खुदकुशी साबित हो जाए। इस मामले में पवन सिंह के पिता विजय सिंह ने सोनी देवी, उसके पति फंटूश सिंह और देवर पंकज सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अनुसंधान के क्रम में मामले को स्पष्ट किया गया और रवि सिंह को गिरफ्तार किया गया। हत्या में इस्तेमाल लाठी बरामद की गई। रवि सिंह ने घटना में अपनी संलिप्त स्वीकार की। डीएसपी राजेश ने बताया कि पवन सिंह और सोनी के बीच डेढ़ -दो महीने से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सोनी देवी एक बच्चे की मां है।

### गुरु अर्जुन देव महाराज की शहादत पर जंबू टावर के सामने सजी छबील

**पूर्वी सिंहभूम :** सिख धर्म के पंचम गुरु अर्जुन देव की शहादत दिवस के अवसर पर रविवार को सीतारामडेरा थाना क्षेत्र स्थित जंबू टावर के सामने श्रद्धा और सेवा भाव के साथ छबील का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राहगीरों, श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया तथा गुरु साहिब की शिक्षाओं को स्मरण करते हुए सेवा और मानवता का संदेश ग्रहण किया। छबील का आयोजन जसवंत सिंह कंबोज, अमरप्रीत सिंह कंबोज, परमजीत कौर, जगप्रित सिंह कंबोज सहित अन्य श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। इस दौरान राहगीरों के बीच मीठा ठंडा पानी, शर्बत और काले चने से बनी घुघनी का वितरण किया गया। भीषण गर्मी के बीच लोगों ने श्रद्धा के साथ शर्बत ग्रहण किया और गुरु घर की सेवा की सराहना की। आयोजन स्थल पर कड़ा प्रसाद का भी वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने गुरु का आशीर्वाद मानकर ग्रहण किया। आयोजकों ने बताया कि सिख परंपरा में छबील सेवा का विशेष महत्व है। गुरु अर्जुन देव महाराज ने मानवता, सहनशीलता, प्रेम और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया था। उन्होंने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अत्याचार सहते हुए भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उनकी शहादत को सिख इतिहास में अद्वितीय बलिदान के रूप में याद किया जाता है। बताया गया कि गुरु अर्जुन देव महाराज को मुगल शासन के दौरान कठोर यातनाएं दी गई थीं। तपते तवे पर बैठाकर और गर्म रेत डालकर उन्हें अमानवीय कष्ट दिए गए, लेकिन उन्होंने ईश्वर की भक्ति और मानवता का मार्ग नहीं छोड़ा।

# डीसी ने बल्ला थामा, ओमेगा कप में बढ़ाया खिलाड़ियों का जोश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** अन्नदा कॉलेज मैदान में चल रहे 'ओमेगा कप T-10 नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट' में शनिवार की रात उस वक्त रोमांच दोगुना हो गया जब हजारीबाग के उपायुक्त हेमंत सती खुद मैदान में उतरे। अन्नदा कॉलेज टीम की ओर से खेलते हुए डीसी ने न सिर्फ शानदार शॉट्स लगाए बल्कि युवाओं को खेल भावना का संदेश भी दिया।
डीसी बोले- खेल सिखाता है अनुशासन बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उपायुक्त हेमंत सती का आयोजकों ने मोमेंटो देकर स्वागत किया। मैदान पर उतरने के बाद उन्होंने कहा, "खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा देता है। ऐसे आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को बड़ा मंच देते हैं।" उन्होंने टूनार्मेंट के सफल आयोजन के लिए ओमेगा ग्रुप ट्रस्ट को बधाई दी।
तीन मुकाबले, भरपूर रोमांच
15 मई से शुरू हुआ यह टूनार्मेंट 25 मई तक चलेगा। शनिवार को खेले गए तीन मैचों का परिणाम डीएक्स 11 की 8 विकेट से जीतः हेलिओस वॉरियर्स के 71 रन के जवाब में डीएक्स 11 ने 74 रन बनाकर मैच जीत लिया।
नूरा ने अन्नदा कॉलेज को 26 रन से हरायाः सबसे रोमांचक मुकाबले में नूरा ने पहले खेलते हुए 125/5 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में अन्नदा कॉलेज की टीम, जिसमें डीसी हेमंत सती भी खेले, 99/6 रन ही बना सकी।
जुम्बी 11 की 9 विकेट से आसान जीतः ब्लू वर्ल्ड की टीम सिर्फ 40 रन पर सिमट गई। जुम्बी 11 ने लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया।
युवाओं को मिलेगा नया मंच
टूनार्मेंट के आयोजक और ओमेगा ग्रुप ट्रस्ट के वाइस चेयरमैन शादाब अंसारी ने कहा, "ओमेगा कप का मकसद हजारीबाग की क्रिकेट प्रतिभाओं को बड़ा मंच देना और नशा उन्मूलन का संदेश फैलाना है। अन्नदा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नीलमणि मुखर्जी और झारखंड एसोसिएशन का हमें लगातार सहयोग मिल रहा है।
मैच के दौरान उद्घोषक की भूमिका शरीफुल्ला गुड्डू और सचिन राणा ने निभाई, जबकि अंपायरिंग मोहम्मद खुर्शीद, गौरव और सुजल ने की।

### संक्षिप्त खबरें

### मदरसा तहफुजे इस्लाम में प्रबंधन समिति चुनाव प्रक्रिया संपन्न निजाम उद्दीन बने डोनर



**बरही :** बरही मदरसा तहफुजे इस्लाम, बरही में प्रबंधन समिति के गठन के लिए शनिवार को चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। अध्यक्षता प्रभारी प्रधान मौलवी ने की। JAC पत्रांक JAC मदरसा 278-1178/26 दिनांक 15.04.2026 के आदेशानुसार अभिभावकों, कोनरा बरही की मुस्लिम जनता, पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व प्रतिनिधियों की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया चालू की गई। दान राशि को लेकर बड़ा फैसला बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि दानदाता द्वारा दी गई राशि किसी भी सूरत में वापस नहीं होगी। यह राशि मदरसा के विकास फंड में खर्च की जाएगी। फंड की देखरेख की जिम्मेदारी प्रभारी प्रधान मौलवी शाहबाज आलम करेंगे और राशि का संचालन मदरसा प्रबंधन द्वारा नियम संगत ढंग से किया जाएगा। पहला दान और डोनर सदस्य का चयन निर्धारित समय 12:00 से 12:30 बजे के बीच हाजी मुस्लिम अंसारी सादी मुहल्ला, कोनरा, बरही निवासी निजाम उद्दीन ने 25,000 रुपये जमा कर पहले डोनर बने। सर्वसम्मति से निजाम उद्दीन को प्रबंधन समिति में दानदाता कोटे से सदस्य के रूप में चयन किया गया। डोनर फार्म कुल 17 लोगों ने लिया था। बैठक में ये रहे उपस्थित बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण व प्रतिनिधि शामिल हुए। मौके पर जावेद इस्लाम, मो. शमीम अंसारी, मो कयूम, मो हाफिज , मो अंजर अंसारी, मो इसरार अंसारी, मो रिजवान अली, मो गुलाम सरवर, आफताब कुरैशी, मो मकसूद , शाहनवाज आलम, मो. खुर्शीद अंसारी सहित कई लोगों ने उपस्थिति दर्ज की।

### भीषण गर्मी में भी नहीं थमा सांसद का जनसंपर्क खिरगांव में पैदल घूमकर सुनीं समस्याएं



**हजारीबाग :** 37 डिग्री तापमान और चिलचिलाती धूप के बावजूद हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल का जनसंवाद अभियान रुकने का नाम नहीं ले रहा। रविवार को सांसद ने नगर निगम के वार्ड 31-32 स्थित खिरगांव क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर लोगों से सीधा संवाद किया और समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। श्रीराम चौक पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने ढोल-ताशों और फूल-मालाओं से सांसद का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद सांसद माली टोला, भुइयां टोली और पाल मोहल्ला होते हुए देवी मंडप धर्मशाला पहुंचे, जहां प्रबुद्ध नागरिकों ने उनका भव्य नागरिक अभिनंदन किया। धर्मशाला में आयोजित बैठक में सबसे बड़ा मुद्दा पेयजल संकट रहा। सांसद जायसवाल ने कहा, कोनार डैम से पेयजलापूर्ति की स्कीम पूरी तरह तैयार है। लेकिन राज्य सरकार की उदासीनता के कारण फिल्टर प्लांट के लिए जमीन नहीं मिल रही। योजना अंतिम चरण में है। जैसे ही फिल्टर प्लांट बनेगा, घर-घर शुद्ध पानी पहुंचेगा। उन्होंने चेताया कि केवल बोरिंग स्थाई समाधान नहीं है। हमें जल संरक्षण के लिए खुद भी जागरूक होना होगा। केंद्र की योजनाएं जमीन पर हैं, पर राज्य की योजनाएं अधर में लटकी हैं। अधूरे कार्यों पर संवेदकों को नसीहत सांसद ने बताया कि कलौदी तालाब में सामुदायिक शौचालय, बेलाही तालाब के पास सामुदायिक भवन और गार्डवाल की स्वीकृति उनके विधायक कार्यकाल में दी गई थी। संवेदकों को हिदायत देते हुए बोले, नीचे का काम पूरा करिए, हम ऊपर चार कमरों का हॉल जरूर बनवाएंगे। पहले ग्राउंड फ्लोर तो कंप्लीट हो। खराब बोरिंग को ठीक कराने, श्मशान घाट के आगे छठ घाट निर्माण और देवी मंडप के शेष कार्य में हरसंभव मदद का भी उन्होंने भरोसा दिया। सनातनियों के प्रयास की सराहना खिरगांव में भव्य देवी मंडप निर्माण के लिए स्थानीय सनातनियों की एकजुटता की सांसद ने तारीफ की।

### पटमदा और बोड़ाम के युवाओं ने ठानी गांव के विकास की जवाबदेही



**पटमदा :** बाल कल्याण संघ एवं मिरेकल फाउंडेशन इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में बोड़ाम एवं पटमदा प्रखंड के युवाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दोनों प्रखंडों से आए लगभग 30 युवाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य युवाओं को बाल अधिकार, डिजिटल साक्षरता, ग्राम पंचायत विकास योजना तथा सामाजिक नेतृत्व के प्रति जागरूक एवं सक्रिय बनाना था।
प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को बताया गया कि गांव के समग्र विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत पंचायत स्तर पर बच्चों, किशोरों एवं युवाओं से जुड़े मुद्दों को ग्राम पंचायत विकास योजना में शामिल कर योजनाबद्ध तरीके से गांव का विकास किया जा सकता है। प्रशिक्षकों ने कहा कि यदि युवा अपने गांव की समस्याओं जैसे शिक्षा, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बाल श्रम, पलायन एवं सरकारी योजनाओं की स्थिति को समझकर पंचायत स्तर पर आवाज उठाएं, तो गांव में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।
कार्यक्रम में बाल अधिकारों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा, पोषण एवं संरक्षण को लेकर युवाओं को संवेदनशील बनाया गया। साथ ही डिजिटल साक्षरता सत्र में युवाओं को मोबाइल एवं इंटरनेट के सुरक्षित और सकारात्मक उपयोग, ऑनलाइन जानकारी प्राप्त करने, सरकारी योजनाओं की जानकारी लेने तथा सोशल मीडिया का रचनात्मक उपयोग करने की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण में युवाओं को समूह चर्चा, गतिविधियों एवं अनुभव साझा करने के माध्यम से नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अभ्यास कराया गया। युवाओं ने अपने-अपने गांव की समस्याओं को चिन्हित कर उसके समाधान के लिए सामूहिक पहल करने का संकल्प लिया। प्रतिभागियों ने कहा कि वे गांव में बाल अधिकार, शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता को लेकर सक्रिय भूमिका निभाएंगे तथा पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं में युवाओं और बच्चों की आवाज को मजबूत करेंगे।कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में ओम प्रकाश एवं निपा दास ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने युवाओं को सामाजिक नेतृत्व, पंचायत स्तर पर भागीदारी तथा बच्चों के अधिकारों की रक्षा को लेकर प्रेरित किया। प्रशिक्षकों ने कहा कि जागरूक और संगठित युवा ही गांव के विकास की दिशा बदल सकते हैं। अंत में सभी प्रतिभागियों को आगे भी गांव स्तर पर जागरूकता अभियान, बेसलाइन सर्वे एवं सामुदायिक गतिविधियों से जुड़कर कार्य करने का आह्वान किया गया।

#### चौपारण के बेला में सद्भावना विकास मंच की मासिक बैठक, महिला सशक्तिकरण पर जोर

# महिलाओं के विकास के बिना समाज का विकास संभव नहीं, सद्भावना जरूरी : राजसिंह चौहान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** चौपारण प्रखंड के बेला पंचायत में रविवार को सद्भावना विकास मंच की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा, स्वच्छता और ग्रामीण विकास के साथ महिला सशक्तिकरण को मुख्य एजेंडा बनाया गया।
बैठक की अध्यक्षता केशरी देवी एवं संचालन कुमारी रंजना ने किया। मुख्य अतिथि सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने कहा, "सद्भावना विकास मंच का उद्देश्य आपसी भाईचारा, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का विकास अधूरा है। उन्होंने महिलाओं से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। साथ ही कहा कि सभी वर्गों को साथ लेकर ही क्षेत्र का समुचित विकास संभव है।
ग्रामीण समस्याओं पर मंथन, जागरूकता अभियान का निर्णय
बैठक में पंचायत की बुनियादी समस्याओं, शिक्षा की गुणवत्ता, स्वच्छता और जनकल्याण योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। उपस्थित महिलाओं ने संगठन को मजबूत करने और गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया।
अंत में सभी सदस्यों ने सामाजिक एकता और विकास के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।
बैठक में बसंती देवी, पिंकी देवी, सविता देवी, रौशन आरा, शांति देवी, कुंती देवी, पूनम देवी, गीता देवी, शोभा देवी, सुषमा देवी, ममता देवी, मुनिया देवी, कांति देवी, उषा देवी, मीणा देवी, चिंता देवी, रजनी देवी समेत सैकड़ों महिलाएं और मंच के सदस्य उपस्थित रहे।

### शिव मंदिर में मां पार्वती की प्रतिमा खंडित, इलाके में तनाव

**जामताड़ा :** जामताड़ा थाना क्षेत्र के गांधी मैदान स्थित शिव मंदिर में रविवार सुबह उस समय तनाव फैल गया जब श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में मां पार्वती की प्रतिमा को खंडित अवस्था में पाया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और आक्रोश व्यक्त किया। स्थानीय लोगों के अनुसार, रविवार सुबह नियमित पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी नजर मंदिर में स्थापित मां पार्वती की प्रतिमा पर पड़ी। प्रतिमा के दोनों ओर गंभीर क्षति के निशान थे और उसका सिर/गर्दन टूटा हुआ मिला। यह दृश्य देखकर श्रद्धालु और स्थानीय लोग स्तब्ध रह गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिमा को जिस तरह नुकसान पहुंचाया गया है, उससे यह आशंका मजबूत होती है कि यह किसी शरारती तत्व द्वारा जानबूझकर की गई हरकत है।

## हाथियों का तांडव, भगाने के दौरान कुएं में गिरने से युवक की हुई मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया :** सरिया प्रखंड क्षेत्र के बागोडीह पंचायत से एक अत्यंत हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां हाथियों के आतंक के बीच एक घर का चिराग बुझ गया। रविवार की देर रात ग्राम पंचायत बागोडीह निवासी श्री ललन यादव जी के पुत्र अनुराग यादव की हाथी के हमले से बचने और उसे भगाने के क्रम में कुएं में डूबने के कारण दुःखद मृत्यु हो गई। इस खबर के बाद पूरे इलाके में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात हाथियों का झुंड इलाके में दाखिल हुआ था। अनुराग यादव अन्य ग्रामीणों के साथ हाथियों को भगाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान एक हाथी ने अचानक हमला कर दिया। हाथी के हमले से बचने के लिए भागने के क्रम में अनुराग अंधेरे के कारण पास ही स्थित एक कुएं में गिर गया। कुएं में पानी होने के कारण वह डूब गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस दुःखद घटना की सूचना मिलते ही बगोदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह सचेतक नागेन्द्र महतो तत्काल बागोडीह पहुंचे। विधायक ने मृत युवक अनुराग यादव की अंतिम क्रिया में शामिल होकर उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके पश्चात, उन्होंने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस असहनीय दुःख की घड़ी में गहरी संवेदना व्यक्त की। विधायक नागेन्द्र महतो ने घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके से ही तत्काल डीएफओ एवं वन विभाग के अन्य उच्च पदाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि विभागीय प्रक्रिया को अविलंब पूरा करते हुए आपदा मद से उचित और पर्याप्त मुआवजा पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाए।

## विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर पोटका प्रखंड स्तरीय छात्र कन्वेंशन का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पोटका :** रविवार को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन पूर्वी सिंहभूम जिला कमिटी की और से पोटका प्रखंड के मानपुर पंचायत भवन में विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं एवं मांगों को लेकर एक छात्र कन्वेंशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं शिक्षाप्रेमी लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता जन्मेंजय सरदार, विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता असित कुमार पात्रों उपस्थित थे। छात्र कन्वेंशन में उपस्थित मुख्य वक्ता एआईडीएसओ झारखंड राज्य सचिवमंडली सदस्य विशेश्वर महतो ने कहा कि आज शिक्षा व्यवस्था लगातार संकट के दौर से गुजर रही है। सरकारी स्कूलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। शिक्षकों की भारी कमी, आधारभूत सुविधाओं का अभाव व पूरे झारखंड में हजारों सरकारी स्कूल बंद किए जा चुके हैं, जिसका असर ग्रामीण एवं गरीब तबके के बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। अंत में कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं आम जनता से सार्वजनिक शिक्षा बचाने के आंदोलन को मजबूत करने और एकजुट होने का अपील किया। छात्र कन्वेंशन को एआईडीएसओ जिला कोषाध्यक्ष सविता सोरेन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव शुभम कुमार झा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गणेश महतो, अधीर भगत, ब्रजेश गोप, करिश्मा धल, गंगा, संजना, पूजा, गौतम राज, चंदन, राजेश, मोनिका, जीत रजक, मिलन मुर्मू आदि का अहम योगदान रहा।

# करोड़ों की इमारत, पर गरिमा तार-तारः शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के बाथरूम में नहीं दरवाजे

रविंद्र राणा




**हजारीबाग :** जिले की सबसे बड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था कहे जाने वाले शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की बदहाली एक बार फिर सुर्खियों में है। मेल वार्ड के शौचालयों की स्थिति इतनी खराब है कि मरीजों, खासकर महिलाओं की निजता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

**बाथरूम में आधे-अधूरे दरवाजे, महिला मरीज परेशान**

अस्पताल के मेल वार्ड में बने बाथरूम के ज्यादातर दरवाजों का निचला हिस्सा पूरी तरह गायब है। कुछ दरवाजे आधे टूटे हुए हैं तो कुछ सिर्फ ऊपर से लटके हुए हैं। ऐसे में इलाज के लिए आने वाली महिला मरीज और तीमारदार वॉशरूम इस्तेमाल करने में भारी असहजता महसूस कर रही हैं। एक महिला तीमारदार ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, "यहां शर्म के मारे बाथरूम जाने में डर लगता है। पर्दे की तो बात ही छोड़िए, दरवाजा तक सलामत नहीं। क्या गरीब की इज्जत की कोई कीमत नहीं।

दावों और हकीकत में बड़ा फर्क
अस्पताल प्रबंधन अक्सर हजारीबाग के इस मेडिकल कॉलेज को राज्य के बेहतर संस्थानों में गिनाता है। लेकिन वार्डों की टूटी दीवारें, गंदगी और बदहाल बाथरूम प्रबंधन के दावों की पोल खोल रहे हैं।
गौरतलब है कि दो दिन पहले ही एक दिन में चार मरीजों की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा हुआ था। परिजनों ने डॉक्टरों और प्रबंधन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए थे। लोगों को उम्मीद थी कि घटना के बाद व्यवस्था सुधरेगी, लेकिन जमीनी हालात जस के तस हैं।

**मरीजों का दर्दः फाइलों में चमक, जमीन पर बदहाली**

मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि साफ-सफाई, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाएं लगातार बदतर हो रही हैं। "करोड़ों की बिल्डिंग खड़ी कर दी, पर बाथरूम का दरवाजा तक नहीं लगवा पाए। क्या यही मॉडल हेल्थ सिस्टम है" एक मरीज के परिजन ने सवाल उठाया।

प्रबंधन की चुप्पी, उठ रहे सवाल
इस मामले में अस्पताल प्रबंधन का पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन कोई अधिकृत बयान नहीं मिल सका।

**अब सवाल उठ रहे हैंः**

क्या जिम्मेदार अधिकारी कभी वार्डों का औचक निरीक्षण करेंगे।
महिला मरीजों की निजता और गरिमा की सुरक्षा कौन सुनिश्चित करेगा।
बुनियादी सुविधाओं की इस बदहाली का जवाबदेह कौन है।
हजारीबाग की जनता अब सिर्फ बयान नहीं, जमीन पर बदलाव चाहती है। कागजों में चमकने वाला सिस्टम टूटे दरवाजों के पीछे दम तोड़ता दिख रहा है।

# प्रधानमंत्री के अनुरोध में छिपा सबका हित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका-ईरान युद्ध के मद्देनजर कुछ बड़े और कड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया है कि वे वाहनों के लिए जरूरत के अनुरूप डीजल-पेट्रोल का सीमित उपयोग करें और कम-से-कम एक साल तक सोना न खरीदें। सार्वजनिक वाहनों से यात्रा करें। मेट्रो और रोडवेज बसों, सिटी बसों जैसे सार्वजनिक वाहनों का इस्तेमाल अधिक करें। उन्होंने अपने मंत्रियों से भी कुछ इसी तरह का आग्रह किया है। उन्होंने अधिकारियों से भी अनुरोध किया है कि वे भी डीजल-पेट्रोल की खपत कम करने की दिशा में काम करें। सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी उन्होंने लगभग इसी तरह का अनुरोध किया है। एक बार नहीं, अनेक बार किया है ताकि कोई उनके अनुरोध को हल्के में न ले। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इस दिशा में काम करना आरंभ भी कर दिया है।

प्रधानमंत्री ने अपने काफिले के वाहनों की तादाद घटाई तो ह्यमहाजनो येन गता स पंथाःह्न की रीति-नीति पर काम करते हुए उनके मंत्रियों ने भी उस पर अमल प्रारंभ कर दिया है। गृहमंत्री, रक्षामंत्री ने भी अपने काफिले की गाड़ियों की संख्या घटा दी है। भाजपा शासित राज्यों उत्तर, प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, ओडिशा और असम आदि राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों के काफिलों में भी वाहनों की संख्या घट गई है। एकाध न्यायाधीश तो साइकिल चलाकर न्यायालय पहुंचे हैं। इन संदेशों के गहरे निहितार्थ हैं, जिन्हें समझे जाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री का देशवासियों से आग्रह है कि संभव हो तो कुछ समय के लिए अपनी विदेश यात्रा टाल दें। इससे जहां देश के विदेशी मुद्रा भंडार और आर्थिक सुरक्षा को मजबूती मिलेगी बल्कि विकसित भारत के उसके सपनों के पंख कमजोर नहीं होंगे। इसके विपरीत विपक्ष का तर्क है कि सरकार को यह कदम पहले ही उठाना चाहिए था। आज की तिथि में ऐसा करने का क्या औचित्य है? उनका सवाल कुछ हद तक वाजिब भी है लेकिन यह समय सवाल पूछने का नहीं, अनुरोध की गंभीरता को समझने का है। मध्य-पूर्व संकट के मद्देनजर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों के मद्देनजर प्रधानमंत्री द्वारा उठाया गया यह कदम बेहद मायनेखेज है। भले ही यह निर्णय देर से लिया गया हो लेकिन 'जब जागे तभी सबेरा।' इस निर्णय को दिखावे का विषय नहीं बनना चाहिए वरन देश के हर आम और खास नागरिक को इस दिशा में सोचना चाहिए और तदनुरूप कार्य व्यवहार करना चाहिए। वैसे भी जो राष्ट्र अर्थ संयम के सिद्धांतों का पालन नहीं करता, वह दुखी रहता है। आय और व्यय के बीच संतुलन तो होना ही चाहिए। इतने गंभीर विषय पर राजनीति करना देश को संकट के दलदल में झोंकने जैसा है? यह किसी से छिपा नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति तक साइकिल चलाकर अपने फार्म हाउस जाते रहे हैं फिर भारत में बेवजह राजनीतिक अहमन्यता का प्रदर्शन क्यों? दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले देश के मुखिया को अगर ऊर्जा के समुचित इस्तेमाल की नसीहत देनी पड़ रही है तो इसका मतलब है कि खतरा बड़ा है और देशवासियों ने अपने विवेक से काम नहीं लिया तो पानी सिर से ऊपर बह सकता है। देश को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। अमेरिका-ईरान युद्ध का असर भारत ही नहीं, दुनिया के तमाम देशों पर पड़ा है, यह किसी से छिपा नहीं है। होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र से भारतीय तेल टैंकरों का आना कठिन हो रहा है। दूसरी ओर अमेरिका ने भी नाकेबंदी कर रखी है। गनीमत थी कि भारत के कुछ टैंकर आ गए थे लेकिन अगर युद्ध लंबा खिंचता है तो भारत के पास जो भी ईंधन है, उसी से काम चलाना होगा। ऐसे में संयम बरतने के अलावा कोई अन्य विकल्प है भी नहीं। वैसे भी ईरान-अमेरिका के बीच युद्ध समाप्त होने के फिलहाल कोई आसार नहीं हैं।

## सूडोकु नवताल- 7798

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7797 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

# प्रधानमंत्री मोदी की नीदरलैंड यात्रा से क्या पाया!

डॉ. मयंक चतुर्वेदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीदरलैंड यात्रा आज भारत की दीर्घकालिक आर्थिक, तकनीकी और सामरिक रणनीतियों को गति देने वाली यात्रा साबित हुई है। दोनों देशों के बीच 17 महत्वपूर्ण समझौतों और आशय पत्रों पर हस्ताक्षर हुए, जिनका दायरा सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा, जल प्रबंधन, कृषि, उच्च शिक्षा, सांस्कृतिक विरासत और रणनीतिक साझेदारी तक फैला हुआ है।

वस्तुतः इन समझौतों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे भारत की उन जरूरतों को संबोधित करते हैं जो अगले दो दशकों में उसकी आर्थिक शक्ति और वैश्विक भूमिका तय करेंगी, इसलिए ही आज यूरोप के तकनीकी रूप से उन्नत और जल प्रबंधन में विश्व अग्रणी देशों में शामिल नीदरलैंड के साथ यह सहयोग भारत के लिए कई स्तरों पर लाभकारी माना जा रहा है।

रणनीतिक रोडमैपः अगले पाँच वर्षों की दिशा

भारत और नीदरलैंड ने भारत-नीदरलैंड रणनीतिक साझेदारी रोडमैप 2026-2030 में जल सुरक्षा, सेमीकंडक्टर विनिर्माण, हरित ऊर्जा, क्रिटिकल मिनरल्स और शिक्षा-शोध सहयोग को प्राथमिकता दी गई है, जिसका कि सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि निजी कंपनियों और निवेशकों को स्पष्ट नीति दिशा और दीर्घकालिक भरोसा मिलेगा।यह रोडमैप यूरोप और एशिया के बीच सप्लाई-चेन पुनर्गठन की उस वैश्विक प्रक्रिया का हिस्सा भी है, जिसमें चीन पर अत्यधिक निर्भरता कम करने की कोशिश की जा रही है।

सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बड़ा कदम

यात्रा का सबसे चर्चित समझौता टाटा इलेक्ट्रोनिक्स और एएसएमएल के बीच हुआ जोकि गुजरात के धोलेरा में स्थापित होने वाली सेमीकंडक्टर फैब परियोजना से जुड़ा है। दुनिया की सबसे उन्नत चिप निर्माण मशीनें बनाने वाली एएसएमएल का सहयोग भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वर्तमान समय में चिप उद्योग वैश्विक अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है। मोबाइल फोन, रक्षा उपकरण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऑटोमोबाइल और सुपरकंप्यूटर– सभी की निर्भरता सेमीकंडक्टर पर है।भारत लंबे समय से चिप निर्माण में आत्मनिर्भर बनने की कोशिश कर रहा था। निश्चित ही यह समझौता उस दिशा में वास्तविक प्रगति का संकेत है।

भारत के खान मंत्रालय और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालय के बीच क्रिटिकल मिनरल्स पर समझौता हुआ है, वह भी ऐसे समय में जब दुनिया लिथियम, कोबाल्ट और रेयर अर्थ मिनरल्स की वैश्विक प्रतिस्पर्धा से गुजर रही है। इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरियाँ, सौर ऊर्जा और रक्षा तकनीक इन खनिजों पर आधारित हैं। वर्तमान में इन संसाधनों पर चीन का बड़ा नियंत्रण है। ऐसे में यह समझौता भारत को वैकल्पिक आपूर्ति-श्रृंखला विकसित करने और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने में मदद कर सकता है।

जल प्रबंधनः डच विशेषज्ञता का लाभ

जल प्रबंधन के क्षेत्र में नीदरलैंड की विशेषज्ञता पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। समुद्र तल से नीचे बसे होने के बावजूद नीदरलैंड ने तकनीक और इंजीनियरिंग के दम पर जल संकट और बाढ़ नियंत्रण में अद्भुत सफलता प्राप्त की है। इसी अनुभव का लाभ लेने के लिए भारत के जल शक्ति मंत्रालय और डच इंफ्रास्ट्रक्चर एंड वॉटर मैनेजमेंट मंत्रालय के बीच गुजरात की कल्पसर परियोजना पर तकनीकी सहयोग का समझौता हुआ। यदि यह परियोजना सफल होती है, तो इससे तटीय क्षेत्रों में जल संरक्षण, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण की नई संभावनाएँ खुल सकती हैं। भारत जैसे जल संकट झेल रहे देश के लिए यह सहयोग दीर्घकालिक रूप से अत्यंत उपयोगी है।

हरित ऊर्जा और हाइड्रोजन मिशन

भारत और नीदरलैंड ने हरित हाइड्रोजन सहयोग पर रोडमैप तैयार किया है। साथ ही, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में संयुक्त कार्य समूह बनाने पर भी सहमति बनी। भारत ने वर्ष 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में बड़े निवेश की आवश्यकता होगी, जिसमें कि नीदरलैंड की तकनीकी क्षमता और भारत के विशाल ऊर्जा बाजार का संयोजन दोनों देशों के लिए लाभकारी हो सकता है।

कृषि और डेयरी क्षेत्र में नई संभावनाएँ

यात्रा के दौरान पश्चिम त्रिपुरा में फ्लोरीकल्चर के लिए इंडो-डच उत्कृष्टता केंद्र और बेंगलुरु में डेयरी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया। नीदरलैंड कृषि तकनीक, डेयरी प्रबंधन और हाइड्रोपोनिक्स में विश्व स्तर पर अग्रणी माना जाता है। भारत में छोटे किसानों और पशुपालकों को आधुनिक तकनीक, बेहतर बीज, वैज्ञानिक डेयरी प्रबंधन और निर्यात आधारित खेती का लाभ मिल सकता है।

स्वास्थ्य और शिक्षा सहयोग

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और नीदरलैंड के सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान के बीच स्वास्थ्य सहयोग पर समझौता महामारी निगरानी, जैव सुरक्षा और चिकित्सा अनुसंधान को नई दिशा देनेवाला है ।कोविड महामारी के बाद वैसे भी सार्वजनिक स्वास्थ्य सहयोग का महत्व बढ़ गया है। संयुक्त शोध परियोजनाएँ भारत की स्वास्थ्य प्रणाली को तकनीकी और वैज्ञानिक रूप से अधिक सक्षम बना सकती हैं।

इसी तरह से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण समझौते हुए। Nalanda University University of Groningen के बीच शैक्षणिक सहयोग तथा Leiden University Libraries और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के बीच समझौता सांस्कृतिक और बौद्धिक संबंधों को मजबूत करेगा।

सांस्कृतिक कूटनीति की बड़ी सफलता

इस बीच इस यात्रा का चोल राजवंश के ताम्रपत्रों की वापसी इस यात्रा का भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण पक्ष रही। भारत पिछले कई वर्षों से विदेशों में मौजूद अपनी ऐतिहासिक धरोहरों को वापस लाने के प्रयास कर रहा है। इन ताम्रपत्रों की वापसी पुरातात्विक उपलब्धि के साथ भारत की सांस्कृतिक पहचान और सभ्यतागत विरासत के सम्मान का प्रतीक भी है।

व्यापार और सीमा शुल्क सहयोग

सीमा शुल्क मामलों में पारस्परिक प्रशासनिक सहायता समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और तेज होगी। स्वभाविक तौर पर इससे निर्यातकों को कागजी प्रक्रियाओं में राहत मिलने और लॉजिस्टिक्स लागत घटने की संभावना है। छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए यह विशेष रूप से लाभकारी साबित हो सकता है।

कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई दिखाई देती है। यह साझेदारी भारत को सेमीकंडक्टर निर्माण, हरित ऊर्जा, जल प्रबंधन, कृषि आधुनिकीकरण और शिक्षा-शोध के क्षेत्रों में नई गति देनेवाली है। साथ ही, यह यूरोप के साथ भारत के बढ़ते रणनीतिक संबंधों का भी संकेत है।

# तमिलनाडु की राजनीति और सनातन का विरोध

हृदयनारायण दीक्षित

तमिलनाडु की राजनीति में सनातन धर्म को समाप्त करने की मांग की गई है। उदयनिधि स्टालिन ने पिछले सप्ताह सदन में कहा है कि सनातन धर्म को समाप्त कर देना चाहिए। डीएमके के अन्य नेताओं ने भी सनातन परंपरा की निन्दा की है। जान पड़ता है कि तमिलनाडु की राजनीति में सनातन के विरुद्ध मानहानिकारक शब्द प्रयोग की बाढ़ आ गई। यह आश्चर्यजनक है कि ऐसे राजनेता सनातन का वास्तविक रूप नहीं जानते। ऐसे नेताओं को भारतीय दर्शन के मूल तत्वों का अध्ययन करना चाहिए और इसके लिए तमिलनाडु के ही निवासी डॉ. राधाकृष्णन के ग्रन्थ पढ़ने चाहिए। सनातन धर्म किसी राजनीतिक दल के प्रस्ताव से अस्तित्व में नहीं आया है। यह सदा से है। विश्व इतिहास का कोई कालखण्ड सनातन विहीन नहीं रहा। यह रिलीजन नहीं है। मजहब भी नहीं है और पंथ भी नहीं है। सनातन अजर-अमर धारणा है। सनातन का कभी जन्म नहीं होता। इसका कभी अवसान नहीं होता। सृष्टि की पहली किरण के साथ सत्य का जन्म हुआ। तब न रात्रि थी न दिन था। न आकाश था। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त के अनुसार तब केवल वह था। आखिरकार वह क्या था? ऋषि बताते हैं कि ह्यवहह्न बिना वायु के स्वयं अपनी क्षमता के बल पर सांस ले रहा था। वह और कुछ नहीं सनातन ही था। प्रकृति प्रकट होती है। फिर व्यक्त से अव्यक्त होती है। सनातन तब भी रहता है। सनातन सदा से है। सदा रहता है। इसका न आदि है न अंत। सनातन का मूल अर्थ है जो सदा से है सदा रहता है। दुनिया में अनेक आस्थाएं हैं। अनेक विचार हैं। अनेक सामाजिक व्यवस्थाएं हैं लेकिन सनातन जैसा अनुभव विश्व इतिहास में कहीं नहीं मिलता। ऋग्वेद में सनातन व्यवस्था का नाम ऋत है। ऋत ब्रह्माण्ड की व्यवस्था का संविधान है। अस्तित्व का अणु परमाणु सुसंगत व्यवस्था में गतिशील है। सनातन से पृथक कुछ भी नहीं। अग्नि का गुण ताप है। वायु का गुण स्पर्श है। जल का गुण रस है। प्रकृति के सभी महाभूतों की गतिविधि ब्रह्माण्ड की व्यवस्था में बंधी हुई है। डॉ. राधाकृष्णन ने लिखा है, ईश्वर भी इस व्यवस्था में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। प्रकृति प्रत्यक्ष सत्य है। उसकी शक्तियाँ भी प्रत्यक्ष सत्य हैं और नियम भी प्रत्यक्ष सत्य हैं। यही सत्य मानव समाज में भी दिखाई पड़ता है। तब प्रकृति की नियमबद्ध गतिविधि और मनुष्य का सदाचरण एक साथ विचारणीय हो जाते हैं। नियमों का पालन करना कर्तव्य है। यही धर्म भी है। ऋग्वेद (2.8.3) में कहते हैं, अग्नि के नियमों का कोई उल्लंघन नहीं कर सकता। नदियाँ ऊपर से नीचे समुद्र की ओर बहती हैं। यह प्रकृति का नियम है और जल का धर्म। नदियाँ ऋतावरी कही गई हैं। ऋत अर्थात प्रकृति के संविधान की पालनकर्ता। सूर्य के लिए कहते हैं, ह्यह्यउसके नियम को इन्द्र, वरुण, रूद्र आदि देवता नहीं तोड़ सकते। (2.38.9) ऋषि वायु से कहते हैं, नियमों के अनुसार चलने वाले मरुद्गण और सरस्वती हमारी स्तुतियाँ सुनें। सभी दिव्य शक्तियाँ प्रकृति के नियमों का पालन करती हैं। नियम तोड़ने का अधिकार किसी को नहीं है। प्रकृति नियम आबद्ध है। यह अस्तित्व का नियम है। इसे ऋत कहते हैं। ऋत और धर्म पर्यायवाची हैं। वैदिककाल में मान्यता थी कि नियम पालन कराना वरुण देवता का कर्तव्य है। ऋग्वेद के अनुसार यह काम भी वह धमार्नुसार ही करते हैं। सूर्य भी धमार्नुसार संसार को प्रकाश से भरते हैं। सूर्योदय, सूर्यास्त, दिन के बाद रात, रात के बाद दिन सब नियमानुसार हैं। सारे नियम सत्य हैं। सनातन हैं। ऋत, सत्य और धर्म एक जैसे हैं। भारतीय परम्परा में विष्णु बड़े देवता हैं। मान्यता है कि वे अवतार लेते हैं लेकिन विष्णु के लिए भी धर्म पालन अनिवार्य है। ऋग्वेद के अनुसार उन्होंने तीन पग चलकर ब्रह्माण्ड नाप दिया था।ह्यह्य यह कार्य आश्चर्यजनक था। ऋग्वेद के अनुसार उन्होंने यह कार्य धमार्नुसार पूरा किया। ग्रिफ्थ ने धर्म का अनुवाद लॉज (विधि) किया है। सूर्य भी नियमों में बंधे हुए हैं। एक सुसंगत ब्रह्मांडीय व्यवस्था के अधीन उदय और अस्त होते हैं। बृहदारण्यक उपनिषद में कहते हैं, जिससे सूर्य उदय अस्त होता है, उस धर्म को देवताओं ने बनाया है। प्रकृति की शक्तियां नियम बंधन के अनुशासन में हैं। मनुष्यों को भी तद्नुसार धर्म-नियमों का पालन करना चाहिए। सनातन धर्म का विकास प्राकृतिक नियमों के विस्तार से हुआ। सनातन धर्म रिलीजन या मजहब नहीं है। रिलीजन और मजहब में एक ईश्वर और एक देवदूत की आस्था है। प्रत्येक मजहब या रिलीजन का एक पवित्र ग्रंथ है। उनके सत्य अंतिम हैं। उन पर कोई तर्क और जिज्ञासा नहीं हो सकती लेकिन सनातन धर्म परम्परा में ईश्वर भी प्रश्न और जिज्ञासा के दायरे में आते हैं। धर्म-नियम धारण करना सभी तत्वों का धर्म है। बृहदारण्यक उपनिषद में कहते हैं, धर्म सभी भूतों का मधु-सार है और सभी भूत धर्म का मधु-सार हैं। यह सनातन है। तमिलनाडु के निवासी कम्बन ने रामकथा लिखी और सनातन धर्म को प्रतिष्ठा दी। इसी राज्य के निवासी राजगोपालाचारी ने भारतीय संस्कृति के लिए अविस्मरणीय काम किया। उन्होंने सभी वर्णों के मंदिर प्रवेश की मुहिम चलाई। तमिलनाडु के ही विश्वविख्यात दार्शनिक डॉ. राधाकृष्णन ने भारतीय दर्शन को विश्वव्यापी बनाया। उन्होंने रूस यात्रा में स्टालिन को समझाया कि रक्तपात बुरा है। इसी भेंट में स्टालिन ने उनसे पूछा कि भारत की लोकप्रिय भाषा कौन-सी है? राधाकृष्णन ने हिन्दी बताया। भारत के राष्ट्रपति रहे परमाणु वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम भी तमिलनाडु के थे। उन्होंने भारत की प्रतिष्ठा सारी दुनिया में पहुँचाई। अद्वैत दर्शन में भक्ति भाव भरने वाले रामानुजाचार्य भी यहीं के थे। आश्चर्य है कि स्टालिन और उनके सहयोगियों के वक्तव्यों ने ऐसे तमाम महानुभावों की सांस्कृतिक परम्परा और योगदान को भी आहत किया है। सनातन धर्म में आज्ञासूचक संहिता नहीं है। 6 प्राचीन दर्शन व लोकायत जैसे नास्तिक दर्शन भी सनातन धर्म का हिस्सा हैं। यहाँ सुसंगत दार्शनिक दृष्टिकोण है। सनातन धर्म किसी देवदूत की उद्घोषणा नहीं है। स्टालिन के अपने निहित स्वार्थ हो सकते हैं। बेशक उनके स्वार्थ हैं। वे सनातन धर्म का खात्मा चाहते हैं लेकिन वे स्वयं जानते हैं कि सनातन की समाप्ति असंभव काम है। जिसका जन्म होता है उसकी मृत्यु भी होती है। सनातन धर्म अजन्मा है। इसका न कोई आदि है न कोई अंत।

# ट्रंप की चीन यात्राः बड़े बे आबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले

तनवीर जाफरी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गत 13-14 मई को चीन का बहुप्रतीक्षित दौरा किया। विश्व की इन दोनों महाशक्तियों के प्रमुखों की मुलाकात पर पूरे विश्व की निगाहें लगी हुई थीं। खासकर अमेरिका-ईरान के मध्य चल रहे तनाव के बीच इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा था। दुनिया की नजरें इस बात पर भी टिकी थीं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जोकि अनेक फ्राँस,ब्रिटेन व यूक्रेन जैसे कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ अपनी असामान्य हरकतों से पेश आने व असहज करने वाले बयानों के लिये सुर्खियों में रहते हैं, आखिर चीन में उनकी भाषा,रवैय्या व बर्ताव कैसा रहेगा। बहरहाल,जिस अमेरिकी राष्ट्रपति के आगमन पर दुनिया के तमाम देश अपनी पलकें बिछाये रहते हैं और प्रायः अमेरिकी राष्ट्रपति के समकक्ष ही हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करते हैं वहीं बीजिंग में उनके स्वागत के लिये चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग स्वयं नहीं पहुंचे बल्कि उपराष्ट्रपति हान झेंग ने राष्ट्रपति ट्रंप का स्वागत किया। हान झेंग हालांकि सीधे तौर पर चीन के विदेश मंत्री नहीं हैं परन्तु विदेश मामलों में उनकी भूमिका मुख्यतः कूटनीतिक प्रतिनिधित्व, उच्च-स्तरीय मुलाकातें, और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने की होती है।

ट्रंप और जिनपिंग के बीच बीजिंग में हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक के दौरान घटी एक असामान्य घटना ने पूरे विश्व का ध्यान अपनी तरफ खींचा। बैठक के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अपने स्थान से उठने के बाद ट्रंप ने शी जिनपिंग के पास रखी उनकी व्यक्तिगत डायरी के पन्ने पलट कर चुपके से झांकने की कोशिश की। निजी ताक-झांक की इस हरकत को विशेषज्ञों व अंतर्राष्ट्रीय मीडिया द्वारा ट्रंप की व्यक्तिगत शैली से जोड़कर देखा गया। इस घटना को दस्तावेज या नोट में बिना पूछे झांकना, दूसरे नेता को पलायन या नियंत्रण की स्थिति में दिखाना और संवाद-दौरे के दौरान नर्म दबाव बनाने की चाल चलना आदि के रूप में भी परिभाषित किया गया। दुनिया ने चीन दौरे के दौरान उसी राष्ट्रपति ट्रंप राष्ट्रपति शी जिनपिंग की 'बॉडी लैंग्वेज ' पर भी नजर रखी।

राष्ट्रपति ट्रंप चीन में अत्यंत संतुलित भाषा का प्रयोग करते और अपने चीनी समक्ष के सामने पूरी नरमी से पेश आते दिखाई दिये। अपनी चीन यात्रा के बाद अमेरिकी प्रशासन और स्वयं राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कई स्तरों पर बयान जारी किए गए जिनमें इस यात्रा को ऐतिहासिक और सफल बताया गया। ट्रंप ने अमेरिका वापस लौटने के बाद कहा कि शी जिनपिंग के साथ हुई बैठक को इतिहास में दो महान शक्तियों की ऐतिहासिक मुलाकात के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने इस मुलाकात को अविस्मरणीय भी कहा। उन्होंने बताया कि यह दो महान देशों' के नेताओं की मुलाकात थी । चीन यात्रा के बाद ईरान पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन दोनों यह मानते हैं कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलने चाहिए और हॉर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत खोलना जरूरी है। परन्तु यह बात ट्रंप ने अमेरिका जा कर तो कही जबकि चीन की ओर से अपने बयान में इस बात का कोई जिक्र नहीं हुआ। ट्रंप ने अपनी इस यात्रा को सौदेबाजी की सफलता और अमेरिकी उद्योगों के लिए बड़े अवसर के रूप में भी पेश किया।

उधर चीन की ओर से ट्रंप को ताइवान को लेकर सख़्त शब्दों में चेतावनी दी गयी जिसके बाद ताइवान मुद्दे पर ट्रंप की भाषा और रुख दोनों ही बदल गये। ट्रंप की यात्रा के बाद चीन ने अपनी रेड लाइन को दोहराया और खासकर ताइवान मुद्दे पर अपना सख़्त लहजा रखा। चीनी विदेश मंत्रालय और राष्ट्रपति पक्ष के बयानों में ताइवान को अपना अविभाज्य हिस्सा बताया गया और यह चेतावनी दी गई कि अगर अमेरिका ने ताइवान के साथ सैन्य-रणनीतिक संबंध बनाए या ताइवान को अधिक हथियार बेचे, तो यह दोनों ताकतों के बीच टकराव और यहां तक कि संघर्ष को न्यौता दे सकता है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ट्रंप के समक्ष चेतावनी भरे अंदाज में स्पष्ट शब्दों में जोर देकर कहा कि ताइवान मुद्दा पूरी तरह चीन का आंतरिक मामला है और किसी बाहरी ताकत को इसमें हस्तक्षेप करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी, अगर इसे सही तरीके से नहीं संभाला गया तो दोनों देश टकराव या यहां तक कि संघर्ष की स्थिति में पहुंच सकते हैं। संभवतः यह पहला अवसर था जबकि किसी राष्ट्राध्यक्ष ने अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष चेतावनी भरे लहजे में 'टकराव और संघर्ष' की बात कही हो।

चीन की इस चेतावनी के बाद जो अमेरिका व्यवहार में ताइवान को अपना सबसे बड़ा राजनीतिक व सैन्य सहयोगी मानता आया है, उसे चीन से अपनी सुरक्षा के नाम पर हथियार देता है और चीन के विरोध के बावजूद उसकी स्वतंत्र-जैसी स्थिति को बनाए रखने के लिए रणनीतिक तौर पर समर्थन देता है। उसी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ताइवान को चीन से वापसी के बाद अब औपचारिक रूप से ताइवान को आजादी का ऐलान करने के खिलाफ चेतावनी दे दी है। ट्रंप ने कहा है कि मैं नहीं चाहता कि कोई स्वतंत्रता की ओर बढ़े। ट्रंप ने यह भी कहा कि सोचिए, हमें युद्ध लड़ने के लिए 9,500 मील दूर जाना पड़ेगा। मैं ऐसा नहीं चाहता। मैं चाहता हूं कि हालात शांत हों। मैं चाहता हूं कि चीन भी शांत रहे। गौरतलब है कि जो अमेरिका कानूनी तौर पर ताइवान को आत्मरक्षा के लिए संसाधन मुहैया कराने के लिए बाध्य था उसी अमेरिका को चीनी राष्ट्रपति की चेतावनी के बाद चीन के साथ कूटनीतिक संबंध बनाए रखने के कारण अब संतुलन साधना पड़ रहा है। उधर चीन स्पष्ट रूप से ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है।

## दैनिक पंचांग

18 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | वृष | 05.07 बजे से |
| चंद्र | वृष में | मिथुन | 07.09 बजे से |
| मंगल | मेष में | कर्क | 09.23 बजे से |
| बुध | वृष में | सिंह | 11.39 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 13.51 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | तुला | 16.01 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.16 ब.से |
| राहु | कुंभ में | धनु | 20.32 बजे से |
| केतु | सिंह में | मकर | 22.37 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | कुंभ | 00.24 बजे से |
| | | मीन | 01.57 बजे से |
| | | मेष | 03.27 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 138 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वितीया 17.54 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रोहिणी 11.32 बजे को समाप्त।
**योग** सुकर्मा 21.48 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 07.47 बजे, कौलव 17.54 बजे तदनन्तर तैतिल 04.04 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 1.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 30'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872713
**जूलियन दिन** 2461178.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 01
**विशेष** रोहिणी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# महेशपुर में नाबालिग से दुष्कर्म मामले का चार घंटे में खुलासा, पांच गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले के महेशपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले का पाकुड़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज चार घंटे के भीतर खुलासा कर लिया। मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो नाबालिगों को निरुद्ध किया गया है। सभी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय भेजा जा रहा है। रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि महेशपुर थाना क्षेत्र में 16 मई की रात एक 13 वर्षीय बच्ची के साथ गंभीर अपराध की घटना हुई है। सूचना प्राप्त होते ही महेशपुर थाना में मामला दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (महेशपुर) के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। गठित टीम ने वैज्ञानिक, तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर छापेमारी अभियान चलाया और कुछ ही घंटों में मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में अविनाश सोरेन (पिताझ्र डीसी सोरेन), बबुता सोरेन उर्फ खबीलाल सोरेन (पिताझ्र राजेन्द्र सोरेन), असार टुडू (पिताझ्र चांदेल टुडू), बाबुन हेंब्रम उर्फ बुधिश्वर हेंब्रम (पिताझ्र कालेश्वर हेंब्रम) तथा कार्तिक मुर्मू (पिताझ्र शिवचरण मुर्मू) शामिल हैं। वहीं, घटना में संलिप्त दो नाबालिगों को भी निरुद्ध किया गया है। कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार, पुलिस निरीक्षक मदन कुमार शर्मा, थाना प्रभारी अजय महतो, रानीश्वर ओपी प्रभारी अजय कुमार उपाध्याय, पाकुड़िया थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो सहित महेशपुर थाना पुलिस एवं सशस्त्र बल की टीम शामिल रही। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है तथा विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## अमड़ापाड़ा में जमीन विवाद में युवक ने की बुजुर्ग की हत्या, गिरफ्तार

**आमड़ापाड़ा :** जिले के आमड़ापाड़ा प्रखण्ड अंतर्गत थाना क्षेत्र के निपनिया (जोजो टोला) गांव में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 17 मई 2026 को सुबह करीब 10 :30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि आमड़ापाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम निपनिया (जोजो टोला) में 16 मई की सुबह करीब 7 बजे के आसपास एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक पाकुड़ के निर्देश पर महेशपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (रक्ळ) का गठन किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक बड़ा दुखिया पहाड़िया (53 वर्ष), पिता स्वर्गीय कालू पहाड़िया, निवासी निपनिया (जोजो टोला), थाना आमड़ापाड़ा, जिला पाकुड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल पाकुड़ भेज दिया।

# 300 गुम हुआ मोबाइल मिलने से लोगों के चेहरे पर आई मुस्कान, पुलिस प्रशासन का जताया आभार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला प्रशासन लोगों की कठिनाईयो को दूर कर रही है, अभियान चलाकर मोबाइल चोरी क्षेत्र में लोगों को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है उक्त बाते डीसी दीपक कुमार दुबे ने कही। सिदो कान्हु सभागार में रविवार को पुलिस प्रशासन की ओर से कार्यक्रम आयोजित करके गुम या चोरी हुए 300 मोबाइलों को साहिबगंज पुलिस की ओर से बरामद करके उनके धारकों को ससम्मान वापस दिया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि डीसी दीपक कुमार दुबे, विशिष्ट अतिथि डीएफओ प्रबल गर्ग, एसपी अमित कुमार सिंह सहित अन्य ने किया। वही अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। जिला पुलिस प्रशासन की ओर से मोबाइल को आकर्षक डब्बे में पैक करके मोबाइल धारकों को मोबाइल ओर पौधा देकर ससम्मान पूर्वक मोबाइल वापस किया गया। वही डीसी ने कहा कि ये कार्यक्रम एक संदेश है कि चोरी या गुम हुआ मोबाइल अब मिलता है। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन आपके साथ है। स्वरोजगार से जोड़कर मोबाइल चोरी पर अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक अथक परिश्रम के बाद जिला प्रशासन व पुलिस विभाग एक अभियान चलाकर इतनी बड़ी संख्या में मोबाइल बरामद किया है। चोरी या गुम हुआ मोबाइल बरामद होता है ओर बरामद करके उसको वापस किया जाता है। सॉरी फॉर द डिले लिखा डब्बा में मोबाइल फोन पैक करके दिया जा रहा है, पौधा को अपने परिसर में लगाकर इसकी सेवा करे। बचे हुए मोबाइल को बरामद करके इसी तरह कार्यक्रम करके मोबाइल दिया जाएगा। सुरक्षा, सेवा, हरियाली जिम्मेदार समाज की पहचान है।मोबाइल पुनर्वितरण से जनविश्वास, वृक्षारोपण से जीवन विकास होता है। वही डीएफओ प्रबल गर्ग ने इस नेक कार्य के लिए पुलिस प्रशासन की कबीले तारीफ है। ये समाचार सुनकर लाखों लोगों के मन में बेहतर सोच जागेगी। मोबाइल के साथ साथ पौधा भी संभाल कर रखे, वन पर्यावरण के लिए लोग बेहतर कार्य करे। वही एसपी अमित कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार का विजन है, सरकार आपके द्वार। हाल के दिनों में जिला में ऐसी घटना हुई, जिससे जिला के बारे में गलत धारणा बनी है। हमलोगों ने एक चैलेंज के रूप में लिया है कि मोबाइल चोर के कलंक को खत्म करेंगे। जिला प्रशासन एक टीम बनाई है, जो गांव में जाकर रोजगार के अवसर दे रहे है। अभियान चलाकर लगभग 450 मोबाइल जब्त किया, 100 से ज्यादा मोबाइल बाहर के लोगों का बरामद किया है, जिसको बुलाकर या कुरियर करके दिया जा रहा है।

## जिला स्थापना महोत्सव की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**साहिबगंज :** झारखंड राजभाषा साहित्य अकादमी एवं मनोरंजन भोजपुरी साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 43वें साहिबगंज जिला स्थापना महोत्सव 2026 के आयोजन को लेकर शनिवार को आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मनोज कुमार झा ने की। कार्यक्रम एनआर सेंटर विद्यालय सभागार में आयोजित हुआ। बैठक में आयोजन प्रमुख सच्चिदानंद ने बताया कि जिला स्थापना महोत्सव की संभावित तिथि 21 एवं 22 जून 2026 निर्धारित की गई है। पर्यावरणविद् नवल कुमार झा ने जिले के विकास को प्रदर्शित करने हेतु प्रदर्शनी एवं झांकी लगाने का सुझाव दिया। वहीं स्कूल एवं कॉलेज स्तर पर वाद-विवाद, आलेख एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में राजगंगा स्मारिका के पुनर्प्रकाशन, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करने तथा दीपोत्सव आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया।

# बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड संख्या 1 में नाला निर्माण कार्य में भारी अनियमितता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के बरहरवा प्रखंड में एक्सपायर्ड और पत्थर बन चुकी वर्षों पुरानी सीमेंट के इस्तेमाल का आरोप, संवेदक की मनमानी पर उठे सवाल बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 में चल रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों एवं वार्डवासियों ने निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है तथा वर्षों पुरानी और पत्थर बन चुकी एक्सपायर्ड सीमेंट का इस्तेमाल खुलेआम किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण स्थल पर रखी गई कई सीमेंट की बोरियां नमी के कारण पूरी तरह जम चुकी हैं। सीमेंट पत्थर का रूप ले चुकी है, बावजूद



इसके मजदूर उसी सामग्री को तोड़कर निर्माण कार्य में उपयोग कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि घटिया सामग्री के उपयोग से बनने वाला नाला कुछ ही महीनों में क्षतिग्रस्त हो सकता है, जिससे सरकारी राशि की बबार्दी तय मानी जा रही है। वार्डवासियों ने बताया कि निर्माण कार्य में न तो निर्धारित मानकों का पालन किया जा रहा है और न ही किसी तकनीकी अधिकारी की नियमित निगरानी दिखाई दे रही है। आरोप है कि संवेदक मनमाने तरीके से कार्य करा रहा है और संबंधित विभाग के अधिकारी इस पूरे मामले में मौन बने हुए हैं। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं ताकि जनता को बेहतर सुविधा मिल सके, लेकिन यदि निर्माण कार्य में ही भ्रष्टाचार और लापरवाही हावी रहे तो योजनाओं का लाभ लोगों तक सही तरीके से नहीं पहुंच पाएगा। लोगों ने यह भी मांग की कि निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री की तत्काल जांच कराई जाए तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर संवेदक की इस खुलेआम मनमानी का जवाब कौन देगा और जनता के पैसे की बबार्दी पर प्रशासन कब कार्रवाई करेगा।

# फिर सिर उठा रहा नशे का कारोबार पुलिस की सक्रियता पर सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप, कबूतरखोपी, पूर्वी फाटक और खुटहरी इलाके में अवैध मादक पदार्थों (गांजा, एमडीएम, भांग) का कारोबार एक बार फिर तेजी से पैर पसार रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क किनारे खुलेआम मादक पदार्थ बेचा जा रहा है, जिससे क्षेत्र में भारी आक्रोश है। सूत्रों के मुताबिक, मार्च-अप्रैल माह में पुलिस अधीक्षक के सख्त रुख और स्थानीय पुलिस की सक्रियता के बाद अवैध कारोबार पर कुछ समय के लिए अंकुश लगा था। संदिग्ध गतिविधियां थम गई थीं और लोगों में उम्मीद जगी थी कि क्षेत्र नशे के जाल से मुक्त होगा। लेकिन मई माह शुरू होते ही हालात फिर बिगड़ गए। अब सड़क किनारे घूम-घूमकर नशे का सामान बेचा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नशे का यह कारोबार तेजी से युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र भी इसकी चपेट में आने लगे हैं, जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र की सामाजिक व्यवस्था बिगड़ सकती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब पुलिस लगातार गश्त और निगरानी का दावा करती है, तो यह अवैध धंधा किसके संरक्षण में चल रहा है? स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि कहीं स्थानीय स्तर पर मिलीभगत के चलते तो नशे के सौदागर बेखौफ नहीं घूम रहे। फिलहाल कार्रवाई कागजों तक ही सिमटी नजर आ रही है। क्षेत्रीय जनता ने प्रशासन से मांग की है कि नशे के इस नेटवर्क पर तुरंत सख्त कार्रवाई हो, ताकि युवा पीढ़ी को बर्बाद होने से बचाया जा सके।

# पुलिस अधीक्षक ने किया अपराध नियंत्रण गोष्ठी का आयोजन, बकरीद पर सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** पुलिस लाइन स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में रविवार को मासिक अपराध नियत्रंण गोष्ठी हुई। इसकी अध्यक्षता एसपी अमित कुमार सिंह ने की। उन्होंने थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी हाल में कोताही नहीं बरतें। एसपी ने बकरीद पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने का निर्देश दिया। उन्होंने नशा उत्पादों पर रोक लगाने, मोटरसाइकिल की चोरी व



घरों में चोरी पर रोक लगाने का विशेष निर्देश दिया। साथ ही रात्रि गश्ती पर विशेष फोकस करने, गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करने, चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करने, हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करने, चोरी की घटना में संलिप्त पूर्व में रहे लोगों व असामाजिक तत्वों का डाटा तैयार कर उस पर नजर बनाए रखने व लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने, लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकल कसने का निर्देश दिया। उन्होंने जेल से छूटने वाले लोगों को चिन्हित कर उन पर पैनी नजर बनाए रखने का भी निर्देश दिया। साथ ही लोगों से बेहतर तालमेल बनाने, थानों में उनकी समस्या सुनने, सूचना तंत्र को मजबूत बनाने, जमीनी विवाद पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर डीएसपी विजय कुशवाहा, सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की, बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल, राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, सभी पुलिस निरीक्षक सहित जिले के सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

## एक नजर

### पातकोम दिशोम मांझी पारगाना महाल का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

**चांडिल :** पातकोम दिशोम मांझी पारगाना महाल का दो दिवसीय वार्षिक महासम्मेलन रविवार को समापन हो गया। चांडिल स्थित शीशमहल महल में शनिवार और रविवार को संथाल समाज की दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन हुई। सिद्धू कान्हू पं रघुनाथ मुर्मू की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित शनिवार को सम्मेलन की शुभारंभ किया गया था।सम्मेलन की अध्यक्षता पातकोम दिशोम देश पारगाना रामेश्वर बेसरा ने की। सम्मेलन में दुगनी पीढ़ पारगाना दिवाकर सोरेन सालखान सोरेन बाबलू मुर्मू खरसवां के मानकी दोलू सिंह सरदार चारुचांद किस्कु श्यामल मार्डी कुनाराम सोरेन महेश्वर मुर्मू ने समाज की मजबूतीकरण को लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किए। संताल समाज में उत्कृष्ट काम करने वाले मांझी बाबाओं को पांची गमछा देकर सम्मानित किया गया।वहीं 35वर्षों से लगातार साईकिल में घुम घुम कर समाज को जागरुक करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता पूर्ण चंद्र बेसरा को पातकोम दिशोम मांझी पायगाना महाल की और से साईकिल देकर सम्मानित किया गया। दो दिन तक चली संथाल समाज की वार्षिक महासम्मेलन को संबोधित करते हुए पातकोम दिशोम देश पारगाना रामेश्वर बेसरा ने कहा कि अपने बच्चों हिंदी अंग्रेजी के साथ साथ मातृभाषा ओलचिकी की शिक्षा दे। उन्होने समाज के लोगों से नशापान नहीं करने अंधविश्वास से दूर रहने की अपील करते हुए कहा बच्चे शिक्षित होंगे तो समाज आगे बढ़ेगा।

### दामोदर नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत

**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के दो बच्चों की मौत दामोदर नदी में डूबने से हो गई। जबकि एक बच्चे की जान स्थानीय लोगों के सक्रियता और सूझबूझ से बची। पूरे दिन दामोदर नदी में शव की तलाश जारी रही। शाम को गढ़बांध चेकडैम के पास दोनों बच्चों का शव बरामद किया गया। घटनास्थल पर मौजूद रामगढ़ अंचल अधिकारी रमेश रविदास ने बताया कि रामगढ़ शहर के मेन रोड, सुभाष चौक निवासी बबलू सोनकर का 14 वर्षीय पुत्र प्रिंस सोनकर और बिजुलिया तालाब के अयोध्या नगर निवासी दीपक कुमार वर्मा का 14 वर्षीय पुत्र वैभव अपने एक अन्य साथी बंगाली टोला निवासी आयुष के साथ नहाने दामोदर नदी गया हुआ था। गढ़बांध के पास बने चेकडैम में उन लोगों ने नहाना शुरू किया। इसी दौरान वे लोग नदी में गिरे। देखते ही देखते तीनों बच्चे गहरी नदी में समा गए। वहां पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाई और आयुष को डूबने से बचा लिया। लेकिन प्रिंस और वैभव को वे लोग नहीं बचा पाए।

### खूंटी के सेतागड़ा गांव पहुंचे विधायक, ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

**खूंटी :** खूंटी प्रखंड के सेतागड़ा गांव में रविवार को विधायक रामसूर्या मुंडा ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांव की बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव में अब तक पहुंच पथ का निर्माण नहीं होने की समस्या विधायक के समक्ष प्रमुखता से उठाई। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क नहीं होने के कारण गांव के लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने कहा कि आज भी गांव कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, जो चिंता का विषय है। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए विधायक रामसूर्या मुंडा ने आश्वासन दिया कि सेतागड़ा गांव में पहुंच पथ निर्माण सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को जल्द पूरा कराने की दिशा में पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मंडल कारा में मासिक जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



**साहिबगंज :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज द्वारा साहेबगंज मंडल कारा में मासिक जेल अदालत, स्वास्थ्य शिविर सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के सचिव विश्वनाथ भगत ने उपस्थित बंदियों को उनके विधिक अधिकारों तथा उपलब्ध नि :शुल्क विधिक सहायता सेवाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से नालसा की स्पृह योजना, 2025 के अंतर्गत प्रदान की जा रही नि :शुल्क विधिक सहायता, कानूनी परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जिन बंदियों के पास अधिवक्ता उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें नि :शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत बंदियों के पुनर्वास, कौशल विकास तथा रिहाई उपरांत उन्हें रोजगारोन्मुख अवसरों से जोड़ने की दिशा में विशेष पहल की जा रही है। साथ ही बंदियों के परिजनों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बंदियों को समाज की मुख्यधारा से पुन: जुड़ने, सकारात्मक जीवनशैली अपनाने तथा भविष्य में अपराध से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। सचिव ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य केवल विधिक सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि बंदियों के सामाजिक पुनर्वास एवं सम्मानजनक जीवन की पुनर्स्थापना सुनिश्चित करना भी है। शिविर के अंतर्गत एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें चिकित्सकों द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल कामनी शर्मा, रविन्द्र श्रीवास्तव, अमरेन्द्र श्रीवास्तव, रतन कुमार द्वारा ऐसे बंदियों की पहचान की गई, जिनके मामलों में अब तक अधिवक्ता नियुक्त नहीं किए गए हैं। टीम द्वारा ऐसे मामलों में शीघ्र विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त, बंदियों को उनके वादों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया, जिससे वे अपने मामलों की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर सके। विशेष रूप से महिला बंदियों की विधिक आवश्यकताओं पर ध्यान देते हुए उन्हें संबंधित मामलों में आवश्यक परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। यह आयोजन बंदियों के विधिक अधिकारों के संरक्षण, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा सामाजिक पुनर्वास के प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

### शेरशाहबादी समाज के धरना में पहुंचे सांसद कहा- समाधान होकर रहेगा



**साहिबगंज :** जिले के बरहरवा प्रखंड में शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुन: निर्गत करने की मांग को लेकर बरहरवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जारी अनिश्चितकालीन महाधरना शनिवार को 14वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन के 14वें दिन राजमहल सांसद विजय हांसदा धरनास्थल पहुंचे और आंदोलनकारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। सांसद के पहुंचने पर धरनास्थल पर मौजूद लोगों में उत्साह देखा गया। धरनास्थल में मीडिया को संबोधित करते हुए सांसद विजय हांसदा ने कहा कि वे इस मामले से पहले से अवगत हैं और यह मुद्दा क्षेत्र की एक बड़ी आबादी को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से पूर्व में कई बार पत्राचार कर इस समस्या के समाधान का प्रयास किया गया,लेकिन अंचल स्तर पर मामला नहीं सुलझ पाने के कारण समुदाय के लोग पिछले दो सप्ताह से धरना देने को मजबूर हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं पूरी तरह से शेरशाहबादी समाज के साथ हूं। यह मामला गंभीर है और इसका समाधान होना जरूरी है। ग्रामसभा,जो सबसे बड़ी सभा होती है,उसके माध्यम से भी इस विषय का समाधान निकाला जा सकता है। इस संबंध में साहिबगंज उपायुक्त से बातचीत हुई है।आगामी मंगलवार को प्रभावित अंचलों के अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर मामले के समाधान की दिशा में पहल की जाएगी। सांसद ने आंदोलनकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि बैठक के बाद भी समाधान नहीं निकलता है,तो आगे जो भी आवश्यक होगा,वह किया जाएगा। इस मामले का समाधान होकर रहेगा,यह तय है। धरना स्थल पर मौजूद आंदोलनकारियों ने सांसद के समक्ष अपनी समस्याएं रखते हुए कहा कि वर्ष 2012 तक शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता था,लेकिन बाद में अचानक इसे बंद कर दिया गया,जिससे हजारों छात्र-युवा शिक्षा,नौकरी और आरक्षण के लाभ से वंचित हो रहे हैं। धरना स्थल पर आज भी बड़ी संख्या में छात्र,युवा और बुजुर्ग मौजूद रहे। आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक ठोस निर्णय नहीं लिया जाता,तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### मिट्टी लोड ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक चालक सहित तीन घायल, एक रेफर



**साहिबगंज :** तीनपहाड़-राजमहल मुख्य मार्ग पर बेगमपुरा झमझमियां काली मंदिर के पास रविवार को ट्रैक्टर के धक्के से बाइक चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कल्याण चक, गंगटियां निवासी बाबूलाल मुर्मू (24) समीन मुर्मू (18), और गदई हेंब्रम (18) बाइक में सवार होकर राजमहल बाइक शोरूम किसी काम से आ रहा था। इसी दौरान झमझमियां काली मंदिर के पास एक बिना नंबर के ओवरलोड मिट्टी लदा ट्रैक्टर चालक ने अनियंत्रित होकर बाइक चालकों को धक्का मार दिया। जिससे बाइक चालक सहित बाइक में बैठे दो युवक बीच सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों घायलों को आसपास के लोगों एवं राहगीरों की मदद से 108 एंबुलेंस को बुलाकर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा गया। जहां ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर नाजिश ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति में बाबूलाल मुर्मू का पैर टूट जाने के कारण बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। मौके पर गांव वालों ने ट्रैक्टर को पकड़ कर पुलिस को सूचना दे दी थी। घटना की सूचना मिलते थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## एक नजर

### नाराज होकर भागा 13 वर्षीय नाबालिग इटावा से बरामद

**बोकारो** : बोकारो के बी एस सिटी थाना पुलिस ने रविवार को स्ट्रीट नंबर 7 एवं क्वार्टर संख्या 140 निवासी मुकेश कुमार राय के 13 वर्षीय पुत्र सूरज को उत्तर प्रदेश के इटावा से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने देर शाम बच्चे को परिजनों के हवाले कर दिया। थाना पदाधिकारी ने बताया कि सूरज 11 मई को परिजनों से डांट-फटकार के बाद घर से नाराज होकर भाग गया था। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद 12 मई को बी एस सिटी थाना में बच्चे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना की ओर से तलाशी अभियान शुरू किया गया। खोजबीन में बी एस सिटी थाना के पु.अं.नि. विरेन्द्र खाखा की भूमिका निर्णायक रही। उन्होंने लगातार जांच-पड़ताल कर और संबंधित स्थानों से संपर्क कर आखिरकार रविवार को सूरज को उत्तर प्रदेश के इटावा से बरामद किया। थाना ने बताया कि बच्चे की तबीयत ठीक है और सुरक्षा में किसी तरह की अनहोनी नहीं हुई।

### बिनोद महतो की संदिग्ध हाल में मौत पुलिस जांच में जुटी

**बोकारो**: बालीडीह थाना क्षेत्र के करहरिया पंचायत अंतर्गत कशियाटांड़ गांव में शनिवार रात करहरिया निवासी 45 वर्षीय बिनोद महतो का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। मृतक के सर, पेट और पीठ पर कई जगह चोट के निशान देखे गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही बालीडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के लिए खोजी कुत्ते का भी सहारा लिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के संबंध में पुलिस अधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ जारी है और हत्या के कारण व आरोपियों की भूमिका का पता लगाने के लिए पटाक्षेप किए जा रहे हैं। फिलहाल किसी भी संभावित संदिग्ध की गिरफ्तारी की सूचना नहीं मिली है। मृतक के परिवार ने कहा कि बिनोद महतो अधिकांश समय बाहर मजदूरी करता था और गांव में अक्सर अकेला रहता था। उसके पुत्र उदय कुमार साव ने बताया कि बिनोद कभी-कभार ही गांव में रहते थे और शुक्रवार रात वह घर आए थे। घटना शनिवार रात को हुई। उदय वर्तमान में पेटरवार स्थित ननीहाल में मां और बहन के साथ रहकर पढ़ाई कर रहा है। घटना की सूचना मिलने पर वह पेटरवार से गांव आया। मृतक के पिता छोटू महतो ने बताया कि उनका परिवार गांव के मुहाने पर सूरज मोड़ में रहता है। रविवार सुबह ग्रामीणों ने उन्हें घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उन्होंने पोते को भी सूचित किया। पुलिस ने कहा कि शव का पोस्टमार्टम कराकर हत्या के कारण व समय की पुष्टि की जाएगी।

### गौवंश ले जा रहा टाटा मैजिक जब्त, पांच गौवंश रेस्क्यू

**धनबाद** : धनबाद के बिनोद बिहारी चौक के समीप रविवार की सुबह कथित गौ तस्करी के आरोप में लोगों ने एक टाटा मैजिक वाहन को पकड़ लिया। वाहन में गौवंशों को कथित रूप से ठूंस-ठूंस कर ले जाया जा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन सहित पांच गौवंशों को कब्जे में लेकर धनबाद थाना ले गई। मामले में झारखंड गौहत्या प्रतिषेध अधिनियम और परिवहन नियमों के तहत कार्रवाई की मांग की जा रही है। पवित्रम सेवा दल के सदस्यों के अनुसार रविवार की सुबह बिनोद बिहारी चौक के पास लोगों को तेज रफ्तार से गुजर रहे एक टाटा मैजिक वाहन पर संदेह हुआ। जब स्थानीय लोगों ने वाहन को रोकने का प्रयास किया तो चालक कथित रूप से वाहन लेकर भागने लगा। इसके बाद दुकानदारों और राहगीरों की मदद से वाहन को रोक लिया गया। वाहन की जांच करने पर उसमें 10 गौवंश पाए गए।

# ट्रेनों की लेटलतीफी के खिलाफ तेज हुआ आंदोलन विधायक ने रेलवे को दी चेतावनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम** : टाटानगर सहित आसपास के क्षेत्रों में ट्रेनों की लगातार लेटलतीफी को लेकर रेल यात्री संघर्ष समिति का आंदोलन तेज होता जा रहा है। रविवार को साकची गोलचक्कर पर आयोजित हस्ताक्षर अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर रेलवे की कार्यप्रणाली के प्रति नाराजगी जाहिर की। इस दौरान जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने रेलवे प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि शांतिपूर्ण आंदोलन को रेलवे कमजोरी समझ रहा है, तो यह उसकी बड़ी भूल है। उन्होंने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ने पर आंदोलनकारी रेल ट्रैक पर बैठकर भी विरोध प्रदर्शन करेंगे। सरयू राय ने कहा कि रेल यात्री संघर्ष समिति की मांगें पूरी तरह जनहित से जुड़ी हुई हैं। यात्रियों की सबसे बड़ी समस्या ट्रेनों की लगातार देरी है, जबकि रेलवे मालगाड़ियों को प्राथमिकता देकर यात्री ट्रेनों को घंटों रोक रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किसके आदेश पर यात्री ट्रेनों को रोककर मालगाड़ियों को पहले पास कराया जा रहा है। विधायक ने यह भी कहा कि देश के कई हिस्सों में रेलवे के आधारभूत ढांचे को मजबूत किया गया है, लेकिन टाटानगर जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन की लगातार उपेक्षा की जा रही है। इससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यक्रम में रेल यात्री संघर्ष समिति के संयोजक शिवशंकर सिंह ने कहा कि आंदोलन को लोगों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। उन्होंने बताया कि 18 मई को बमामाईंस और 19 मई को मानगो में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा, जबकि 24 मई को घाटशिला में बड़े स्तर पर अभियान आयोजित होगा। शिवशंकर सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोग रेलवे की कार्यप्रणाली के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। जरूरत पड़ने पर प्रतिनिधिमंडल रेल मंत्री तक अपनी बात पहुंचाएगा। कार्यक्रम में कुलविंदर सिंह पन्नू ने कहा कि यात्री ट्रेनों की कीमत पर मालगाड़ियों को प्राथमिकता देना उचित नहीं है। कार्यक्रम के दौरान विधायक सरयू राय सहित अन्य सदस्यों ने राहगीरों के बीच पर्चे बांटे और लोगों से क्यूआर कोड स्कैन कर अपनी राय दर्ज करने की अपील की। अभियान के संचालन में नीरज सिंह और सुनील सिंह की सक्रिय भूमिका रही।

### जीजा-साली के प्रेम में हाई वोल्टेज ड्रामा

## दो दिन तक मोबाइल टावर पर चढ़ा रहा प्रेमी युगल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : धनबाद और गिरिडीह जिले में जीजा-साली के प्रेम प्रसंग को लेकर दो दिनों तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। पहले शादीशुदा युवक सुनील महतो गिरिडीह के निमियाघाट थाना क्षेत्र स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया, वहीं अगले दिन रविवार को उसकी प्रेमिका और रिश्ते में साली लगने वाली देवंती कुमारी धनबाद जिले के हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोमो के सिकलाईन इलाके में मोबाइल टावर पर चढ़ गई। जानकारी के अनुसार, युवती अपने प्रेमी सुनील महतो को पुलिस हिरासत से छोड़ने और उससे शादी कराने की मांग कर रही थी। युवती के टावर पर चढ़ने की खबर फैलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। स्थानीय लोगों और पुलिस ने काफी देर तक समझाने-बुझाने का प्रयास किया, जिसके बाद युवती सुरक्षित नीचे उतरी। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले ही प्रेमी सुनील महतो शादी की जिद को लेकर गिरिडीह जिले के निमियाघाट थाना के पीछे स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया था। कई घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस ने उसे नीचे उतारा था। युवक पहले से शादीशुदा बताया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध चल रहा है। स्थानीय मुखिया अहमद अली ने बताया कि युवती काफी देर तक टावर पर चढ़ी रही। पुलिस और ग्रामीणों के समझाने के बाद वह नीचे उतरने को तैयार हुई। लगातार दूसरे दिन हुए इस घटनाक्रम ने पूरे इलाके में चर्चा का माहौल बना दिया है। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों को समझाने और मामले को शांत कराने में जुटी हुई है।

## दुग्दा में तार बदलने के दौरान पोल गिरा, ठेका मजदूर गंभीर रूप से घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : महेश सिनेमा हॉल के पीछे बने विद्युत पोल पर तार बदलते समय पोल सहित पोल पर काम कर रहे ठेका मजदूर नागेश्वर महतो जमीन पर गंभीर रूप से गिर गए। साथी कर्मियों की सहायता से उन्हें तुरन्त डीवीसी चंद्रपुरा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत देखते हुए उन्हें मुस्कान अस्पताल, बोकारो रेफर कर दिया गया। उनका इलाज वर्तमान में जारी है। घटना का संबंध 13 मई को महेश टाकिज के पास लगे 25 केवीए ट्रांसफॉर्मर से जुड़ी तकनीकी खराबी से है। उस दिन एलटी की तार टूटकर गिरने के कारण ट्रांसफॉर्मर के स्पर्श में आने से चार मवेशियों की मौत हो गई थी। झारखंड विद्युत वितरण निगम के एसडीओ तेनुघाट के निर्देश पर मेसर्स रायल इंटर प्राइजेज नामक ठेका कंपनी से टूटे हुए पोल और तारों की मरम्मत का काम कराया जा रहा था। स्थानीय लोगों और अस्पताल सूत्रों के अनुसार, मरम्मत कार्य में लगे ठेका मजदूरों को आवश्यक सुरक्षा किट प्रदान नहीं की गई थी। ठेकेदार की ओर से सुरक्षा उपक्रम न अपनाने के कारण मजदूर कार्य के दौरान लोहे के पोल के साथ जमीन पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल मजदूरों में से नागेश्वर महतो की हालत सबसे गंभीर बताई जा रही है। एसडीओ तेनुघाट ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की विस्तृत जांच करायी जाएगी और सुरक्षा प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। वहीं स्थानीय निवासी और काम में लगे मजदूरों ने ठेकेदार पर सुरक्षा उपक?? उपलब्ध न कराने का आरोप लगाया है। पुलिस और विद्युत विभाग की टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया है। अस्पताल अधिकारियों ने बताया कि मरीज की हालत स्थिर नहीं है और आगे की चिकित्सा रिपोर्ट आने पर उपचार जारी रहेगा।

## एसएनए छऊ केंद्र में तीन दिवसीय मोहुरी संगीत कार्यशाला का हुआ समापन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : एस०एन०ए० छऊ केंद्र, चंदनकियारी में आयोजित तीन दिवसीय आवासीय मोहुरी संगीत कार्यशाला के तृतीय एवं अंतिम दिन रविवार को प्रशिक्षुओं का उत्साह चरम पर देखने को मिला। पूरे केंद्र परिसर में मोहुरी एवं शहनाई की मधुर ध्वनियों ने सांस्कृतिक वातावरण को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र के संयोजक डॉ संजय कुमार चौधरी ने इस प्रकार के आयोजन की महत्ता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि लोक एवं पारंपरिक कलाओं के संरक्षण और संवर्धन हेतु इस तरह की कार्यशालाएँ अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं के उत्साह और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों की पुनरावृत्ति होनी चाहिए, ताकि नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ हेमलता एस मोहन, जो सीसीआरटी की पूर्व अध्यक्षा भी रह चुकी हैं, ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कार्यशाला की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ न केवल कला के क्षेत्र में नई संभावनाओं को जन्म देती हैं, बल्कि प्रतिभागियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य भी करती हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय लोक एवं पारंपरिक कलाओं के माध्यम से देश-विदेश में विशेष पहचान और सम्मान प्राप्त किया जा सकता है। संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली की इकाई एस एन ए छऊ केंद्र, चंदनकियारी में आयोजित इस तीन दिवसीय मोहुरी संगीत कार्यशाला का समापन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला को सफल बनाने में एस० एन० ए० नई दिल्ली से आए पर्यवेक्षक डॉ संतोष प्रसाद जी सहित केंद्र के कर्मी दिलीप जेना, विजय कुमार एवं आशुतोष कुमार का विशेष योगदान एवं अथक प्रयास सराहनीय रहा।

## वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्वदेशी जागरण मंच कार्यालय का हुआ उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : स्वदेशी जागरण मंच बोकारो के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। पूजा के मुख्य जजमान स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय मेला प्रमुख सचिंद्र कुमार बरियार की अगुवाई में पूजा पाठ व हवन के साथ कार्यालय का विधिवत उद्घाटन हुआ। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के अखिल भारतीय प्रयांशी जगन्नाथ शाही, मंच के क्षेत्रीय संयोजक राजेश उपाध्याय ,पूर्व विधायक बीरांची नारायण, रोहित लाल सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह, अजय चौधरी 'दीपक' आदि सामूहिक रूप से पूजा हवन में शामिल हुए। इस मौके पर मंच के अखिल मेला प्रमुख सचिंद्र कुमार बरियार ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच का अपना कार्यालय होने से स्वदेशी आंदोलन को और मजबूती मिलेग। उन्होंने कहा कि स्थाई कार्यालय होने से स्वदेशी की रणनीति को बल मिलेगी। इस मौके पर विवेकानंद झा प्रमोद कुमार सिन्हा जिला संयोजक, रोहित लाल सिंह, के के बोराल , विवेक सिंह, दीपक चौधरी, अजय सिंह, ददन प्रसाद, जयशंकर प्रसाद, कुमार संजय, नवीन सिन्हा, बिनोद चौधरी, पूनम सिन्हा, मनोरमा चौधरी, अनुजा सिंह, राधा सिंह, अनीता सिंह, प्रतिमा प्रसाद, आशा सिन्हा,विवेकानंद झा, राम टहल सिंह एवं दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ अनुषंगी के पदाधिकारी और आम नागरिक उपस्थित थें।

# जीवन का आधार है योग, इसके बिना कुछ नहीं : ब्रज भूषण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : विद्यार्थियों में योग विद्या के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बेकारो में आयोजित दोदिवसीय चतुर्थ योगासन क्रीड़ा प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गई। शहर के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे 250 से अधिक प्रतिभागियों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंडर- 9, अंडर- 14 (सब-जूनियर) और अंडर- 18 (जूनियर) आयुवर्गों में प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता की कलात्मक तथा पारंपरिक योग स्पर्धाओं में अपनी काबिलियत दिखाई। सभी वर्गों में समेकित प्रदर्शन के आधार पर डीपीएस बोकारो की टीम ने एक बार पुनः ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब जीता। दूसरे स्थान पर गुरु गोविन्द सिंह पब्लिक स्कूल (जीजीपीएस), सेक्टर-5 और तीसरे पायदान पर एआरएस पब्लिक स्कूल की टीम रही। समापन समारोह के मुख्य अतिथि देश के जाने-माने बॉक्सिंग चैम्पियन द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता सूबेदार मेजर ब्रज भूषण मोहंती ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। मोहंती ने योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के मुख्य संरक्षक, प्रतियोगिता आयोजक बोकारो डिस्ट्रिक्ट योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन (बीडीवाईएसए) के अध्यक्ष एवं मेजबान डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार के साथ प्रत्येक स्पर्धा के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। अंडर- 9 बालक-बालिका के लिए केवल सूर्य नमस्कार, अंडर- 14 सब-जूनियर एवं अंडर- 18 जूनियर बालक-बालिका के लिए ट्रेडिशनल योगासना के अलावा आर्टिस्टिक सिंगल एंड पेयर, रिदमिक पेयर, बैकवर्ड बेंड, फॉरवर्ड बेंड, सुपाइन, ट्विस्टिंग, लेग बैलेंस, हैंड बैलेंस एवं ग्रुप आर्टिस्टिक स्पधाएं आयोजित की गईं। इनमें प्रतिभागियों ने जमकर अपनी योगकला प्रदर्शित की। खास तौर से छोटे-छोटे योगवीरों का शारीरिक संतुलन और उनकी स्फूर्ति देखते ही बन रही थी। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि मोहंती ने योग को जीवन का आधार बताया। कहा कि इसके बिना कहीं कुछ भी नहीं। क्रीड़ा के रूप में योगासन के प्रति जिस प्रकार से आज चौतरफा क्रांति आई है, वह अपने-आप में सराहनीय है। इस दिशा में उन्होंने एसोसिएशन एवं डीपीएस बोकारो के प्रयासों को अनुकरणीय बताया। यहां आकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जिलास्तरीय इस आयोजन में बच्चों की जो उत्साहपूर्ण भागीदारी दिखी, वह किसी राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम से कम नहीं। उन्होंने यह प्रयास आगे भी जारी रखते हुए योगासन को ओलंपिक तक में सशक्त भागीदारी से प्रतिष्ठित करने का संदेश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड राज्य कबड्डी संघ की विशेष बैठक संपन्न



**जमशेदपुर** : जमशेदपुर में रविवार को आयोजित झारखंड राज्य कबड्डी संघ की विशेष बैठक संघ के महासचिव संजय कुमार झा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक प्रमुख रूप से झारखंड राज्य कबड्डी संघ की वर्ष 2026- 2030 के लिए नयी कार्यकारिणी गठन को लेकर चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि जून के द्वितीय सप्ताह में चुनाव के माध्यम से नई कमेटी का गठन किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में सभी जिला कबड्डी संघ को निर्देश दिया गया की 31 मई तक निश्चित तौर पर अपने-अपने जिला संघ का बैठक कर अपने कार्यक्रमों का रूपरेखा तैयार कर राज्य कबड्डी संघ के पास रिपोर्ट करेंगे। बैठक से पूर्व पूर्वी पश्चिम जिला कबड्डी संघ के पदाधिकारी ने विभिन्न जिला से आए हुए प्रतिनिधियों का स्वागत किया। बैठक में वर्ष 2026 -27 के लिए सर्वसमिति से कैलेंडर तैयार किया गया। इसके अलावा झारखंड राज्य कबड्डी संघ के विभिन्न उप समितियां का गठन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तपन रावत, महासचिव संजय कुमार झा, कोषाध्यक्ष हरीश कुमार, टेक्निकल बोर्ड के अध्यक्ष ए एम त्रिपाठी, एमपी सिंह, तिलक साहू, रमेश साहू, शिव कुमार, मनोज कुमार शर्मा, दीपक कुमार, ने अनवर मुश्ताक दीपक तिवारी श्यामल दास जगदेव गोप सुशील कुमार हसल तिलक साहू शिव प्रसाद ओम प्रकाश साहू जंगेल जसवंत साहू बसंती प्रसाद दीपिका कुजूर अनु पुर्ती कुमारी नीतू नाग नेहा सहित विभिन्न जिलों के अध्यक्ष सचिव वह प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### चिन्मय विद्यालय बोकारो के पूर्व छात्र शुभम कुमार बने पटना के उप विकास आयुक्त



**बोकारो** : बोकारो के चिन्मय विद्यालय बोकारो के पूर्व छात्र और यूपीएससी 2020 के टॉपर शुभम कुमार को बिहार सरकार ने नई जिम्मेदारी सौंपी है। बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, वर्तमान में उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद नालंदा के पद पर कार्यरत शुभम कुमार का तबादला कर उन्हें पटना का उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद नियुक्त किया गया है। यह अधिसूचना बिहार सरकार के अवर सचिव सिद्धेश्वर चौधरी द्वारा राज्यपाल के आदेश से जारी की गई। आईआईटी बॉम्बे से स्नातक शुभम कुमार ने वर्ष 2020 की यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक-1 हासिल कर देशभर में पहचान बनाई थी। उनकी प्रारंभिक शिक्षा पूर्णिया के विद्या विहार आवासीय विद्यालय में हुई, जबकि उच्च शिक्षा बोकारो के चिन्मय विद्यालय से पूरी की। शुभम कुमार की सफलता और संघर्ष की कहानी आज भी यूपीएससी अभ्यर्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। लगातार असफलताओं के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और तीसरे प्रयास में देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया।

### रामनगर कॉलोनी, चास, भोलूर बांध मैदान में विशाल हिन्दू सम्मेलन संपन्न



**बोकारो** : शताब्दी वर्ष के निमित्त विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में अखिल भारतीय स्तर पर सकल हिन्दू समाज द्वारा बस्ती सह रहिन्दू सम्मेलनर की कड़ी में वीर सावरकर नगर के 'रामनगरकालोनी, भोजपुर कालोनी, गुजरात कालोनी, कैलाश नगर एवं मेन रोड' बस्ती का सम्मेलन आज ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा रविवार, 17 मई, 2026 को भोलूर बांध मैदान, रामनगर कॉलोनी, चास में संपन्न हुआ। सम्मेलन में रामनगर कालोनी, भोजपुर कालोनी, गुजरात कालोनी, कैलाश नगर एवं मेन रोड में निवास करने वाले सनातनी परिवार मातृ शक्ति बड़ी संख्या के साथ इस सम्मेलन में अपनी भागीदारी की। हिन्दू सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह संजय कुमार जी ने उपस्थित सभी सनातनियों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम हिन्दू सम्मेलन के आयोजन हेतु उपस्थित सकल हिन्दू समाज के प्रति विशेष आभार प्रकट किया। उन्होने कहा कि संघ के लिए राष्ट्र प्रथम की भावना सर्वोपरि है। संघ का उद्देश्य राष्ट्रहित को सर्वोच्च स्थान देना और समाज को एकजुट कर देश की प्रगति में योगदान करना है। उन्होंने वर्ष 1925 में विजयादशमी के अवसर पर महाराष्ट्र के मोहितेबाड़ा में संघ की स्थापना से लेकर आज 100 वर्ष पूर्ण करने तक की गतिविधियों पर क्रमवार विवरण प्रस्तुत करते हुए संघ की संगठनात्मक परंपरा, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के आदर्शों पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने शताब्दी वर्ष में संघ के पंच परिवर्तन के संकल्प का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि इसे अपने जीवन में अपनाने की जरूरत है। इनमें 'स्व का भाव' के अंतर्गत आम गौरव और राष्ट्रीय अस्मिता पर बल, 'कुटुंब प्रबोधन' के अंतर्गत परिवारों में संस्कार और संवाद, 'सामाजिक समरसता' के अंतर्गत समाज के सभी वर्गों में समानता और एकता, 'पर्यावरण' के अंतर्गत प्रकृति संरक्षण और सतत विकास तथा एक विषय 'नागरिक कर्तव्य' है जिसमें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा है। हिंदू समाज की एकता में सबसे बड़ी बाधा जाति है, इसके लिए समाज को मजबूती से खड़ा होना होगा। हिन्दू सम्मेलन का उद्देश्य समाज के लिए मार्गदर्शन तैयार करना है हिन्दू सम्मेलन के माध्यम से उन्होंने संघ के संकल्पों को दोहराते हुए समाज से अधिक निकट से जुड़ने और राष्ट्रीय हित में सक्रिय योगदान का आह्वान किया। हिंदू समाज में नेतृत्व क्षमता का विकास एवं एक दुसरे के प्रति सहयोगात्मक भावना विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के उपरांत विभिन्न धुनों में हनुमान चालीसा का पाठ से हुआ। दीप प्रज्जवलन के साथ मंचीय कार्यक्रम की शुरूआत हुई प्रताप जायसवाल के साथ कलाकारों द्वारा भक्तिमय भजन के गायन के पश्चात पतंजली महिला योग समिति के मातृशक्ति द्वारा भारत माता आरती गाया गया। ग्रीन फील्ड्स स्कूल के अंकित कुमार के द्वारा एक बच्चे की सोच कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अगला कार्यक्रम रामचरितमानस पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित जनों का भरपूर सहभागिता रही प्रश्नों का सही उत्तर देने वालों को उपहार के रूप में हनुमान चालीसा दिया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर समाज के लिए कुछ ना कुछ योगदान देने वाले वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया गया सम्मानित होने वालों में पुजरी मिथिलेश पाण्डेय, पुजारी निर्मल पाण्डेय, दयाराम परमार, जया सिंह, दुर्गा देवी, अनंत कुमार सिन्हा, आनंदी स्वर्णकार, दिलीप धीवर, सुरेश ठाकुर, शंकर साव, अंजनी कुमार रूपक, सज्जन अग्रवाल, सोहन लाल रूप राय, विवेक सिंह, परिंदा सिंह, प्रताप जायसवाल, चिन्मया मिशन प्रमुख रहे।

## संक्षिप्त डायरी

## गया में बिजली करंट लगने से युवक की मौत, खेत में मोटर चालू करने के दौरान हुआ हादसा

**पटना (एजेंसी)** गया जिले के ग्रामीण इलाके में बिजली करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई.घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है.बताया जा रहा है कि युवक खेत में सिंचाई के लिए मोटर चालू करने गया था, तभी वह करंट की चपेट में आ गया. : गया जिले के ग्रामीण इलाके में बिजली करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई.घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है.बताया जा रहा है कि युवक खेत में सिंचाई के लिए मोटर चालू करने गया था, तभी वह करंट की चपेट में आ गया. स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. घटना पर परिजनों ने क्या बताया? परिजनों का आरोप है कि इलाके में बिजली व्यवस्था काफी खराब है और खुले तारों के कारण अक्सर हादसे होते रहते हैं. घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है. प्रशासन ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है.

## पटना में ज्वेलरी शॉप डकैती कांड का खुलासा, पांच अपराधी गिरफ्तार, कई जिलों में फैला था गिरोह

**पटना (एजेंसी)** पटना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शहर में हाल ही में हुई ज्वेलरी शॉप डकैती मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों के पास से भारी मात्रा में सोना-चांदी के आभूषण, नकदी और हथियार बरामद किए गए हैं. पुलिस का दावा है कि यह गिरोह कई जिलों में सक्रिय था और पहले भी कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है. : पटना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शहर में हाल ही में हुई ज्वेलरी शॉप डकैती मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों के पास से भारी मात्रा में सोना-चांदी के आभूषण, नकदी और हथियार बरामद किए गए हैं. पुलिस का दावा है कि यह गिरोह कई जिलों में सक्रिय था और पहले भी कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है. जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले अपराधियों ने हथियार के बल पर एक ज्वेलरी दुकान में घुसकर लाखों रुपये के गहनों की लूट की थी. घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई थी. सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपियों तक पहुंची मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया और सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी जांच के आधार पर आरोपियों तक पहुंची. पुलिस की छापेमारी के दौरान गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में अपराधियों ने कई अहम खुलासे किए हैं. पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है. इस कार्रवाई के बाद व्यापारियों ने राहत की सांस ली है. पुलिस अधिकारियों ने कहा कि शहर में अपराध नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है.

## सड़क हादसे में घायल ट्रक खलासी ने मायागंज अस्पताल में तोड़ा दम

**पटना (एजेंसी)** खगड़िया में हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने अररिया के एक परिवार की खुशियां छीन लीं. ट्रक पर खलासी का काम करने वाले 28 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान भागलपुर के मायागंज अस्पताल में मौत हो गई. हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया. भागलपुर से ऋषव मिश्रा कृष्णा की रिपोर्ट : भागलपुर के जेएलएनएमसीएच मायागंज अस्पताल में इलाजरत ट्रक खलासी मंजा टुडू ने आखिरकार दम तोड़ दिया. मृतक अररिया जिले के रामपुर कोदरकट्टी गांव का रहने वाला था और ट्रक पर खलासी का काम करता था. सड़क हादसा खगड़िया में उस समय हुआ, जब ट्रक बालू लाने जा रहा था. हादसे के बाद खगड़िया से मायागंज किया गया था रेफर परिजनों के अनुसार हादसे के बाद घायल मंजा टुडू को पहले खगड़िया सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था. हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जेएलएनएमसीएच मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.मृतक की पहचान अररिया जिले के रामपुर कोदरकट्टी निवासी 28 वर्षीय मंजा टुडू के रूप में हुई है. वह बबलू टुडू का पुत्र था. पुलिस के फोन से परिवार को मिली जानकारी परिजनों ने बताया कि शनिवार सुबह खगड़िया पुलिस ने फोन कर सूचना दी कि मंजा टुडू गंभीर रूप से घायल है और उसे मायागंज अस्पताल भेजा गया है. सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य भागलपुर पहुंचे. अस्पताल में मृतक की भाभी मेरी मुर्मू और भाई अंजू टुडू मौजूद थे. 2020 में हुई थी शादी, एक बच्चे का पिता था मंजा टुडू मंजा टुडू की पत्नी चांदनी सुमन ने बताया कि उनकी शादी वर्ष 2020 में हुई थी. दंपति का एक छोटा बच्चा भी है. पति की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. गांव में भी घटना के बाद मातम का माहौल है. जमुई जा रहा था ट्रक परिजनों के मुताबिक हादसे के समय ट्रक जमुई की ओर जा रहा था. ट्रक चालक भी अररिया जिले का ही रहने वाला बताया जा रहा है, हालांकि परिजन उसका नाम नहीं बता सके. पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुटी पुलिस बरारी थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है.

## नालंदा जिला का राजगीर सज-संवर कर हुआ तैयार , शुरू राजकीय मलमास मेला

**पटना (एजेंसी)** राजगीर आस्था, अध्यात्म और सनातन परंपरा के महापर्व राजकीय मलमास मेला का शुभारंभ आज ऐतिहासिक नगरी राजगीर में भव्य रूप से हो गया हैं. मेले को लेकर पूरा राजगीर दुल्हन की तरह सज-संवर कर तैयार है. शहर के प्रमुख मार्ग, मंदिर परिसर, कुंड क्षेत्र और मेला स्थल आकर्षक सजावट, रोशनी और स्वागत द्वारों से जगमगा उठे हैं. सुनील कुमार) राजगीर आस्था, अध्यात्म और सनातन परंपरा के महापर्व राजकीय मलमास मेला का शुभारंभ आज ऐतिहासिक नगरी राजगीर में भव्य रूप से हो गया हैं. मेले को लेकर पूरा राजगीर दुल्हन की तरह सज-संवर कर तैयार है. शहर के प्रमुख मार्ग, मंदिर परिसर, कुंड क्षेत्र और मेला स्थल आकर्षक सजावट, रोशनी और स्वागत द्वारों से जगमगा उठे हैं. देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो चुका है. जिससे पूरे शहर में उत्साह, उमंग और भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है. राजकीय मलमास मेला 2026 श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर राजकीय मलमास मेला 2026 के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु आवागमन को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक और सुव्यवस्थित तैयारियां की गई हैं. श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए आवासन स्थलों की समुचित व्यवस्था की गई है. शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, साफ-सफाई, विश्राम स्थल तथा प्रकाश की निःशुल्क व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े. वाहनों के सुचारु संचालन के लिए अलग-अलग वाहन पड़ाव बनाए गए वाहनों के सुचारु संचालन के लिए अलग-अलग वाहन पड़ाव बनाए गए हैं तथा यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं. सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मी, दंडाधिकारी तथा निगरानी की विशेष व्यवस्था की गई है. जिला प्रशासन की श्रद्धालुओं से अपील

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने फीता काटकर किया राजकीय मलमास मेला का उद्घाटन

### श्रद्धालुओं से गुलजार हुआ राजगीर



**पटना (एजेंसी)** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने फीता काटकर किया राजकीय मलमास मेला का उद्घाटन जानिए पूरी खबर नीचे नालंदा/राजगीरः धर्म, आस्था और सनातन परंपरा के प्रतीक राजकीय राजगीर मलमास मेला-2026 का भव्य शुभारंभ रविवार को हुआ। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने फीता काटकर मेले का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के साथ ही पूरा मेला क्षेत्र श्रद्धालुओं, साधु-संतों, पर्यटकों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ से गुलजार हो उठा. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि राजगीर मलमास मेला बिहार की समृद्ध धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक है. यह मेला केवल आस्था का केंद्र नहीं है, बल्कि पर्यटन, व्यापार और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने का भी बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता, आवासन, पेयजल, स्वास्थ्य और यातायात जैसी सभी मूलभूत सुविधाओं को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है. मेले में बिहार समेत देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मेला परिसर में टेंट सिटी, चिकित्सा शिविर, सुरक्षा व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झूले और अन्य आकर्षण लोगों को अपनी ओर खींच रहे हैं। उद्घाटन के साथ ही राजगीर की धार्मिक नगरी पूरी तरह से भक्तिमय माहौल में डूब गई है.

## नवादा में वट सावित्री पर्व के दिन बिना नमक का खाना बना, नाराज पति ने खा लिया जहरीला पदार्थ



**पटना (एजेंसी)** नवादा वट सावित्री का व्रत हर सुहागिन अपने पति की लंबी उम्र के लिए रखती है. लेकिन रजौली थाना क्षेत्र के सतगीर गांव में शनिवार को वही व्रत एक पत्नी के लिए मातम बन गया. (कुमार मनीष देव) नवादा वट सावित्री का व्रत हर सुहागिन अपने पति की लंबी उम्र के लिए रखती है. लेकिन रजौली थाना क्षेत्र के सतगीर गांव में शनिवार को वही व्रत एक पत्नी के लिए मातम बन गया. बिना नमक के खाना खाकर पति इतना नाराज हुआ कि उसने गुस्से में गेहूं में डालने वाली सलफास नामक जहरीली दवाई खा ली. अब अस्पताल के बिस्तर पर उसकी जिंदगी और मौत के बीच जंग चल रही है. बिना नमक का खाना देखकर भड़क गया पति जोगियामारण पंचायत के सतगीर गांव निवासी सहदेव प्रसाद के 30 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार ने जहरीला पदार्थ खा लिया. परिजनों ने आनन-फानन में उसे अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया. ड्यूटी पर तैनात डॉ. सतीश चंद्र सिन्हा ने बताया कि पिंटू की हालत गंभीर है. प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है. पत्नी ने कहा लंबी आयु के लिए रखा था अस्पताल परिसर में पिंटू की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है. आंसुओं से भीगी आंखों से उसने बताया, शनिवार को पति की लंबी उम्र के लिए वट सावित्री की पूजा की थी. व्रत में बिना नमक का खाना खाया जाता है. शाम को जब पति घर आए तो खाना मांगा. खाना में नमक नहीं था तो वे गुस्सा हो गए. घर में रखी गेहूं की बोरी से कीटनाशक निकाल खाया पति को तड़पते देख पत्नी खुद भी टूट गई. पत्नी ने कहा कि ह्लमैंने तो उनके सौ साल की उम्र मांगी थी भगवान से, और आज वही मौत के मुंह में हैं. पता नहीं मेरा सुहाग बचेगा भी या नहींह्व कहते-कहते वह फिर से बिलख पड़ी. शायद यही कारण बना कि वट सावित्री के दिन सिंदूर बचाने निकली पत्नी को अब अपने सुहाग को बचाने के लिए भगवान से मन्नतें मांगनी पड़ रही हैं.

## बेगूसराय में घर से लापता 14 वर्षीय किशोर पटना से बरामद, परिजनों ने ली राहत की सांस

**पटना (एजेंसी)**बेगूसराय जिले के मटिहानी थाना क्षेत्र अंतर्गत रामदीरी पंचायत-दो के लवहरचक गांव से लापता हुआ 14 वर्षीय किशोर आखिरकार पटना से सकुशल बरामद कर लिया गया. बच्चे के मिलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली है. (नारायण कुमार) बेगूसराय जिले के मटिहानी थाना क्षेत्र अंतर्गत रामदीरी पंचायत-दो के लवहरचक गांव से लापता हुआ 14 वर्षीय किशोर आखिरकार पटना से सकुशल बरामद कर लिया गया. बच्चे के मिलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली है. लापता किशोर की पहचान खलटू रजक के पुत्र रूपेश कुमार के रूप में की गई है.परिजनों के अनुसार रूपेश बीते गुरुवार की दोपहर करीब 2 बजे घर से निकला था,जिसके बाद वह अचानक गायब हो गया.परिवार के लोग लगातार उसकी तलाश में जुटे हुए थे. घटना के बारें में चाचा ने क्या बताया? रूपेश के चाचा सीताराम रजक ने बताया कि खोजबीन के दौरान पता चला कि बच्चा भटकते हुए पटना के जीरोमाइल गोलम्बर के समीप एक होटल तक पहुंच गया था.होटल संचालकों ने बच्चे को अकेला देख उससे पूछताछ की,तब उसने अपनी पूरी आपबीती सुनाई. बच्चे की बात सुनने के बाद होटल संचालकों ने मानवता दिखाते हुए अपने मोबाइल फोन से पटना में रह रहे

## बेगूसराय में 15 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा, शातिर गिरफ्तार

**पटना (एजेंसी)** बेगूसराय साइबर पुलिस को देशव्यापी ऑनलाइन ठगी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है.पुलिस ने ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है. जिसके बैंक खाते का इस्तेमाल करोड़ों रुपये के साइबर फ्रॉड में किया जा रहा था. विकाश मिश्रा) बेगूसराय साइबर पुलिस को देशव्यापी ऑनलाइन ठगी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है.पुलिस ने ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है. जिसके बैंक खाते का इस्तेमाल करोड़ों रुपये के साइबर फ्रॉड में किया जा रहा था. जांच में सामने आया है कि आरोपी के खाते से अब तक 15 करोड़ 25 लाख 35 हजार 307 रुपये का संदिग्ध ट्रांजैक्शन हुआ है.साइबर डीएसपी इमरान अहमद ने बताया कि आरोपी का बैंक खाता म्यूल अकाउंट के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था. नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) 205 शिकायतें दर्ज इस खाते के खिलाफ नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (ठउफढ) पर देश के अलग-अलग राज्यों से 205 शिकायतें दर्ज हैं. शिकायतों में ऑनलाइन फ्रॉड,फर्जी निवेश,डिजिटल पेमेंट ठगी और अन्य वित्तीय अपराध शामिल हैं. आरोपी की पहचान पर पुलिस ने क्या बताया? गिरफ्तार आरोपी की पहचान फुलवरिया थाना क्षेत्र के बरौनी फुलवरिया वार्ड संख्या-2 निवासी सुरेश महतो के पुत्र सुनील कुमार के रूप में हुई है. पुलिस के अनुसार,साइबर सेल और जिला पुलिस की संयुक्त टीम पिछले कई दिनों से आरोपी की तलाश में जुटी थी. उसके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही थी. गुप्त सूचना और तकनीकी जांच के आधार पर आखिरकार पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया.इस मामले में बेगूसराय साइबर थाना में कांड संख्या 34/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है.पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा ठगी की रकम कहां-कहां भेजी गई.

# पटना रेलवे सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में शौचालय समेत कई सुविधाएं बदहाल, मरीज




**पटना (एजेंसी)** जंक्शन के करबिगहिया स्थित सेंट्रल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में इन दिनों कई मूलभूत सुविधाएं बदहाल स्थिति में हैं। पटना जंक्शन के करबिगहिया स्थित सेंट्रल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में इन दिनों कई मूलभूत सुविधाएं बदहाल स्थिति में हैं। इसके कारण मरीजों और उनके परिजनों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन अस्पताल में इसी मुद्दे को लेकर हंगामे की स्थिति बन रही है। अस्पताल के दूसरे तल पर स्थित शौचालय का दरवाजा लंबे समय से टूटा हुआ है, जबकि चौथे तल पर स्थित आर्थो वार्ड और मेल सर्जिकल वार्ड के पास का शौचालय का फ्लश खराब पड़ा है। इससे भर्ती मरीजों के साथ-साथ उनके परिजनों को भी भारी असुविधा हो रही है। मरीजों के परिजनों का कहना है कि शौचालयों की नियमित सफाई और मरम्मत नहीं होने से स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। दूसरे तल के शौचालय में दरवाजा टूटा होने के कारण विशेषकर महिला मरीजों और उनके परिजनों को काफी असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। वहीं चौथे तल पर फ्लश खराब होने के कारण शौचालय में गंदगी और दुर्गंध बनी रहती है। विशेषकर आर्थो वार्ड में भर्ती मरीजों को, जिनके पैर में चोट या फ्रैक्चर है, शौचालय का उपयोग करने में अत्यधिक परेशानी हो रही है। वृद्ध मरीज भी इस स्थिति से काफी प्रभावित हैं। परिजनों ने बताया कि कई बार अस्पताल प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में रेलकर्मी, उनके परिजन और अन्य मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। आर्थो वार्ड में भर्ती एक मरीज के परिजन ने कहा कि गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए स्वच्छता और साफ-सुथरा वातावरण बेहद जरूरी है, लेकिन अस्पताल के शौचालयों की स्थिति बेहद खराब है। खराब फ्लश के कारण संक्रमण फैलने का खतरा भी बना हुआ है। इधर, ईसीआरकेयू के शाखा सचिव विजय कुमार और प्रवक्ता ए. के. शर्मा ने कहा कि मरीजों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से तुरंत शौचालयों की मरम्मत, टूटे दरवाजे बदलने और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## शेखपुरा लोदीपुर कस्तूरबा विद्यालय की 25 छात्राएं बेहोस, सदर अस्पताल मे हुई भर्ती



**पटना (एजेंसी)** शेखपुरा सदर प्रखंड अंतर्गत लोदीपुर कस्तूरबा विद्यालय की 25 छात्राएं अचानक बेहोश हो गई. घटना के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के पहल से एंबुलेंस के जरिए बेहोश यात्रा को सदर अस्पताल लाया गया. छात्राओं को बेहतर इलाज के लिए एसडीएम प्रियंका कुमारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों को लगाया गया. रंजीत कुमार)शेखपुरा सदर प्रखंड अंतर्गत लोदीपुर कस्तूरबा विद्यालय की 25 छात्राएं अचानक बेहोश हो गई. घटना के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के पहल से एंबुलेंस के जरिए बेहोश यात्रा को सदर अस्पताल लाया गया. छात्राओं को बेहतर इलाज के लिए एसडीएम प्रियंका कुमारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों को लगाया गया. इस मौके पर एसडीएम ने मीडिया कर्मियों को बताया कि शाम के समय में छात्राएं विद्यालय प्रशासन की ओर से दिए गए भुजा और नमकीन का नाश्ता किये थे. उसके बाद प्रार्थना के दौरान छात्राएं बेहोश होकर गिरने लगी. बेहोशी का कारण शनिवार की देर रात्रि भीषण गर्मी बताई जा रही है. स्वास्थ्य कर्मियों ने दिखाई सजगता शनिवार की देर रात्रि हो इस घटना में सदर अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों ने सजकता दिखाई. बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों ने पद और ड्यूटी की परवाह किए बगैर इंसानियत का परिचय दिया एवं बच्चियों को एंबुलेंस से गोद में उठाकर इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया. सदर अस्पताल मे दिखी कुव्यवस्था जिस वक्त बच्चियों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया वहां मात्र एक ही डाक्टर मौजूद थे. जबकि इमरजेंसी वार्ड में दो चिकित्सकों का होना अनिवार्य बताया गया है. इतना ही नहीं इमरजेंसी वार्ड में ऐसी के खराब होना भी मरीज के लिए परेशानी का सबक बन गया. वहीं इमरजेंसी वार्ड में बेड की कमी के कारण भी काफी फजीहत का सामना करना पड़ा. एसडीएम ने कहा मामले की होंगी जांच एसडीएम प्रियंका कुमारी ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन के द्वारा बच्चियों को मेंन्यू के हिसाब से खाना दिए जाने की क्या व्यवस्था है, इसकी जांच की जाएगी.इसके साथ ही बेहोशी के कारणों का भी पता लगाया जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय प्रबंधन की तमाम व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की जाएगी. एसडीएम ने सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड की व्यवस्था को भी आड़े हाथों लिया.

## बिहार में आधी रात चली तबादला एक्सप्रेस, 54 DSP समेत 34 राजस्व अधिकारियों का ट्रांसफर

**पटना (एजेंसी)** बिहार सरकार ने कानून व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है. राज्य में 54 डीएसपी स्तर के पुलिस अधिकारियों और 34 राजस्व पदाधिकारियों का तबादला किया गया है. कई जिलों में साइबर क्राइम, ट्रैफिक, सीआईडी और मद्य निषेध विभाग में नई तैनाती की गई है. बिहार में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार प्रशासनिक स्तर पर बड़े फैसले ले रही है. इसी कड़ी में शनिवार देर रात बिहार सरकार ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल करते हुए बिहार पुलिस सेवा के 54 डीएसपी स्तर के अधिकारियों का तबादला कर दिया. गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है. साइबर क्राइम, ईओयू, ट्रैफिक, सीआईडी और मद्य निषेध विभाग में नए अधिकारियों की तैनाती की गई है. कई महत्वपूर्ण पदों पर नई पोस्टिंग जारी आदेश के अनुसार मो. अली अंसारी को सहायक पुलिस महानिरीक्षक (रेल) पद से हटाकर सहायक पुलिस महानिरीक्षक (यातायात) बनाया गया है. वहीं अशफाक अंसारी को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो से स्थानांतरित कर मद्य निषेध एवं राज्य उत्पाद नियंत्रण ब्यूरो, पटना में पुलिस उपाधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है. आशीष कुमार सिंह को पटना का नया ट्रैफिक डीएसपी बनाया गया है. मनोज राम को वैशाली से अपराध अनुसंधान विभाग (CID) पटना भेजा गया है. वंदना मुखर्जी को मद्य निषेध एवं राज्य उत्पाद नियंत्रण ब्यूरो में अपर पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी मिली है. साइबर क्राइम यूनिट में भी बदलाव सरकार ने साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए भी कई अहम बदलाव किए हैं. शाहनवाज अख्तर को रोहतास से साइबर क्राइम नवादा भेजा गया है, जबकि अब्दुर रहमान दानिश को सारण से साइबर क्राइम गया में पोस्टिंग मिली है. अभिषेक कुमार को औरंगाबाद से जमुई साइबर क्राइम, डीएसपी भेजा गया है. इसके अलावा महेश चौधरी को डीएसपी ईओयू, धीरज कुमार को एसडीपीओ इमामगंज (गया), नीलाभ कृष्ण को सीनियर डीएसपी ईओयू और कमलेश कुमार को सीआईडी कमजोर वर्ग का सीनियर डीएसपी बनाया गया है. दयानंद कुमार को ट्रैफिक डीएसपी कैमूर बनाया गया है, जबकि मो. आसिफ आलम को कटिहार का साइबर क्राइम डीएसपी नियुक्त किया गया है. अशोक कुमार, देवेंद्र प्रसाद और अनुराग कुमार को भी ईओयू में अहम जिम्मेदारियां दी गई हैं.विभाग ने 34 राजस्व पदाधिकारियों का तबादला किया है. अनुमंडल स्तर पर तैनात अधिकारियों को अब अनुमंडल राजस्व पदाधिकारी का पदनाम दिया गया है. सामान्य प्रशासन विभाग हें DCLR की शक्तियां भी प्रदान करेगा. जारी आदेश के मुताबिक अमरनाथ चौधरी को अररिया का जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बनाया गया है. सरकार का मानना है कि इन बदलावों से प्रशासनिक कामकाज और तेज होगा तथा कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी.

## सचिवालय कर्मियों के लिए 18 मई से शुरू होगी बस सेवा, जानें रूट और टाइमिंग की पूरी जानकारी

**पटना (एजेंसी)** पटना में सचिवालय कर्मियों के लिए 18 मई से विशेष इलेक्ट्रिक और पिंक बस सेवा शुरू की जा रही है. इस सुविधा से कर्मचारियों को सीधी, सुरक्षित और समय पर आवागमन मिलेगा, जबकि शहर में ट्रैफिक दबाव और ईंधन खपत में भी कमी आने की उम्मीद है. पटना में सरकारी कर्मचारियों के लिए एक नई और खास परिवहन सुविधा की शुरूआत होने जा रही है. 18 मई से सचिवालय कर्मियों के लिए विशेष इलेक्ट्रिक और पिंक बस सेवा शुरू की जाएगी. इस सेवा के जरिए कर्मचारियों को नया सचिवालय और पुराना सचिवालय तक सीधी और आसान कनेक्टिविटी मिलेगी. परिवहन सचिव राजकुमार ने बताया कि इस योजना का मकसद सरकारी कर्मियों को सुरक्षित, समय पर और सुलभ यात्रा सुविधा देना है. साथ ही निजी वाहनों पर निर्भरता कम कर ईंधन की बचत और ट्रैफिक दबाव घटाना भी इसका मुख्य उद्देश्य है. सार्वजनिक परिवहन को मिलेगा बढ़ावा बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से चलाई जा रही इस पहल से पटना शहर में इलेक्ट्रिक बसों के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा. वर्तमान में पटना में 25 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन पहले से ही सफलतापूर्वक किया जा रहा है. अधिकारियों के अनुसार, बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी रोजाना निजी वाहन से सचिवालय आते-जाते हैं, जिससे शहर में जाम और ईंधन की खपत बढ़ती है. नई बस सेवा इस समस्या को कम करने में मदद करेगी. कई रूटों से सीधे सचिवालय तक बस सेवा यह विशेष इलेक्ट्रिक और पिंक बस सेवा पटना के अलग-अलग प्रमुख रूटों से सचिवालय तक चलेगी. मल्टी मॉडल हब से सचिवालय रूट यह बस सेवा पटना जंक्शन (मल्टी मॉडल हब) से शुरू होकर आर ब्लॉक, इनकम टैक्स, विद्युत भवन, पटना हाईकोर्ट और बिहार म्यूजियम होते हुए नया और पुराना सचिवालय तक जाएगी. सुबह 8:30 बजे से सेवा शुरू होगी और शाम को वापसी की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी. धनुकी मोड़ और कंकड़बाग रूट यह सेवा धनुकी मोड़ से कुम्हरार, भूतनाथ रोड, एनएमसीएच, राजेंद्र नगर टर्मिनल, कंकड़बाग कॉलोनी मोड़, करबिगहिया स्टेशन और आर ब्लॉक होते हुए विकास भवन तक पहुंचेगी. गांधी मैदान से सचिवालय रूट गांधी मैदान से बसें डाकबंगला चौराहा, इनकम टैक्स, नियोजन भवन, विद्युत भवन, हाईकोर्ट और बिहार म्यूजियम होते हुए सचिवालय तक जाएंगी. कुर्जी से पिंक बस सेवा महिला कर्मियों के लिए विशेष पिंक बस सेवा कुर्जी से शुरू होगी. यह पीएंडएम मॉल, साईं मंदिर, पाटलिपुत्र कॉलोनी, एएन कॉलेज, बोरिंग रोड चौराहा और हड़ताली मोड़ होते हुए सचिवालय तक जाएगी. दानापुर से सचिवालय रूट दानापुर स्टेशन से भी इलेक्ट्रिक और पिंक बस सेवा उपलब्ध होगी. यह बस सगुना मोड़, आरपीएस मोड़, गोला रोड, जगदेव पथ, आशियाना नगर,



आईजीआईएमएस, शेखपुरा मोड़ और चिड़ियाघर होते हुए सचिवालय पहुंचेगी. इस रूट पर सुबह 8:15 बजे से सेवा शुरू होगी. महिलाओं और कर्मचारियों को मिलेगा खास फायदा यह बस सेवा खास तौर पर कार्यालय समय को ध्यान में रखकर तैयार की गई है. सुबह कर्मचारियों को समय पर सचिवालय पहुंचाने और शाम को घर लौटने की सुविधा दी जाएगी. महिलाओं की सुविधा के लिए शाम 5 बजे के आसपास भी अतिरिक्त बस सेवा उपलब्ध रहेगी. ट्रैफिक और प्रदूषण में आएगी कमी

# मन की साधना



**चतुर्मास** का समय निकट आया तो भिक्षु सुशांत ने बुद्ध से आग्रह किया प्रभु, मैं नगरवधू सोमलता के सान्निध्य में अपना चतुर्मास व्यतीत करना चाहता हूं। कृपया इसकी आज्ञा प्रदान करें। यह सुनकर बुद्ध मुस्कराए। वह समझ गए कि यह वहां जाकर मन को साधकर सच्चा साधक होना चाहता है, लेकिन अन्य भिक्षुओं ने इस पर आपत्ति जताई। उन्हें संदेह था कि सुशांत कहीं अपने पथ से विचलित न हो जाए, पर बुद्ध ने भिक्षुओं के विरोध के बावजूद उसे आशीर्वाद देते हुए कहा, जाओ और आगे बढ़कर आना। सुशांत सोमलता के पास पहुंचा। वहां सब उसे देखकर आश्चर्यचकित रह गए। लेकिन सुशांत अपने संकल्प पर अडिग था।

इधर सोमलता के घुंघरुओं की आवाज गूंजती और उधर सुशांत अपनी साधना में लीन रहता। सोमलता सुशांत को रिझाने का प्रयास करती, मगर वह निर्लिप्त रहता। एक मास गुजर गया मगर सोमलता सुशांत को डिगा न सकी। हां, उससे थोड़ी सहानुभूति अवश्य होने लगी। उसने दूसरों को भी साधना के क्षणों में शांत रहने को कह दिया। चौथा मास आते-आते सुशांत ने अपने मन पर नियंत्रण पा लिया था। वह सोमलता या अन्य सुंदरियों की ओर आंख उठाकर भी नहीं देखता था। संगीत उसे बुद्ध-वाणी की तरह लगता था और नृत्यालय देवालय की तरह। चार मास पूर्ण हुए और सुशांत अपने मठ की ओर वापस चला तो सबने आश्चर्य से देखा- भिक्षुणी बनी सोमलता उसके पीछे-पीछे अपना सर्वस्व त्याग कर जा रही थी। सोमलता अपने रूप-रंग से सुशांत को रिझा न सकी, मगर सुशांत के तप का प्रभाव सोमलता पर दिख रहा था। सुशांत वास्तव में आगे बढ़ गया था।

# भाग्य और पुरुषार्थ

राजा विक्रमादित्य के दरबार में कई ज्योतिषी थे। मगर वह कोई काम शुभ लग्न देख कर या ज्योतिषी की सलाह लेकर नहीं करते थे। एक दिन राज ज्योतिषी उनके पास आए और बोले, महाराज, आप के दरबार में कई ज्योतिषी हैं। आप की तरफ से उन्हें सभी सुविधाएं मिली हुई हैं, पर आप कभी हमारी सेवाएं नहीं लेते। आज मैं आप की हस्तरेखा देख कर यह जानना चाहता हूं कि आप ऐसा क्यों करते हैं?

राजा ने कहा, मेरे पास इतना समय नहीं रहता कि मैं आप लोगों से सलाह ले सकूं। जहां तक हस्तरेखा की बात है तो मैं इसमें विश्वास नहीं रखता। लेकिन आप कह रहे हैं तो देख लीजिए। हाथ देख कर राज ज्योतिषी चक्कर में पड़ गए। उनकी आवाज बंद हो गई। राजा ने पूछा, क्या हुआ। आप इतने परेशान क्यों हैं? राज ज्योतिषी ने कहा, राजन्, आप की हस्तरेखाएं तो कुछ और कहती हैं। ज्योतिष के अनुसार आप को तो दुर्बल और दीनहीन होना चाहिए था। लेकिन आप तो इसके विपरीत हैं। हजारों साल से ज्योतिष विद्या पर विश्वास करने वाले लोग आपकी रेखाएं देख कर भ्रमित हो जाएंगे। समझ में नहीं आ रहा कि ज्योतिष को सच मानूं या आप की रेखाओं को। विक्रमादित्य ने कहा, अभी तो आप ने मेरे बाहरी लक्षणों को ही देखा है, अब आप हमारे अंदर झांक कर देखिए। इतना कह कर राजा ने तलवार की नोक अपने सीने में लगा दी। राज ज्योतिषी घबरा कर बोले, बस महाराज, रहने दीजिए।

राजा ने कहा- ज्योतिषी महाराज, आप परेशान मत हों। ज्योतिष विद्या भी तभी सार्थक सिद्ध होती है, जब मनुष्य में कुछ करने का संकल्प हो। हस्तरेखाएं तो भाग्य नहीं बदल सकतीं, लेकिन मनुष्य में यदि पुरुषार्थ है, अभाग्य से लड़ने की शक्ति है तो उसकी नकारात्मक रेखाएं भी अपने रूप बदल सकती हैं। लगता है मेरे साथ ऐसा ही हुआ है। राज ज्योतिषी अवाक हो गए।

**गीता डॉक्टर की भांति है। बस फर्क इतना ही है कि डॉक्टर शरीर के रोगों का इलाज करता है, जबकि गीता मन के रोगों का इलाज करती है और उन्हें दूर करने का मार्ग दिखाती है।**

# गीता में है जीवन का ज्ञान



**गीता** का उपदेश जीवन की धारा है। चूंकि गीता में जीवन की सच्चाई छिपी है और इसमें जीवन में आने वाली दुश्वारियों के कारण व निवारण दोनों को ही विस्तार से समझाया गया है। इसलिए गीता के उपदेश विश्व भर में प्रसिद्ध हैं और हर वर्ग को प्रभावित करते हैं।

गीता डॉक्टर की भांति है। बस फर्क इतना ही है कि डॉक्टर शरीर के रोगों का इलाज करता है, जबकि गीता मन के रोगों का इलाज करती है और उन्हें दूर करने का मार्ग दिखाती है। जिस प्रकार डॉक्टर रोगी को रोग के निवारण के साथ-साथ उसके कारण भी बताता है। ठीक उसी प्रकार से गीता का अगर गहनता से अध्ययन किया जाए तो इससे मन के रोगों का कारण और निवारण दोनों का पता चल जाता है। गीता मन के रोगों को दूर करने का एक सशक्त माध्यम है।

गीता ज्ञान से मानव जीवन में मोह को भी आसानी से दूर किया जा सकता है। मोह जीवन लीला को धीरे-धीरे नष्ट कर देता है। जीवन में दुखों का सबसे बड़ा कारण मोह ही है। जीवन को अगर सफल बनाना है और मोह से मुक्ति पानी है तो गीता की शरण में जाना पड़ेगा। गीता से ज्ञान पा कर मानव मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। गीता का ज्ञान मनुष्य को उसकी आत्मा के अमर होने के विषय में बोध करवा कर अपने कर्तव्य कर्म को पूर्ण निष्ठा से करने को प्रेरित करता है। परमात्मा ने मनुष्य को देह केवल भोग के लिए प्रदान नहीं की है, अपितु हमें इसका उपयोग मोक्ष प्राप्ति के लिए करना चाहिए।

साधू व नदी कभी एक स्थान पर नहीं रुकते और निरंतर आगे बढ़ते हुए विभिन्न स्थानों पर जन-जन के हृदयों में अपने ज्ञान व भक्ति के प्रभाव से उन्हें लाभांवित व आनंदित करते हैं। प्रत्येक मानव को पूरी श्रद्धा व निष्ठा से पर-उपकार के लिए तैयार रहना चाहिए और अपने ज्ञान से जगत को प्रकाश मान करने का प्रयास करते रहना चाहिए, असल में यही मानव धर्म है।

अगर श्रीमद्भगवद् गीता का अध्ययन नित्य करें, तो इस बात का आभास सहजता से होता है कि उसमें सिखाया कुछ नहीं गया है, बल्कि समझाया गया कि इस संसार का स्वरूप क्या है? उसमें यह कहीं नहीं कहा गया कि आप इस तरह चलें या उस तरह चलें, बल्कि यह बताया गया है कि किस तरह की चाल से आप किस तरह की छवि बनाएंगे? उसे पढ़कर मनुष्य कोई नया भाव नहीं सीखता, बल्कि संपूर्ण जीवन सहजता से व्यतीत करने के मार्ग पर चल पड़ता है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसमें एक वैज्ञानिक सूत्र है कि 'गुण ही गुणों को बरतते हैं।' इसका मतलब यह है कि जैसे संकल्पों, विचारों तथा कर्मों से आदमी बंधा है, वैसा ही वह व्यवहार करेगा। उस पर खाने-पीने और रहने के कारण अच्छे तथा बुरे प्रभाव होंगे। सीधी बात यह है कि अगर आप यह चाहते हैं कि अपने ज्ञान के आईने में आप स्वयं को अच्छे लगें तो अपने संकल्प, विचारों तथा कर्मों में स्वच्छता के साथ अपनी खान-पान की आदतों तथा रहन-सहन के स्थान का चयन करना पड़ेगा।

अगर आप आने अंदर दोष देखते हैं तो विचलित होने की बजाय यह जानने का प्रयास करें कि आखिर वह किसी बुरे पदार्थ के ग्रहण करने या किसी व्यक्ति की संगत के परिणाम से आया है। जैसे ही आप गीता का अध्ययन करेंगे, आपको अपने अंदर भी ढेर सारे दोष दिखाई देंगे और उन्हें दूर करने का मार्ग भी पता लगेगा।

गीता किसी को प्रेम करना, अहिंसा में लिप्त होना नहीं सिखाती, बल्कि प्रेम और अहिंसा का भाव अंदर कैसे पैदा हो, यह समझाती है। सिखाने से प्रेम या अहिंसा का भाव नहीं पैदा होगा, बल्कि वैसे तत्वों से संपर्क रखकर ही ऐसा करना संभव है। कोई दूसरे को प्रेम नहीं सिखा सकता, क्योंकि जिस व्यक्ति का घृणा पैदा करने वाले तत्वों से संबंध है, उसमें प्रेम कहां से पैदा होगा?

श्रीमद्भगवद् गीता में चार प्रकार के भक्त बताए गए हैं। भगवान की भक्ति होती है तो जीव से प्रेम होता है। अतः भक्ति की तरह प्रेम करने वाले भी चार प्रकार के होते हैं-आर्ती, अर्थार्थी, जिज्ञासु तथा ज्ञानी। पहले बाकी तीन का प्रेम क्षणिक होता है जबकि ज्ञान का प्रेम हमेशा ही बना रहता है। अगर आपके पास तत्व ज्ञान है तो आप अपने पास प्रेम व्यक्त करने वालों की पहचान कर सकते हैं, नहीं तो कोई भी आपको हांक कर ले जाएगा और धोखा देगा।

# जीवन का आधार है आध्यात्मिक ऊर्जा




## विज्ञान की भाषा

विज्ञान इन अदृश्य शक्तियों को एनर्जी कहता है। उदाहरण के लिए बिजली से बल्ब जलता है, पंखे चलते हैं, लेकिन हम बिजली को कभी नहीं देख पाते हैं। हम उसका न केवल कार्य, बल्कि परिणाम भी देखते हैं। उसके स्वरूप के बारे में जान पाना कठिन है। ठीक उसी प्रकार प्रत्येक जीव में ऊर्जा मौजूद होती है, जिससे जीव में प्राण-शक्ति का संचार होता रहता है। दूसरे शब्दों में कहें, तो इस प्राण-शक्ति को हम देख नहीं पाते हैं।

संसार के सभी प्राणियों में ऊर्जा मौजूद है। वास्तव में यह ऊर्जा हमारे जीवन का आधार है। इसे हम अणु, परमाणु, एनर्जी आदि नामों से जानते हैं। यानी अपनी सुविधा के अनुसार, हम ऊर्जा को अलग-अलग नाम दे देते हैं। यह एक ऐसी अदृश्य शक्ति है, जिसका हम केवल अनुभव ही कर सकते हैं, देख नहीं सकते। हम अपनी आंखों से तो पृथ्वी पर मौजूद सभी पदार्थों को देख लेते हैं, लेकिन ऊर्जा को देख पाना हमारे लिए संभव ही नहीं हो पाता है। लेकिन उन्हें महसूस जरूर कर सकते हैं। लेकिन फिर भी इन अदृश्य शक्तियों के अस्तित्व को अस्वीकार कर पाना हमारे लिए असंभव होता है।

## ऊर्जा और अध्यात्म का संबंध

अध्यात्म की भाषा में ऊर्जा को न केवल प्राण-वायु या आत्मा कहा जाता है, बल्कि जीव को ईश्वर का अंश भी माना जाता है। यह ऊर्जा ही है, जो सभी जीवों को जिंदा रखने में मदद करता है। हम देखते हैं कि अदृश्य शक्ति, यानी ऊर्जा के सहारे हमारे शरीर के सभी अंग सुचारू रूप से काम करते हैं। जैसे ही वह अदृश्य-शक्ति की लोप होती है, हमारे शरीर की सभी क्रियाएं बंद हो जाती हैं। शरीर के सभी अंग-आंख, नाक, कान, यहां तक कि इंद्रियां भी काम करना बंद कर देती हैं और शरीर निष्क्रिय हो जाता है।

हम यह सोचने के लिए मजबूर हो जाते हैं कि आखिर वह कौन सी शक्ति है, जो हमारे अंगों को संचालित करती है? आज का विज्ञान भले ही चांद, तारों और ग्रहों के बारे में हमें जानकारी देता हो, लेकिन आज भी इस अदृश्य-शक्ति को समझने की क्षमता अभी तक विज्ञान के पास नहीं है। शायद इसलिए कहा जाता है कि जहां विज्ञान की सीमा समाप्त हो जाती है, वहीं से महा विज्ञान शुरू हो जाता है। वास्तव में यह महाविज्ञान अध्यात्म है, जीवन दर्शन है। हमारा जीवन-दर्शन न केवल जीवन के अनुभवों के बारे में बताता है, बल्कि जीवन के रहस्यों को भी समझने का प्रयास करता है। यही वजह है कि इसकी पढ़ाई विद्यालयों या महाविद्यालयों में नहीं होती है। ऋषि-मुनियों ने वर्षों पूर्व ऐसे ही रहस्यों को समझने की कोशिश की थी। यदि इस रहस्य को समझने की स्थिति में जीव आ जाता है, तो उसे जीवन-शक्ति का अनुभव भी होने लगता है।

जीवन-शक्ति का अनुभव प्राप्त करने के लिए हमे सबसे पहले ऊर्जा के अदृश्य स्वरूप का अनुभव प्राप्त करना पड़ेगा, क्योंकि जैसा कि हम सभी जानते हैं कि जीवन-शक्ति का केवल अनुभव किया जा सकता है, देखा या परखा नहीं जा सकता है। हमारी आंखें देखती हैं, कान सुनता है, लेकिन इस देखने और सुनने की प्रक्रिया को हम केवल अनुभव कर सकते हैं। यदि हम अपने अनुभवों को न केवल अपने अंतर्मन में उतार लेते हैं, बल्कि इस प्रक्रिया के आदी भी हो जाते हैं, तो इसे ही साधना कहा जाता है। यह साधना ही है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन-शक्ति का अनुभव करने लगता है। इसके लिए हमें आत्म-केंद्रित होना अति आवश्यक होता है।

# आईपीएल में आज सीएसके को हराकर प्लेऑफ में पहुंचे उतेगी सनराइजर्स

चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम सोमवार को यहां आईपीएल के 63 वे लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला करेगी। सीएसके का लक्ष्य अपने घरेलू मैदान में ये मैच बड़े अंतर से जीत कर प्लेऑफ के लिए अपनी उम्मीदें बरकरार रखना रहेगा। उसके लिए हालांकि ये आसन नहीं रहेगा क्योंकि सनराइजर्स हैदराबाद का प्रदर्शन अब तक काफी अच्छा रहा है और वह जीत की प्रबल दावेदार है।

सीएसके अगर ये मैच हारी तो वह प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएगी। दूसरी और सनराइजर्स इस मैच में जीत के साथ ही प्लेऑफ की ओर बढ़ जाएगी। लीग में सीएसके जहां 12 अंक के साथ छठे स्थान पर है। वहीं सनराइजर्स 14 अंक लिए लेकर तीसरी स्थान पर है। ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा रहेगा दूसरी ओरे सीएसके पर दबाव रहेगा।

आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक दोनो ही टीमों के बीच 24 मैच हुए हैं। इसमें सीएसके ने 16 जबकि सनराइजर्स हैदराबाद ने 08 जीते हैं।

इस मैच में सीएसके के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के भी खेलने की संभावना है। अगर धोनी इस मैच में खेलते हैं तो इससे सीएसके को मनोवैज्ञानिक लाभ होगा। टीम का मनोबल बढ़ने के साथ ही उसे धोनी से बेहतर मार्गदर्शन भी मिलेगा।

सीएसके की बल्लेबाज जहां कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के अलावा संजू सैमसन पर आधारित रहेगी। वहीं सनराइजर्स की बल्लेबाजी अभिषेक शर्मा के अलावा ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन पर निर्भर करेगी। सीएसके की गेंदबाजी अंकुल कंबोल और नुर अहमद जबकि सनराइजर्स की ईशान मलिंगा, साकिब हुसैन, प्रफुल्ल हिंगे पर आधारित रहेगी।




### टीम इस प्रकार है

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), (कप्तान), उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा/एमएस धोनी (विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, प्रशांत वीर, अंशुल कंबोज, नूर अहमद, स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, गुरजापनीत सिंह। इम्पैक्ट प्लेयर- शिवम दुबे

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), हेनरिक क्लासेन, सलिल अरोड़ा, नितीश कुमार रेड्डी, स्मरण रविचंद्रन, शिवांग कुमार, ईशान मलिंगा, साकिब हुसैन, प्रफुल्ल हिंगे, इम्पैक्ट प्लेयर-ट्रैविस हेड

# गॉफ को हराकर स्वीटिलोना ने इटेलियन ओपन टेनिस खिताब जीता




रोम (एजेंसी)। यूक्रेन की एलीन एलिना स्वितोलिना ने अमेरिका की कोको गॉफ को हराकर इटेलियान ओपन टेनिस खिताब जीत लिया है। स्वितोलिना ने महिला एकल सेमीफाइनल में गॉफ को एक रोमांचक मुकाबले में 6-4, 6-7 3, 6-2 से हराया। ये मैच लगभग 2 घंटे 49 मिनट तक चला। ये तीसरी बार है जब गॉफ ने ये खिताब जीता है। इससे पहले साल 2017 और 2018 में भी गॉफ ने ये खिताब जीता था।

मैच के पहले सेट में ही गॉफ ने अच्छी शुरुआत करते हुए 4-2 की बढ़त बना ली थी पर आठवें गेम में गॉफ की दो डबल फॉल्ट्स उन्हें भारी पड़ गयी। स्वितोलिना ने इसके बाद ब्रेक हासिल कर वापसी कर ली। इस खिलाड़ी ने नौवें गेम में तीन ब्रेक अंक बचाए और 6-4 से पहला सेट जीत लिया।

वहीं दूसरे सेट में गॉफ की वापसी अच्छी रही। दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे कड़ी टक्कर हुई। गॉफ ने 11वें गेम में ब्रेक हासिल किया पर उनके सर्व करने के दौरान ही स्वितोलिना ने मुकाबला टाईब्रेक तक पहुंचा दिया। टाईब्रेक में गॉफ ने शानदार खेल दिखाया और 7-3 से जीत दर्ज कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया।

इसके बाद तीसरे सेट में स्वितोलिना ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए पांचवें और सातवें गेम में ब्रेक हासिल कर मैच अपने कब्जे में कर लिया। । चैंपियनशिप के लिए सर्व करते समय उन्होंने तीन ब्रेक अंक भी बचाए और अपनी जीत तय की। यूक्रेनी खिलाड़ी ने जीत पर खुशी जतायी पर कहा कि उसे इसके लिए काफी संघर्ष करना पड़ा।

# सनराइजर्स और टाइटन्स के खिलाफ अंतिम दो लीग मैचों के साथ विदायी लेंगे धोनी ?



चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह आईपीएल के इस 19 सत्र में अब तक नहीं उतरे हैं। धोनी फिट नहीं होने के कारण अब तक टीम से बाहर थे पर अब उनके अंतिम लीग मैचों में उतरने की संभवना जतायी जा रही है। अटकलें लगायी जा रही हैं कि धोनी सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मैच खेलकर लीग से विदायी ले लेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार धोनी अब पूरी तरह से फिट हैं। इसलिए भी टीम प्रशंसकों की खुशी के लिए उन्हें उतारना चाहती है। इस सत्र में प्रशंसक उनका खेल देखने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

धोनी लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच के लिए भी फिट थे पर इसके बाद भी नहीं उतरे थे क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि उनकी वापसी से टीम का संतुलन बिगड़े। इसका कारण ये है कि शुरुआती मैचों में कुछ हार के बाद सीएसके ने अच्छी वापसी की थी और प्लेऑफ की दौड़ में खुद को मजबूती से शामिल कर लिया था। धोनी का मानना था कि ऐसे महत्वपूर्ण समय में टीम के विजेता संयोजन को बदलना ठीक नहीं होगा। लखनऊ के खिलाफ उस मैच में हालांकि सीएसके को करारी हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद अब धोनी की वापसी की संभावना फिर से बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि वह अपने अनुभव और नेतृत्व के साथ टीम को मजबूती देने के लिए अंतिम दो लीग मैचों में उतरेंगे।

इस सत्र में सीएसके अपने खिलाड़ियों की चोटों से बुरी तरह प्रभावित रही है। उसके आधे दर्जन से ज़्यादा खिलाड़ी चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गये हैं या पूरी तरह से उपलब्ध नहीं हैं। धोनी भी इसी सूची में शामिल थे पर अब लग रहा है कि वह अपनी चोट से उबर गये हैं और वापसी के लिए तैयार हैं। अंतिम दो मैचों में धोनी के खेलने से टीम का मनोबल बढ़ने की भी संभावना है। इसके अलावा 44 साल के होने जा रहे धोनी आईपीएल से विदायी भी ले सकते हैं क्योंकि सीएसके के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें नहीं हैं।

# अफगानिस्तान सीरीज के लिए ईशान किशन की हो सकती हैं वापसी

**– संजू सैमसन की जगह खतरे में**




नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2026 के समापन के तुरंत बाद भारतीय क्रिकेट टीम अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मैच 6 जून से न्यू चंडीगढ़ में शुरू होगा। इसके बाद 14 जून से वनडे सीरीज की शुरुआत होगी। पहला मुकाबला धर्मशाला में खेला जाएगा, दूसरा मैच 17 जून को लखनऊ में और तीसरा मुकाबला 20 जून को चेन्नई में आयोजित किया जाएगा। इस दौरे के लिए टीम चयन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं और विकेटकीपर बल्लेबाजों की दौड़ सबसे ज्यादा चर्चा में बनी हुई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम मैदान पर उतरेगी, जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। चयनकर्ताओं की पहली पसंद विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में केएल राहुल बताए जा रहे हैं। वहीं, बैकअप विकेटकीपर की भूमिका को लेकर बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। अब तक इस भूमिका में ऋषभ पंत को देखा जा रहा था, लेकिन खराब फॉर्म के कारण उनकी जगह ईशान किशन को मौका मिलने की संभावना जताई जा रही है।

ऐसे में टी20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाले और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने संजू सैमसन के लिए टीम में जगह बनाना मुश्किल माना जा रहा है। आईपीएल 2026 में भी संजू सैमसन ने कई अहम पारियां खेली हैं और वनडे क्रिकेट में उनका रिकॉर्ड भी प्रभावशाली रहा है। इसके बावजूद चयनकर्ता उन्हें नजरअंदाज कर सकते हैं, जिससे क्रिकेट प्रशंसकों के बीच हैरानी देखी जा रही है। दूसरी ओर, ईशान किशन लंबे समय बाद वनडे टीम में वापसी करते नजर आ सकते हैं। उन्होंने अपना आखिरी वनडे मुकाबला दो साल पहले खेला था। हालांकि घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज और फिर टी20 विश्व कप टीम में मौका मिला। अब माना जा रहा है कि उसी प्रदर्शन का फायदा उन्हें वनडे टीम में भी मिलेगा।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 19 मई को अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट और वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा हो सकती है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने संभावित टेस्ट खिलाड़ियों को तैयारी शुरू करने के निर्देश भी दे दिए हैं। टीम प्रबंधन का मुख्य लक्ष्य विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाना और साथ ही 2027 वनडे विश्व कप की तैयारियों को मजबूत करना बताया जा रहा है।

# आईपीएल को सीमित स्थलों पर बिना दर्शकों के आयोजित करने की मांग उठी

नई दिल्ली ।इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को बिना दर्शकों के सीमित स्थल पर आयोजित किये जाने की मांग जोर पकड़ रही है। इस सत्र में आईपीएल मुकाबले अलग-अलग शहरों में खेले जा रहे हैं। इसके कारण हवाई यात्राओं का खर्च बढ़ रहा है। इसके अलावा हजारों दर्शकों के स्टेडिमय पहुंचने के कारण भी प्रेट्रोल और डीजल की जमकर खपत हो रही है। ऐसे में सत्र में टीमों द्वारा की जा रही लगातार हवाई यात्राओं और भारी ईंधन खपत को लेकर केंद्रीय खेलमंत्री मनसुख मांडविया से इस मामले को देखने की अपील की गयी है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने केंद्रीय खेल मंत्री मांडविया से आईपीएल के शेष मैचों के लिए नया कार्यक्रम जारी करने और उन्हें सीमित मैदानों पर बिना दर्शकों के आयोजित करने की मांग की है। यह मांग ऐसे समय में उठी है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश भर के सरकारी विभाग, राजनेता, अधिकारी और आम नागरिक अनावश्यक खर्चों से बचने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं 28 मार्च से शुरू हुए इस आईपीएल में टीमों को अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार देश के विभिन्न शहरों में यात्रा करनी पड़ रही है। अनुमान है कि अब तक टीमें हवाई और सड़क मार्ग से लाखों किलोमीटर का सफर तय कर चुकी होंगी। मौजूदा परिस्थितियों में, ये हवाई यात्राएं केंद्र सरकार और देश के संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव डाल रही हैं। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन बृजेश गोयल ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इस मुश्किल वक्त में, जब हर क्षेत्र में कटौती और मितव्ययिता पर जोर दिया जा रहा है, आईपीएल ही एक ऐसा बड़ा आयोजन है जिसमें कोई संकट नहीं दिख रहा। इसी मुद्दे पर गोयल ने मांडविया को एक विस्तृत पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने दो प्रमुख मांगें रखी हैं। पहला, हवाई यात्रा में कटौती करते हुए लीग के बचे हुए मैचों के लिए एक नया और संशोधित शेड्यूल जारी किया जाए।

# चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अब हर मुकाबला फाइनल जैसा – माइकल हसी

लखनऊ ।इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स से मिली हार के बाद चेन्नई सुपर किंग्स की प्लेऑफ की राह मुश्किल जरूर हो गई है, लेकिन टीम ने अभी उम्मीद नहीं छोड़ी है। चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी का कहना है कि अब टीम के लिए बचे हुए दोनों मुकाबले फाइनल जैसे हैं और खिलाड़ी इसी मानसिकता के साथ मैदान पर उतरेंगे। उनका मानना है कि आईपीएल का यही रोमांच इसे दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग बनाता है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को सात विकेट से हराकर उसके समीकरण बिगाड़ दिए। पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवर में 187 रन बनाए थे। टीम की ओर से कार्तिक शर्मा ने शानदार 71 रन की पारी खेली, जबकि शिवम दुबे और डेवाल्ड ब्रेविस ने भी उपयोगी योगदान दिया। इसके जवाब में लखनऊ ने मिचेल मार्श की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। मार्श ने सिर्फ 38 गेंदों में 90 रन ठोकते हुए मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। उनके अलावा जोश इंग्लिस और निकोलस पूरन ने भी तेज बल्लेबाजी की। इस हार के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के 12 मैचों में 12 अंक रह गए हैं। अब टीम को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अपने बाकी दोनों मुकाबले जीतने होंगे। इसके साथ ही उसे अन्य टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना पड़ेगा। माइकल हसी ने मैच के बाद कहा कि उन्होंने अंक तालिका का बहुत गहराई से अध्ययन नहीं किया है, लेकिन इतना साफ है कि शीर्ष चार स्थानों के लिए कई टीमें कड़ी टक्कर दे रही हैं। उन्होंने कहा कि टीम को फिलहाल सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान देना चाहिए। माइकल हसी ने कहा कि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में दबाव काफी बढ़ जाता है और इसी दौरान कई अप्रत्याशित परिणाम भी सामने आते हैं। उनके मुताबिक आईपीएल की यही सबसे बड़ी खासियत है कि आखिरी समय तक अधिकतर टीमें प्लेऑफ की दौड़ में बनी रहती हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी चेन्नई सुपर किंग्स के पास मौका है और खिलाड़ी पूरी मेहनत के साथ आगे बढ़ेंगे। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने आईपीएल की तारीफ करते हुए कहा कि यह दुनिया के सबसे बेहतरीन टूर्नामेंटों में से एक है।

# सुपरस्टार बनने के लिए प्रदर्शन जरूरी, गौतम गंभीर की सोच पर बोले राहुल द्रविड़

नई दिल्ली ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने टीम इंडिया में सुपरस्टार कल्चर को लेकर मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। द्रविड़ का मानना है कि कोई भी खिलाड़ी बिना प्रदर्शन के सुपरस्टार नहीं बन सकता और भारत जैसे क्रिकेट प्रेमी देश में पहचान हासिल करने के लिए लगातार अच्छा खेल दिखाना जरूरी होता है। दरअसल, टीम इंडिया के मुख्य कोच बनने के बाद गौतम गंभीर ने कहा था कि भारतीय टीम में व्यक्तिगत उपलब्धियों से ज्यादा टीम की जीत और ट्रॉफी को महत्व दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा था कि जब तक वह कोच हैं, तब तक टीम में सुपरस्टार संस्कृति को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। अब एक पॉडकास्ट में इस मुद्दे पर बात करते हुए राहुल द्रविड़ ने कहा कि हर खेल को अपने नायकों की जरूरत होती है। उनके अनुसार भारत में कोई भी खिलाड़ी सिर्फ लोकप्रियता के दम पर सुपरस्टार नहीं बनता, बल्कि उसके पीछे लगातार शानदार प्रदर्शन और टीम की सफलता में योगदान होता है। द्रविड़ ने कहा कि भारत जैसे देश में खिलाड़ियों पर काफी दबाव और निगरानी रहती है, इसलिए यहां स्टार खिलाड़ी बनने का मतलब है कि उस खिलाड़ी ने लंबे समय तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। पूर्व कप्तान ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम पिछले कई वर्षों से लगातार दुनिया की शीर्ष टीमों में शामिल रही है। उन्होंने बताया कि भले ही 2011 विश्व कप के बाद कुछ समय तक टीम ज्यादा आईसीसी ट्रॉफियां नहीं जीत सकी, लेकिन भारतीय टीम लगातार बड़े टूर्नामेंटों के सेमीफाइनल और फाइनल तक पहुंचती रही। उनके मुताबिक अब भारतीय क्रिकेट से लोगों की उम्मीदें काफी बढ़ चुकी हैं और हर मैच में टीम से जीत की अपेक्षा की जाती है। राहुल द्रविड़ ने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत और उपमहाद्वीप के फैंस ने विश्व क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। उनके अनुसार भारतीय दर्शकों का खेल के प्रति जुनून और समर्थन क्रिकेट की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है। द्रविड़ ने यह भी कहा कि मौजूदा भारतीय टीम की सफलता के पीछे वर्षों की मेहनत, बेहतर योजना, मजबूत ढांचा और संसाधनों का बड़ा योगदान है। उन्होंने माना कि भारतीय क्रिकेट ने पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह का विकास किया है, वह काफी सकारात्मक और प्रेरणादायक है।

# सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में उप-विजेता रहे, फाइनल में इंडोनेशिया से करना पड़ा हार का सामना

पटुमवान (थाईलैंड) (एजेंसी)। भारत की शीर्ष पुरुष जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी थाईलैंड ओपन में रनर-अप रहे, उन्हें इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन से 53 मिनट में 21-12, 25-23 से हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती गेम में सात्विक और चिराग को मोमेंटम पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, जिसमें इंडोनेशियाई जोड़ी ने 21-12 से जीत हासिल की।




भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में वापसी की, जोरदार वापसी की और गेम को आखिर तक खींचा, जहां लगातार पांच चैंपियनशिप पॉइंट बचाने के बाद, वे आखिरकार 25-23 से हार गए। 2026 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सीज़न के अपने पहले फाइनल में हिस्सा ले रहे टॉप सीडेड भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी, बिना सीड वाली इंडोनेशियाई जोड़ी से 53 मिनट में हार गए। लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन के खिलाफ सात्विक और चिराग की यह पांच आमने-सामने की मुलाकातों में पहली हार थी।

सात्विक-चिराग ने आखिरी बार दो साल पहले बीडब्ल्यूफ़ टाइटल जीता था। इत्तेफाक से, उनकी आखिरी जीत 2024 थाईलैंड ओपन में हुई थी। भारतीय जोड़ी ने 2019 में भी यह टूर्नामेंट जीता था। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले साल चाइना मास्टर्स और हांगकांग ओपन के फाइनल में भी पहुंचे थे, लेकिन खिताब नहीं जीत पाए थे। बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के फाइनल के शुरुआती गेम में, चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी 4-1 से पीछे हो गए और वापसी नहीं कर पाए।

दूसरा गेम काफी करीबी मुकाबला था। शुरुआत में 5-2 से पीछे रहने के बाद, सात्विक और चिराग ने वापसी करते हुए बराबरी कर ली और चार मैच पॉइंट बचाए। हालांकि, इंडोनेशियाई जोड़ी ने अपने पांचवें मैच पॉइंट का फायदा उठाकर उन्हें हरा दिया। सेमीफाइनल में, सात्विक और चिराग ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए तीसरी सीडेड मलेशियाई जोड़ी को 19-21, 22-20, 21-16 से हराया और उससे पहले क्वार्टर फाइनल में जापान के ताकुमी नोमुरा और युइची शिमोगामी को 21-12, 21-13 से हराया।

लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु की हार के साथ सिंगल्स इवेंट्स में भारत की चुनौती क्वार्टर फाइनल में खत्म हो गई। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अगले हफ्ते मलेशिया मास्टर्स बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में खेलते हुए दिखाई देंगे।

# आईपीएल में 'चिट सेलिब्रेशन' का नया ट्रेंड, खिलाड़ियों की अनोखी जश्न शैली ने खींचा ध्यान

नई दिल्ली ।इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में इन दिनों खिलाड़ियों के बीच एक नया और अनोखा जश्न मनाने का तरीका तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, जिसे फैंस 'चिट सेलिब्रेशन' के नाम से जान रहे हैं। इस ट्रेंड में खिलाड़ी अर्धशतक, शतक या विकेट लेने के बाद अपनी जेब से एक छोटी पर्ची निकालते हैं और उसे कैमरों की ओर दिखाते हैं। शुरुआत में दर्शक इस संदेश को नहीं पढ़ पाते, लेकिन बाद में कैमरा क्लोजअप और सोशल मीडिया के जरिए इन चिट्स में लिखे संदेश वायरल हो जाते हैं। इस अनोखे अंदाज ने मैदान पर रोमांच के साथ-साथ नई चर्चा भी पैदा कर दी है। 15 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले गए मुकाबले में भी यह ट्रेंड देखने को मिला। लखनऊ के गेंदबाज आकाश सिंह ने चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को आउट करने के बाद पहली बार इस तरह का इशारा किया। इसके बाद उन्होंने संजू सैमसन और उर्विल पटेल को भी आउट करने के बाद पर्ची निकालकर जश्न मनाया। इससे पहले भी इसी तरह के सेलिब्रेशन में उर्विल पटेल और मुंबई इंडियंस के रघु शर्मा का नाम सामने आ चुका है। मैच के बाद क्रिकेट विशेषज्ञों के बीच इस



नए ट्रेंड को लेकर अलग-अलग राय देखने को मिली। कुछ लोगों का मानना है कि यह खिलाड़ियों की भावनाओं और आत्मविश्वास को व्यक्त करने का एक नया तरीका है, जबकि कुछ इसे सिर्फ मनोरंजन का हिस्सा मान रहे हैं। लेकिन पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायडू ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने खासतौर पर आकाश सिंह के सेलिब्रेशन की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह की चीजों को आईपीएल में जगह नहीं मिलनी चाहिए। आकाश सिंह की पर्ची पर लिखा संदेश भी चर्चा में रहा, जिसमें उनकी गेंदबाजी की तारीफ करते हुए आत्मविश्वास झलक रहा था। अंबाती रायडू ने एक स्पोर्ट्स शो में कहा कि यह तरीका भले ही कुछ लोगों को मजेदार लगे, लेकिन यह खेल की गंभीरता को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने यहां तक कहा कि इस तरह की पर्चियों पर प्रतिबंध लगना चाहिए, क्योंकि क्रिकेट एक प्रोफेशनल खेल है और इसमें इस तरह के 'स्टंट' की जरूरत नहीं है। हालांकि, कुछ युवा खिलाड़ी इस ट्रेंड को आधुनिक क्रिकेट का हिस्सा मानते हैं और इसे अपनी व्यक्तिगत अभिव्यक्ति का माध्यम बताते हैं। सोशल मीडिया पर भी इस नए सेलिब्रेशन को लेकर लगातार बहस जारी है, जिससे साफ है कि यह ट्रेंड आने वाले समय में और ज्यादा चर्चा में रहने वाला है।

# 18 करोड़ में पाथिराना को खरीदकर पछ्ता रही होगी केकेआर

कोलकाता ।आईपीएल के इस सत्र में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के सबसे महंगे खिलाड़ी श्रीलंकाई पेसर मथीसा पाथिराना टीम के लिए घाटे का सौदा साबित हुए हैं। टीम ने काफी उम्मीदों के साथ इस तेज गेंदबाज को 18 करोड़ रुपये में खरीदा था पर उसे इसका लाभ नहीं मिला। ये तेज गेंदबाज फिट नहीं होने के कारण शुरुआती मैचों से से भी बाहर रहा था। लंबे इंतजार के बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ गत दिवस हुए मैच में फिट होने के कारण केकेआर ने उसे उतारा पर फायदा कुछ नहीं हुआ। पाथिराना इस मैच में 1.2 ओवर के बाद ही हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण फिर चोटिल हो गये। ये केकेआर के लिए दोहरी झटका रहा क्योंकि टीम लंबे समय से पाथिराना की फिटनेस का इंतजार कर रही थी। जब आखिरकार वह फिट हुए और खेलने के लिए तैयार दिखे, तो अपने पहले ही मैच में उन्हें फिर से चोटिल होकर बाहर बैठना पड़ा। इससे सोशल मीडिया पर पाथिराना और केकेआर दोनों पर ही प्रशंसकों ने सवाल उठाये हैं। प्रशंसकों ने टीम के खराब प्रबंधन और खिलाड़ी की फिटनेस पर सवाल उठाये हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स के रिलीज करने के बाद पाथिराना को इस सत्र के लिए केकेआर ने 18 करोड़ रुपए में खरीदा था। केकेआर को श्रीलंका के इस युवा तेज गेंदबाज से काफी उम्मीदें थीं, खासकर उसकी धारदार यॉर्कर और डेथ ओवरों की गेंदबाजी को लेकर पर उनके चोटिल होने से सभी पर पानी फिर गया। मैच में मुश्किल क्षणों में टीम ने उन्हें उतारा था पर लाभ नहीं हुआ।

# मैच फिक्सिंग के दौर में ऐसे संभाली थी टीम इंडिया, सौरव गांगुली ने सुनाया मुश्किल दिनों का किस्सा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट के इतिहास में साल 2000 को सबसे चुनौतीपूर्ण दौरों में गिना जाता है। उस समय क्रिकेट की दुनिया मैच फिक्सिंग के गंभीर आरोपों से घिरी हुई थी और खेल की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे थे। प्रशंसकों का भरोसा टूट चुका था और भारतीय क्रिकेट मुश्किल दौर से गुजर रहा था। ऐसे समय में टीम इंडिया की कमान सौरव गांगुली के हाथों में आई। हाल ही में एक पॉडकास्ट में गांगुली ने उस दौर की यादें साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने टीम को संभाला और भारतीय क्रिकेट को फिर से नई दिशा देने का प्रयास किया। सौरव गांगुली ने बताया कि जब उन्हें कप्तानी सौंपी गई, तब उनकी उम्र केवल 27 साल थी। देशभर में मैच फिक्सिंग को लेकर हंगामा मचा हुआ था, लेकिन उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि यह सब किस तरह होता है। उन्होंने खुलासा किया कि उस समय वह अपने सीनियर खिलाड़ियों से अक्सर पूछा करते थे कि क्या वास्तव में किसी खिलाड़ी को फिक्सिंग के लिए संपर्क किया जाता है।

गांगुली ने बताया कि उन्होंने सीधे सचिन तेंदुलकर से पूछा था कि क्या कभी किसी ने उन्हें इस तरह के काम के लिए संपर्क किया है। सचिन का जवाब साफ तौर पर ÷नहीं÷ था। इसके बाद उन्होंने अनिल कुंबले और राहुल द्रविड़ से भी यही सवाल किया और सभी ने ऐसी किसी घटना से इनकार किया। गांगुली ने कहा कि यह उनके लिए राहत की बात थी कि टीम के मुख्य खिलाड़ी इन विवादों से पूरी तरह दूर थे। उन्होंने यह भी बताया कि कप्तानी संभालना उनके लिए आसान नहीं था, क्योंकि टीम में ऐसे दिग्गज खिलाड़ी मौजूद थे जिनकी कप्तानी में वह खुद खेल चुके थे। मोहम्मद अजहरुद्दीन और सचिन तेंदुलकर जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों के सामने पहली टीम मीटिंग लेने से पहले वह काफी घबराए हुए थे। उन्होंने अपनी पत्नी डोना से भी इस चिंता का जिक्र किया था कि वह इतने बड़े खिलाड़ियों को कैसे निर्देश देंगे।

गांगुली ने बताया कि कोच्चि में अपने पहले मैच से पहले उन्होंने टीम मीटिंग को केवल 15 मिनट में खत्म कर दिया ताकि माहौल सहज बना रहे। उनकी कप्तानी का असर जल्द ही मैदान पर दिखने लगा। भारत ने पहला मैच जीता और अगले मुकाबले में गांगुली ने खुद शतक जड़ा। यहीं से भारतीय क्रिकेट में ÷दादा युग÷ की शुरुआत मानी जाती है। गांगुली ने अपनी कप्तानी के दौरान कई युवा खिलाड़ियों को मौका दिया, जिनमें युवराज सिंह, मोहम्मद कैफ, हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग जैसे नाम शामिल रहे। उनके नेतृत्व में भारतीय टीम ने विदेशों में जीत दर्ज करना सीखा और 2003 विश्व कप फाइनल तक का सफर तय किया। क्रिकेट विशेषज्ञ मानते हैं कि गांगुली ने उस दौर में भारतीय क्रिकेट को नई पहचान और आत्मविश्वास दिया।



# केकेआर को प्लेऑफ के लिए बड़े अंतर से जीतने होंगे बचे हुए मैच

कोलकाकता ।आईपीएल के 19 वें सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। शुरुआती मैचों में लगातार हार के बाद टीम ने बाद के 6 में से पांच मैचों में जीत के साथ वापसी की है। उसके एक मैच का परिणाम नहीं निकला। अब उसके 11 अंक है और अगर वह अगले दो मैचों को बड़े अंतर से लगातार जीत हासिल करती तो उसके 15 अंक हो जाएंगे, ऐसे में उसके प्लेऑफ की संभावननाएं बनी रहेंगी पर इसके लिए उसे अन्य मैचों के परिणामों के भी उसके अनुसार आने की उम्मीद करनी होगी। केकेआर का अगला मैच मुंबई इंडियंस के खिलाफ 20 मई को है, इसके बाद उसे दिल्ली कैपिटल्स से 24 मई को खेलना है। अभी केकेआर के अलावा गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स, राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स प्लेऑफ की की दौड़ में हैं। दिल्ली की संभावनाएं तकरीबन समाप्त हो गयी हैं।

## एक नजर

### होशियारपुर में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन लिखा हॉट बैलून मिला

**चंडीगढ़ :** पंजाब के होशियारपुर में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दसूहा सडक पर स्थित गांव सतौर के बाहरी क्षेत्र में खेतों में एक छोटी हवाई जहाज जैसी दिखने वाली संदिग्ध वस्तु पड़ी मिली। इस पर पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन लिखा हुआ था। दूर से देखने पर यह वस्तु एक ड्रोन जैसी लग रही थी। खेतों की ओर जा रहे कुछ ग्रामीणों ने इस वस्तु को देखा और तुरंत गांव की सरपंच कुलदीप कौर और समिति सदस्य परमजीत सिंह को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस के अनुसार वह वस्तु असल में एक हॉट एयर बैलून थी, जिसका आकार हवाई जहाज जैसा था और उस पर पीआईए लिखा हुआ था। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह बैलून कहां से आया और क्या इस इलाके में कोई सामग्री गिराई गई है। आसपास के खेतों और नजदीकी इलाकों में तलाशी अभियान भी चलाया, लेकिन कहीं से कुछ नहीं मिला।

### रिंद नदी में स्नान करते छह युवक डूबे, चार की मौत

**फतेहपुर :** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में रविवार को रिन्द नदी में स्नान करते छह युवक डूब गए। इनमें से दो युवकों को स्थानीय गोताखोरों की मदद से बचा लिया गया है, लेकिन चार युवकों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
ग्रामीणों ने बताया कि ललौली थाना क्षेत्र के कुनुहा का डेरा गांव के समीप आज दोपहर बाद रिंद नदी में नौ युवक स्नान करने पहुंचे थे। नदी मेंनहाने के दौरान पानी के तेज बहाव के चलते छह युवक गहरे पानी में चले गए और डूब गए। मौके पर मौजूद लोगों और गोताखोरों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। गोताखोरों ने दो युवक को सुरक्षित बचा लिया, लेकिन चार युवकों को अचेत अवस्था में निकाला गया। पुलिस ने तुरंत ही चारों युवकों को जीवित होने की उम्मीद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिन्दकी लेकर पहुंची, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान हसीब (22) पुत्र फरीद खान, शान मोहम्मद (20) पुत्र नफीस, साहिल (20) पुत्र सन्ने और अंश कुमार (20) पुत्र धर्मेंद्र उर्फ गोरे निवासी ग्राम तपनी थाना ललौली के रूप में हुई है। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नितिन और मोनू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। युवकों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## गौतम अडाणी ने सारण में 150 करोड़ रुपये की नेत्र स्वास्थ्य परियोजना की रखी आधारशिला, कहा

# किसी की आंखों की रोशनी लौटाना सबसे बड़ा पुण्य

एजेंसी

**पटना :** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने रविवार को बिहार में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 150 करोड़ रुपये की बड़ी नेत्र स्वास्थ्य सेवा परियोजना की नींव रखी। 'सेवा ही साधना है' के मूलमंत्र से प्रेरित इस पहल का उद्देश्य गांवों और दूरदराज इलाकों में सस्ती एवं बेहतर आंखों की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। बिहार के सारण जिले के मस्तीचक में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान गौतम अडाणी ने देशभर में नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से जुड़े एक बड़े मिशन की भी घोषणा की। इस परियोजना के तहत हर वर्ष लगभग 3.3 लाख आंखों की सर्जरी की जा सकेगी, जबकि करीब 1,000 स्वास्थ्य पेशेवर को नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल दुनिया के सबसे बड़े ग्रामीण नेत्र चिकित्सा नेटवर्कों में शामिल हो सकती है।







इस अवसर पर गौतम अडाणी ने कहा कि बिहार की पवित्र धरती मस्तीचक आकर उन्हें गर्व, आत्मीयता और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव हुआ। उन्होंने गायत्री परिवार, अखंड ज्योति परिवार और मृत्युंजय तिवारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति की आंखों की रोशनी लौटाना केवल चिकित्सा नहीं, बल्कि उसके जीवन में उम्मीद, आत्मविश्वास और सम्मान वापस लौटाने जैसा पुण्य कार्य है।
गौतम अडाणी ने कहा कि सेवा ही साधना है उनके लिए सिर्फ नारा नहीं, बल्कि करुणा को कर्म में बदलने की प्रेरणा है। बिहार सदैव देश को नई चेतना देने वाली भूमि रही है और यह पहल उसी सेवा भावना को आगे बढ़ाने का प्रयास है।
उन्होंने कहा कि अडाणी फाउंडेशन द्वारा अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल को 150 करोड़ रुपये की सहायता दी जाएगी। इस राशि से मस्तीचक में 'अडाणी सेंटर फॉर आई' और अडाणी ट्रेनिंग इन ऑप्थैल्मिक मेडिसिन की स्थापना की जाएगी।
कार्यक्रम के दौरान 10 एंबुलेंस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, ताकि बिहार और आसपास के दूरदराज गांवों तक नेत्र चिकित्सा सेवाएं पहुंचाई जा सकें। गौतम अडाणी ने इस परियोजना के दीर्घकालिक संचालन के लिए अतिरिक्त सहयोग देने की भी घोषणा की।
मस्तीचक में हुए भूमि पूजन कार्यक्रम में गौतम अडाणी के साथ अडाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. प्रीति अडाणी और अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृत्युंजय तिवारी उपस्थित रहे। मृत्युंजय तिवारी ने कहा, " मैं गौतम अदाणी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल पर विश्वास जताते हुए इस परिवर्तनकारी यात्रा में हमें सहभागी बनाया। यह साझेदारी केवल भवनों और संरचनाओं के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत के अंतिम पंक्ति में खड़े वंचित एवं उपेक्षित लोगों के जीवन में दृष्टि, सम्मान अवसर और आशा का संचार करने का एक साझा संकल्प है। हमें विश्वास है कि यह सहयोग आने वाले वर्षों में करोड़ों जीवनों पर दूरगामी प्रभाव उत्पन्न करेगा।
इसके साथ ही अडाणी फाउंडेशन और अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल ने पीरपैंती में 200 बिस्तरों वाले अस्पताल की स्थापना की घोषणा भी की। यह अस्पताल बिहार के बड़े हिस्से तक सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में मदद करेगा। उल्लेखनीय है कि पीरपैंती में अडाणी समूह 2400 मेगावॉट का अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट भी स्थापित कर रहा है।
देशभर में नेत्र चिकित्सा विस्तार के लिए 500 करोड़ की प्रतिबद्धता
गौतम अडाणी ने देशभर के वंचित समुदायों तक सस्ती नेत्र चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने के लिए 500 करोड़ रुपये की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता भी जताई।
'अडाणी अखंड ज्योति फाउंडेशन' बिहार के बाहर भी दूरदराज क्षेत्रों में आंखों के इलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। इन सभी परियोजनाओं के लिए कुल निवेश 700 करोड़ रुपये से अधिक होगा। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2022 में अपने 60वें जन्मदिन पर उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास के लिए 60,000 करोड़ रुपये देने की घोषणा की थी।
इसके अलावा पिछले वर्ष अपने पुत्र जीत अडाणी के विवाह अवसर पर 10,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सामाजिक प्रतिबद्धता की घोषणा भी की गई थी।

# केंद्रीय गृहमंत्री आज करेंगे छग के नेतानार सीआरपीएफ कैंप में पहले 'सेवा डेरा' का लोकार्पण

एजेंसी

**जगदलपुर :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 18 मई को छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के नेतानार के सीआरपीएफ कैंप में पहले "सेवा डेरा" का लोकार्पण करेंगे। वे नेतानार से देश को नए बस्तर का संदेश देते दिखेंगे, जिसे कभी नक्सल हिंसा से पहचाना जाता रहा है। इस बस्तर में अब विकास, विश्वास और बदलाव को प्रर्दशित किया जाएगा। इसी बदलते बस्तर को देश के सामने प्रस्तुत करने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर प्रवास पर आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित इलाकों में नक्सलियों के खात्मे के लिए सुरक्षा बलों के स्थापित 400 सुरक्षा एवं सुविधा कैंपों की अहम भूमिका रही है। अब जबकि बस्तर में नक्स्लवाद के समाप्ति के साथ शांति बहाली की घोषणा हो चुकी है, तो यही कैंप "सेवा डेरा" के रूप में काम करेंगे। नक्सलवाद के खात्मे के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का यह पहला बस्तर प्रवास है, जिसे सरकार और भाजपा दोनों ही ऐतिहासिक रूप देने में जुटे हुए हैं। नेतानार में बनाये जा रहे पहले सेवा केंद्र शहीद गुंडाधुर के नाम से जुड़ा है। यहां के सेवा डेरा को सरकार बस्तर में विकास, जनसेवा और आत्मनिर्भरता के नए मॉडल के रूप में प्रस्तुत करेगी। "सेवा डेरा" का मॉडल अमित शाह का ही बताया जा रहा है। उन्होंने नक्सलवाद के खात्मे की लड़ाई के बीच ही कहा था कि हम कैंपों से अभी सुरक्षा बहाल कर रहे, आगे यहीं से बदलाव की बयार दिखेगी। उनके सेवा डेरा में सेवा सेतु केंद्र, बैंक सखी केंद्र और महिला स्व सहायता समूहों की गतिविधियों के जरिए ग्रामीणों को योजनाओं से सीधे जोडने की पहल की जाएगी। केंद्रीय गृहमंत्री शाह 18 तारीख को नेतानार में गुंडाधुर की प्रतिमा स्थल भी जाएंगे और उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित करेंगे। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बलिदान गुंडाधुर की प्रतिमा स्थल का निरीक्षण किया और साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, रंग-रोगन एवं सजावट को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।





# मुंबई-अहमदाबाद बुलेट रेलः मुंबई सुरंग में टीबीएम का पहला कटरहेड सफलतापूर्वक स्थापित

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट रेल परियोजना के तहत शनिवार को महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि हासिल करते हुए टनल बोरिंग मशीन के पहले कटरहेड को मुंबई के विक्रोली शाफ्ट में उतारा गया है। 13.6 मीटर व्यास और लगभग 350 टन वजन वाला यह कटरहेड टीबीएम के मुख्य सुरक्षा कवच की प्राथमिक संयोजन प्रक्रिया का अंतिम चरण माना जा रहा है। राष्ट्रीय उच्च गति रेल निगम लिमिटेड के अनुसार, 21 किलोमीटर लंबे मुंबई सुरंग खंड में से 16 किलोमीटर हिस्से के निर्माण के लिए दो टीबीएम मशीनों को संयोजित किया जा रहा है। इसमें ठाणे क्रीक के नीचे बनने वाली सात किलोमीटर लंबी सुरंग भी शामिल है, जिसे देश की पहली समुद्र के नीचे रेल सुरंग माना जा रहा है। प्रत्येक टीबीएम का वजन 3,000 टन से अधिक है और ये देश में रेल सुरंग निर्माण में अब तक इस्तेमाल की गई सबसे बड़ी मशीनें हैं। एनएचएसआरसीएल ने बताया कि 13.6 मीटर व्यास वाला यह कटरहेड इतनी बड़ी सुरंग की खुदाई करने में सक्षम है, जिसमें उच्च गति रेल गलियारे की अप और डाउन दोनों लाइनें एक ही सुरंग में संचालित होंगी। इसका 350 टन वजन लगभग 250 मध्यम आकार की एसयूवी कारों के बराबर है। कंपनी के अनुसार, इस कटरहेड को पांच अलग-अलग खेपों में निर्माण स्थल तक पहुंचाया गया था। बाद में 1,600 किलोग्राम उच्च-परिशुद्धता वेल्डिंग के माध्यम से इन्हें जोड़ा गया। इस इकाई में 84 कटर डिस्क, 124 स्क्रेपर तथा 16 बकेट लिप लगाए गए हैं, जो खुदाई और मलबा हटाने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाते हैं। एनएचएसआरसीएल ने बताया कि कटर डिस्क चट्टानों को काटने का मुख्य कार्य करती हैं, जबकि स्क्रेपर मलबे को हटाकर सफाई सुनिश्चित करते हैं। बकेट लिप मलबे को मशीन के मलबा कक्ष तक पहुंचाने में सहायता करते हैं, जहां से पाइपलाइन प्रणाली के जरिए उसे सुरंग से बाहर निकाला जाता है।

# टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी गुजरात देश का नेतृत्व करेगा : अमित शाह

एजेंसी

**अहमदाबाद :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में मिलियन माइंड्स टेक पार्क तथा गणेश रियल एस्टेट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट का लोकार्पण करते हुए कहा कि जिस प्रकार गुजरात ने आजादी के समय से देश को दिशा दी है, उसी प्रकार अब तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में भी गुजरात पूरे देश का नेतृत्व करेगा। अमित शाह ने कहा कि गुजरातियों के स्वभाव में विकास और प्रगति रची-बसी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात अब केवल उत्पादन आधारित राज्य नहीं रहेगा, बल्कि सेवा, ज्ञान और आधुनिक तकनीक आधारित अर्थव्यवस्था का वैश्विक केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि आज लोकार्पित किए गए दोनों प्रकल्प राज्य के युवाओं को नए अवसर प्रदान करेंगे और गुजरात को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि यह तकनीकी नगर अहमदाबाद-गांधीनगर उच्च विकास पट्टी में लगभग 65 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है, जहां उच्च स्तरीय कार्यालय, आवासीय सुविधाएं, व्यापारिक परिसर तथा आतिथ्य सेवाओं से जुड़ी व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। इस परियोजना के माध्यम से 70 हजार से अधिक युवाओं को उच्च कौशल आधारित रोजगार मिलने की संभावना है।

# विशाल भारद्वाज और शौनक सेन करेंगे को-प्रोडक्शन फिल्म फंड में मेंटरशिप

एजेंसी

**मुंबई :** एक उभरते फिल्मकार को, जिसके पास बताने के लिए एक कहानी है, लेकिन उसे मंच नहीं मिल रहा, उसे आखिर किन चीजों की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। एक मजबूत स्क्रिप्ट के अलावा उसे चाहिए आर्थिक सहयोग, प्रोडक्शन विशेषज्ञता और इंडस्ट्री तक पहुंच। इसी कमी को दूर करने के उद्देश्य से ह्यूमन्स ऑफ सिनेमा और सफरनामा पिक्चर्स ने 40 लाख रुपए के एक महत्वपूर्ण फीचर फिल्म को-प्रोडक्शन फंड की शुरूआत की है, जिसका उससेशय एक ऐसे उभरते फिल्मकार को समर्थन देना है, जिसकी आवाज और दृष्टि अलग और स्पष्ट हो। स्वतंत्र सिनेमा को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए, अकादमी पुरस्कार-नामांकित फिल्मकार शौनक सेन और विश्वप्रसिद्ध निर्देशक विशाल भारद्वाज इस पहल से मेंटर के रूप में जुड़े हैं। सेन चयनित प्रोजेक्ट में एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर की भूमिका भी निभाएँगे। इस फंड की हाई-प्रोफाइल ज्यूरी में अभिनेता इमरान खान, फिल्मकार आरती कदव, निमार्ता अमन मान और प्रसिद्ध लेखक एवं फेस्टिवल डायरेक्टर असीम छाबड़ा शामिल हैं। ह्यूमन्स ऑफ सिनेमा के संस्थापक हर्षित बंसल ने बताया कि इस पहल का विचार तब आकार में आया जब सफरनामा पिक्चर्स के नाज़िम मोमिन, जो अमेरिका में इंजीनियर और निमार्ता हैं, ने इंस्टाग्राम के जरिए उनसे संपर्क किया। दोनों का साझा उद्देश्य भारतीय स्वतंत्र सिनेमा को समर्थन देना था। साथ मिलकर वे ऐसी फिल्म को समर्थन देना चाहते हैं, जो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स के लिए उपयुक्त होने के साथ-साथ स्थानीय दर्शकों को भी आकर्षित करे। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए मेंटर विशाल भारद्वाज ने कहा, "स्वतंत्र सिनेमा इसलिए जीवित है, क्योंकि कुछ लोग दुनिया के पहचानने से पहले ही नई आवाजों पर विश्वास करना चुनते हैं। मुझे खुशी है कि मैं ऐसी पहल का समर्थन कर रहा हूँ, जो भारत के अगली पीढ़ी के निडर फिल्मकारों को खोजने और उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### भगवान रुद्रनाथ की देव डोली हिमालय के लिए हुई रवाना, आज खुलेंगे कपाट



**देहरादून :** चमोली जनपद में स्थित पंच केदारों में चतुर्थ केदार भगवान रुद्रनाथ की चल विग्रह डोली रविवार को अपने शीतकालीन गद्दी स्थल गोपीनाथ मंदिर, गोपेश्वर से मध्य हिमालय स्थित रुद्रनाथ मंदिर के लिए रवाना हो गई। मंदिर के मुख्य पुजारी हरीश भट्ट ने बताया कि रुद्रनाथ मंदिर के कपाट सोमवार 18 मई को मध्याह्न में परंपरानुसार एवं वैदिक विधि-विधान के साथ ग्रीष्मकाल के लिए खोले जाएंगे। कपाट खुलने के बाद श्रद्धालु भगवान रुद्रनाथ के एकानन स्वरूप के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर सकेंगे। आज कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत गोपीनाथ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। पूजा के बाद भगवान रुद्रनाथ की देव डोली जयकारों, पुष्प वर्षा और सेना के बैंड की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालुओं के साथ मंदिर के लिए प्रस्थान कर गई। इस अवसर पर चमोली के प्रभारी मंत्री भरत सिंह चौधरी, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, थराली विधायक भूपाल राम, राज्यमंत्री हरक सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, नगरपालिका अध्यक्ष संदीप रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल बर्तवाल, महामंत्री अरुण मैठाणी, विनोद कनवासी, मंदिर समिति अध्यक्ष मनोज भट्ट, जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार सहित बड़ी संख्या ओं श्रद्धालु उपस्थित थे।

### तेलंगाना के यादाद्री थर्मल पावर स्टेशन में भीषण आग, मुख्य उपकरण क्षतिग्रस्त



**हैदराबाद :** राज्य के नलगोंडा स्थित यादाद्री अल्ट्रा मेगा थर्मल पावर स्टेशन में भीषण आग लग गई। इसमें अभी तक किसी जानहानि की सूचना नहीं है। कर्मचारियों की सतर्कता से आग पर काबू पा लिया गया है। तेलंगाना पावर जेनेरेशन कार्पोरेशन ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। बताया गया कि रविवार को याददी अल्ट्रा मेगा थर्मल पावर स्टेशन के संयंत्र में यूनिट 3 के स्थान पर टरबाइन-चालित बॉयलर फीड पंप के पास आग भड़की थी। आग लगते ही संयंत्र में काम कर रहे कर्मचारी और अधिकारी अपनी जान बचाने के लिए वहां से भाग निकले। हालांकि, संयंत्र के कर्मचारियों की सतर्कता से आग पर काबू पा लेने के कारण टरबाइन और बॉयलर सहित मुख्य उपकरण आग की चपेट में आने से बच गए। प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि पंप में लुब्रिकेशन ऑयल के रिसाव के कारण आग लगी थी। तेल रिसाव के कारण संयंत्र क्षेत्र में घना धुआं फैल गया। जिससे कुछ मुख्य उपकरण व्यापक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने दावा किया कि इस घटना में कोई जनहानि या कोई घायल नहीं हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आग में कंट्रोल केबल और वाल्व समेत कुछ मुख्य उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए हैं। तेलंगाना पावर जेनेरेशन कार्पोरेशन के अधिकारी घटना के कारणों और हुए नुकसान का पता लगाने के लिए मौके पर पहुंच गए हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि घटना की आंतरिक जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं।

### ट्रक और कार की भिड़ंत में चार की मौत एक घायल

**हमीरपुर :** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मौदहा कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव के निकट रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत से आम लोग खफा हो गये हैं। हादसा इतना वीभत्स था कि कार के परखच्चे उड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की गति करीब 90 से 100 किमी प्रति घंटा थी। टक्कर के बाद कार के एयरबैग भी खुल गए, लेकिन गति इतनी तेज थी कि वे भी सवारियों की जान नहीं बचा सके। हादसे की सूचना पाते ही परिजन मौके पर पहुंचे और अपनों के शव देख बिलख-बिलख कर रो पड़े। उधर हादसे में घायल एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि कार में सवार सभी लोग कानपुर और लखनऊ के रहने वाले थे। मृतकों में कानपुर के नवाबगंज निवासी 55 वर्षीय नरेन्द्र कुमार, कानपुर निवासी 57 वर्षीय राजकपूर, सिग्नेचर सिटी चौराहा नवाबगंज की 54 वर्षीय मीना पत्नी रमेशचंद्र दुबे शामिल हैं। इसके अलावा, कार चला रहे लखनऊ निवासी 25 वर्षीय युवक आयुष चौहान की भी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई 52 वर्षीय रेखा पत्नी नरेन्द्र कुमार को जिला अस्पताल से कानपुर भेजा गया है। इस दर्दनाक हादसे के बाद मौदहा और आसपास के क्षेत्रों में गहरा शोक छा गया है, वहीं स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा भी फूट पड़ा है। लोगों का कहना है कि बिना डिवाइडर वाले इस हाईवे पर आए दिन भीषण हादसे होते रहते हैं और इसे अब खूनी हाईवे कहा जाने लगा है।

## भारत-नेपाल सीमा पर आम जनता को बड़ी राहत

# सर्वोच्च न्यायालय ने 100 रुपये वाले कर नियम पर लगाई अंतरिम रोक

एजेंसी

**काठमांडू :** भारत से नेपाल आने वाले नागरिकों और छोटे व्यापारियों के लिए एक बहुत बड़ी और राहत भरी खबर है। नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय ने भारत से लाए जाने वाले सामानों पर लगने वाले 100 नेपाली रुपये के विवादित सीमा शुल्क (टैक्स) नियम पर अगले आदेश तक अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायालय के इस निर्णय से सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले सर्वसाधारण ने राहत की सांस ली है।
न्यायालय के न्यायाधीश हरि प्रसाद फुयाल और टेक प्रसाद ढुंगाना की संयुक्त पीठ ने इस रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए देश के प्रधानमंत्री कार्यालय, मंत्रिपरिषद, वित्त मंत्रालय और अन्य संबंधित अधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया है कि वे इस नियम को तत्काल प्रभाव से स्थगित रखें।
सर्वोच्च न्यायालय के इस हस्तक्षेप के बाद अब भारत-नेपाल सीमा पर होने वाली इस प्रकार की दमनकारी जांच और कर वसूली पर पूरी तरह से रोक लग गई है, जिससे दोनों देशों के सीमावर्ती संबंधों में भी सहजता लौटने की उम्मीद है।



### सीमा पर चरम पर थी परेशानी

इस नियम को कठोरता से लागू करने के लिए नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ), राजस्व जांच विभाग और स्थानीय प्रशासन ने सीमा मुख्य चौकियों पर चौकसी अत्यधिक बढ़ा दी थी। इसके कारण तराई-मधेस के सीमावर्ती जिलों में दैनिक जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया था।
**लंबी कतारें :** साप्ताहिक हाट-बाजारों से दैनिक उपयोग का सामान लेकर लौट रहे आम लोगों को कड़कती धूप में लंबी पंक्तियों में खड़ा होना पड़ रहा था।
**पोटलियों की तलाशी :** सुरक्षा बल लोगों के छोटे-छोटे थैलों और कपड़ों की पोटलियों को खोलकर उनकी सघन जांच कर रहे थे।
**प्रपत्र भरने की बाध्यता :** मात्र 100 रुपये से अधिक मूल्य के सामान के लिए भी लोगों से प्रपत्र (फॉर्म) भरवाया जा रहा था, जिससे आम जनता और छोटे फुटकर दुकानदार बेहद त्रस्त थे।

### क्या था विवादित नियम?

नेपाल सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा हाल ही में बनाए गए एक नियम के अनुसार, यदि कोई नेपाली नागरिक भारत से अपने निजी या घरेलू उपयोग के लिए भी कोई सामान लाता है और उसकी कुल कीमत 100 नेपाली रुपये (भारतीय मुद्रा में लगभग 62 रुपये) से अधिक होती है, तो उस पर सीमा शुल्क देना अनिवार्य कर दिया गया था। इस नियम के विरुद्ध न्यायालय में एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें कहा गया था कि इतनी न्यूनतम राशि पर कर लगाना सीमा शुल्क अधिनियम के नियमों और उसमें मिलने वाली वैधानिक छूटों के सर्वथा विपरीत है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंनस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**